हिन्दी दैनिक
तीसरा विकल्प न्यूज़
(लखनऊ से प्रकाशित)
वर्षः- 02, अंकः-243, पृष्ठः-08, मूल्यः- 2 रु.
लखनऊ, रविवार 16 फरवरी 2025

आईटीएम ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में परंपरा-2025 का भव्य...02

बैलगाड़ी की तरह घिसट रहा है अपार आईडी बनाने व संषोधन...06

इस हफ्ते सोना-चांदी में रही तेजी

न्यू इंडिया को-ऑपरेटिव बैंक के पूर्व मैनेजर गिरफ्तार

BSNL

17 साल बाद मुनाफे में आई बीएसएनएल

संक्षिप्त समाचार

राजग के मुख्य सहयोगी वक्फ संशोधन विधेयक पर सहमत: किरेन रिजिजू

श्रीनगर, एजेंसी। संसदीय कार्य मंत्री एवं अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने शनिवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के दो प्रमुख सहयोगी, बिहार के मुख्यमंत्री एवं जनता दल (यूनाइटेड) के प्रमुख नीतीश कुमार और आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के प्रमुख एन चंद्रबाबू नायडू, वक्फ (संशोधन) विधेयक पर सहमत हैं। वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2024 पर संसद की संयुक्त समिति (जेपीसी) की रिपोर्ट विपक्ष के हंगामे के बीच 13 फरवरी को संसद में पेश की गई। श्री रिजिजू ने कहा कि वक्फ (संशोधन) विधेयक पर फर्जी कहानी फैलाई जा रही है।

धनखड़ बोले- सीबीआई डायरेक्टर के चयन में सीजेआई क्यों

भोपाल, एजेंसी। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि सीबीआई डायरेक्टर या अन्य बड़े अधिकारियों (चीफ इलेक्शन कमिश्नर) के सिलेक्शन पैनल में चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया कैसे हिस्सा ले सकते हैं। न्यायिक सक्रियता और अतिक्रमण के बीच की रेखा पतली है, लेकिन लोकतंत्र पर इसका प्रभाव मोटा है। धनखड़ ने आगे कहा- यह बात हैरान करती है कि हमारे जैसे देश या किसी भी लोकतंत्र में, भारत के मुख्य न्यायाधीश सीबीआई डायरेक्टर के चयन में कैसे भाग ले सकते हैं। क्या इसके लिए कोई कानूनी तर्क हो सकता है? उपराष्ट्रपति ने शुक्रवार को भोपाल में नेशनल ज्यूडिशियल एकेडमी में एक सभा को संबोधित करते हुए ये बातें कहीं। सीबीआई डायरेक्टर की नियुक्ति दिल्ली स्पेशल पुलिस एस्टेब्लिशमेंट एक्ट, 1946 के आर्टिकल 4ए के तहत की जाती है। डायरेक्टर का सलेक्शन तीन सदस्यीय कमेटी करती है।

भारत खुद 5वीं पीढ़ी का फाइटर जेट बना रहा

बेंगलुरु, एजेंसी। भारत खुद के 5वीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान एएमसीए प्रोजेक्ट पर काम कर रहा है, जो 2-3 साल में पूरा हो जाएगा। रूस भी भारत को यह फाइटर जेट बेचने का ऑफर दे चुका है। रूसी हथियार कंपनी ने बेंगलुरु एयर शो में कहा कि विमान की सप्लाई के अलावा हम भारत में इसका जॉइंट प्रोडक्शन भी करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ द्विपक्षीय वार्ता के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा कि इस साल से अमेरिका भारत को कई अरब डॉलर के सैन्य उपकरण बेचेगा। साथ ही एफ-35 स्टील्थ फाइटर्स देने का भी रास्ता साफ करेगा। ट्रम्प ने भले ही भारत को एफ-35 विमान देने की पेशकश कर दी हो।

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ में 15 लोगों की मौत, जांच के आदेश

नई दिल्ली, एजेंसी। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर आज रात भगदड़ मच गई, जिसमें कई लोग घायल हो गए। घटना की सूचना रात 9:55 बजे मिली, जिसके बाद रेलवे प्रशासन और सुरक्षाकर्मी मौके पर पहुंचे। स्थिति कंट्रोल में है। घटना में 15 लोगों की मौत हो चुकी है और 10 लोग घायल हो गए हैं। घटना की जांच के आदेश दे दिए गए हैं। रेल सुरक्षा बल के छत्र घटनास्थल पर पहुंचे हैं। एलएनजेपी अस्पताल में कुल 15 लोगों की मौत हुई है। जिसमें 11 महिलाएं, दो पुरुष और दो बच्चे शामिल हैं। कुछ लोगों को लेडी हार्डिंग अस्पताल में लाया गया है। बैरिकेड लगाकर रास्ते को बंद कर दिया गया है। किसी को भी लोकनायक अस्पताल के तरफ नहीं जाने दिया जा रहा है। वहीं इस मामले पर दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी और रेल मंत्री का बयान सामने आया है। घटना नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 14 और 15 पर हुई। कॉल रात 21:55-21:56 बजे मिली। मौके पर कुल चार दमकल गाड़ियां भेजी गईं। दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी ने एक्स पर पोस्ट लिखकर कहा कि प्रयागराज में महाकुंभ जाने वाले श्रद्धालुओं के साथ इस तरह की घटना बेहद दुखद है। लोगों की सुरक्षा की न केंद्र सरकार को कोई फिक्र है और न ही आगे यूपी सरकार को। न प्रयागराज में कोई व्यवस्थाएं हैं और न ही देश के अलग-अलग राज्यों से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए यातायात के कोई ठोस इंतजाम किए गए हैं।

दिल्ली एलजी का बयान आया सामने

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई घटना के बाद दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर अव्यवस्था और भगदड़ के कारण जान-माल के नुकसान और घायल होने की दुर्भाग्यपूर्ण और दुखद घटना हुई है। इस त्रासदी के पीड़ितों के परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदना है। आगे लिखा कि मैंने मुख्य सचिव और पुलिस आयुक्त से बात की है। उन्हें स्थिति को संबोधित करने और उसका समाधान करने के लिए कहा गया है।

प्लेटफार्म नंबर 14 और 15 पर हुई घटना

सूत्रों के मुताबिक, प्रयागराज जाने वाली दो ट्रेनों के रद्द होने के कारण स्टेशन पर भारी भीड़ जमा हो गई थी। अचानक हुई ट्रेन कैंसिलेशन की घोषणा के बाद यात्री घबरा गए, जिससे अफरा-तफरी मच गई और भगदड़ की स्थिति बन गई। घटना नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 14 और 15 पर हुई है। इन दोनों प्लेटफार्म से प्रयागराज के लिए ट्रेन संचालित होती है। भगदड़ में कई यात्रियों के घायल होने की खबर है, जिन्हें तत्काल चिकित्सा सुविधा दी जा रही है।

जामा मस्जिद मेट्रो स्टेशन पर हुड़दंग मामले में एफआईआर

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली मेट्रो के जामा मस्जिद स्टेशन पर एग्जिट गेट लांघने का वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो में दर्जनों लोग आटोमेटिक फेयर कलेक्शन गेट फांदकर निकलते हुए दिख रहे हैं। साथ ही स्टेशन पर हंगामा भी कर रहे हैं। लोगों ने एक्स पर वीडियो पोस्ट कर सुरक्षा को लेकर कई सवाल खड़े किए हैं। इसके बाद दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) ने एक्स पर जानकारी देते हुए कहा कि डीएमआरसी ने इस मामले का आवश्यक संज्ञान लिया है। यह कानून और व्यवस्था का उल्लंघन है। यह सुनिश्चित करने के लिए जांच की जा रही है कि भविष्य में ऐसी घटनाएं दोबारा न हों। डीएमआरसी पहले से ही एफआईआर दर्ज करने के लिए पुलिस अधिकारियों से बातचीत कर रही है। दिल्ली मेट्रो के किसी स्टेशन पर पहली बार इस तरह की घटना सामने आई है। मेट्रो प्रबंधन कानूनी कार्रवाई के लिए पुलिस से बातचीत कर रही है। डीएमआरसी ने अपने बयान में कहा कि कुछ यात्रियों द्वारा बाहर निकलने के लिए एएफसी गेट पर छलांग लगाने का सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ है।

बड़े देशों और मंचों का भारत के प्रति भरोसा बढ़ा: प्रधानमंत्री मोदी

नयी दिल्ली, एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को दुनिया के विमर्श के केंद्र में बताते हुए कहा है कि बड़े देशों और अंतराष्ट्रीय मंचों का भारत के प्रति भरोसा बढ़ा है। श्री मोदी ने शनिवार को यहां एक समाचार समूह के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज भारत वैश्विक भविष्य से जुड़े विमर्श के केंद्र में है और उसका नेतृत्व भी कर रहा है। उन्होंने कांग्रेस पर परोक्ष निशाना साधते हुए उसकी सरकारों की विकास की धीमी गति और भ्रष्टाचार की तेज गति पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि उन्हें कभी-कभी आश्चर्य होता है कि अगर 2014 में देश के लोगों ने भाजपा को सत्ता नहीं सौंपी होती तो देश का क्या होता। देश तो पहले भी चल रहा था लेकिन कांग्रेस की विकास की गति और भ्रष्टाचार की गति अगर चलती रहती तो क्या होता, देश का बहुमूल्य समय बर्बाद हो जाता। कांग्रेस सरकार भारत को वर्ष 2044 तक 11वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य के साथ काम कर रही थी।

उन्होंने कहा कि उनकी सरकार के एक दशक के कार्यकाल में भारत शीर्ष पांच अर्थव्यवस्थाओं में से एक बन गया है और अगले कुछ वर्षों में भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।

अमेरिकी विमान 119 निर्वासित भारतीयों को लेकर अमृतसर में उतरा

अमृतसर, एजेंसी। अमेरिका से 119 अवैध अप्रवासी भारतीयों का दूसरा बैच शनिवार की रात 12 बजे पंजाब के अमृतसर पहुंचा। इसमें पंजाब के 67 और हरियाणा के 33 लोग सवार होने की खबर है। इमिग्रेशन अधिकारी डिपोर्ट हुए लोगों से पूछताछ करेंगे। उन्हें बाहर आने में 2 घंटे लग सकते हैं। इन्हें रिसीव करने के लिए मुख्यमंत्री भगवंत मान, केंद्रीय मंत्री रवनीत बिट्टू, अमृतसर से कांग्रेस सांसद गुरजीत औजला एयरपोर्ट के बाहर मौजूद हैं। एक युवक भी एयरपोर्ट के बाहर पहुंचा। उसने खालिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाए। ऐसा कहा जा रहा है कि 16 फरवरी को भी एक और विमान अप्रवासी भारतीयों को लेकर आएगा। इससे पहले 5 फरवरी को अमेरिकी सैन्य विमान सी-17 से 104 भारतीयों को अमृतसर पहुंचाया गया था। इन लोगों के हाथों में हथकड़ी और पैरों में बेड़ियां डालकर लाया गया था। इस बार भारतीयों को कैसे डिपोर्ट किया जाएगा, क्या उन्हें फिर से हथकड़ी-बेड़ियां पहनाकर भेजा जाएगा, इसे लेकर कोई जानकारी अब तक सामने नहीं आई है। मान ने अमृतसर एयरपोर्ट पर प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इसमें उन्होंने बताया कि डिपोर्ट होकर आ रहे सभी भारतीयों के रहने, खाने और उन्हें घर तक छोड़ने की सारी व्यवस्था पंजाब सरकार ने कर दी है। पंजाब का जो व्यक्ति जहां का होगा, उसे वहां तक छोड़ा जाएगा। हरियाणा के लोगों को भी छोड़ देंगे। बाकियों को दिल्ली भेजा जाएगा। अमृतसर में विमान की लैंडिंग पर मुख्यमंत्री मान ने कहा कि इस पवित्र शहर को डिटेंशन सेंटर न बनाया जाए।

➲ पंजाब के 67, हरियाणा के 33 लोग होने की खबर, एयरपोर्ट से बाहर आने में 2 घंटे लग सकते हैं

मध्यस्थों ने अक्सर मेजबान देश के न्यायिक निर्णयों की अनदेखी की है: सीतारमण

नयी दिल्ली, एजेंसी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार शाम को कहा कि मध्यस्थों ने अक्सर मेजबान देश के न्यायिक निर्णयों की अनदेखी की है। श्रीमती सीतारमण ने नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी द्वारा अंतरराष्ट्रीय वाणिज्यिक और निवेश संधि मध्यस्थता पर प्रथम स्नातकोत्तर प्रमाणपत्र डिप्लोमा पाठ्यक्रम के शुभारंभ के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा मध्यस्थता के नतीजे पर पहुंचते समय, धोखाधड़ी और भ्रष्टाचार जैसे अपराधों से संबंधित निष्कर्ष जो मेजबान देश में अदालत के माध्यम से स्थापित किए गए हैं के बीच निर्णय को स्वीकार करने के लिए विरोधाभासी स्थिति में डालते हैं। निवेश संधि को न केवल राष्ट्रों को बेहतर विनियामक शक्तियां प्रदान करनी चाहिए, बल्कि मध्यस्थता में विश्वास बहाल करने के लिए मध्यस्थों के लिए मार्गदर्शन के रूप में भी काम करना चाहिए। उन्होंने कहा मेरा दृढ़ विश्वास है कि निवेश संधियों के ढांचे में नियामक शक्तियों के संबंध में राष्ट्रीय हित , विवादों को सुलझाने में मध्यस्थों के लिए मजबूत मार्गदर्शन, राष्ट्रों के हितों और परिस्थितियों को शामिल किया जाना चाहिए।उन्होंने कहा कि दुनिया के क्यूआरटी को ऐसी स्थितियों के आयाम, निहितार्थ और संपार्श्विक परिणामों को समझना चाहिए और एक सुविचारित और सोची-समझी प्रतिक्रिया के लिए योजना बनाना शुरू करना चाहिए। क्या कार्रवाई की जानी चाहिए, कब और किसके द्वारा, साथ ही एक अच्छी तरह से संरचित संस्थागत व्यवस्था जो मध्यस्थता नोटिस प्राप्त होने के क्षण से प्रभावी हो जाती है।

महाकुंभ यात्रियों की बोलेरो-बस टकराई, 10 की मौत, 19 घायल



प्रयागराज, एजेंसी। यूपी के प्रयागराज में शुक्रवार रात करीब ढाई बजे बोलेरो की बस से टक्कर हो गई। हादसे में 10 लोगों की मौत हो गई, 19 घायल हैं। जान गंवाने वाले सभी लोग बोलेरो में सवार थे। वे छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले से महाकुंभ आ रहे थे। हादसा प्रयागराज-मिर्जापुर हाईवे पर मेजा इलाके में हुआ। घायल हुए 19 लोग बस में सवार थे, जो कि मध्य प्रदेश के राजगढ़ जिले के रहने वाले हैं। वे संगम स्नान के बाद वाराणसी जा रहे थे। टक्कर इतनी भीषण थी कि बोलेरो बुरी तरह डैमेज हो गई। श्रद्धालु छिटककर सड़क पर जा गिरे। किसी का हाथ टूटा तो किसी का सिर फट गया। कई लोग बोलेरो में ही फंस गए। इन्हें निकालने में ढाई घंटे का समय लगा। एसपी यमुनापार विवेक यादव ने बताया- बोलेरो में सभी पुरुष सवार थे। इसकी स्पीड बहुत ज्यादा थी। बस वाले ने ब्रेक लगाया, लेकिन सामने से आ रही बोलेरो बस में सामने से भिड़ गई। मरने वाले कोरबा के दर्री और जांजगीर चांपा जिले के रहने वाले थे। दो परिवार के लोग साथ में आए थे। कमिश्नर तरुण गाबा और डीएम रविंद्र कुमार मांदड़ मौके पर पहुंचे और रेस्क्यू ऑपरेशन का जायजा लिया। घायलों को रामनगर के सिटी हेल्थ सेंटर (सीएचसी) में भर्ती करवाया गया। शुरुआती इलाज के बाद सभी को स्वरूप रानी हॉस्पिटल रेफर कर दिया गया।

महाराष्ट्र लव जिहाद के खिलाफ कानून लाने की तैयारी में

7 मेंबर्स का पैनल बनाया, दूसरे राज्यों के कानून की स्टडी कर सरकार को सुझाव देगा

मुंबई, एजेंसी। महाराष्ट्र की भाजपा सरकार ने लव जिहाद और जबरन धर्मांतरण जैसे मामलों के खिलाफ कानून बनाने के लिए 7 सदस्यीय कमेटी बनाई है। कमेटी महाराष्ट्र के डीजीपी संजय वर्मा की अध्यक्षता में बनाई गई है। पैनल में महिला एवं बाल कल्याण, अल्पसंख्यक मामले, कानून एवं न्यायपालिका, सामाजिक न्याय, विशेष सहायता और गृह जैसे प्रमुख विभागों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल किए गए हैं। कमेटी जबरन धर्मांतरण और लव जिहाद की मामले में शिकायतों को कैसे निपटाया जाए, यह सुझाव देगी। इसके अलावा यह दूसरे राज्यों में लागू कानूनों की स्टडी करेगी और इस आधार पर कानूनी सलाह देगी। महाराष्ट्र की रहने वाली श्रद्धा वाकर की उसके बॉयफ्रेंड आफताब पूनावाला ने 2022 में दिल्ली में हत्या कर शव के टुकड़े कर दिए थे। भाजपा ने इस मामले के बाद राज्य में लव जिहाद का मुद्दा उठाया था। महाराष्ट्र में विपक्षी पार्टी एनसीपी शरद पवार की लीडर सुप्रिया सुले ने कहा- शादी या प्रेम निजी इच्छा है। मैं सरकार से निवेदन करती हूं कि यह असल मुद्दों पर ध्यान दें। मोदी जी अभी अमेरिका से वापस लौटे हैं। अमेरिका ने हम पर नए टैरिफ लगा दिए हैं, जिसका प्रभाव हमारे देश पर पड़ेगा। ऐसे मामलों पर ध्यान देना चाहिए। अक्टूबर, 2024 में तत्कालीन उप मुख्यमंत्री और वर्तमान मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा था- एक दशक पहले हम सोचते थे कि लव जिहाद की बात इक्का-दुक्का घटना है, लेकिन एक लाख से अधिक शिकायतें मिली हैं। इनमें हिंदू महिलाओं को दूसरे धर्मों के पुरुषों के साथ भागकर शादी करने का झांसा दिया गया। धर्म परिवर्तन के लिए कोई भी व्यक्ति किसी को जान या संपत्ति का भय दिखाता है, बल का प्रयोग करता, शादी का दबाव बनाता है तो उसे भी आजीवन कारावास और जुर्माने की सजा भुगतान करना होता है। लेकिन सभी राज्यों में सजा के प्रावधान अलग- अलग हैं। सरकार इस बिल को पहली बार 2021 में लेकर आई थी। अब इसमें संशोधन किया गया है। पहले अधिकतम 10 वर्ष की सजा और 50 हजार रुपए जुर्माने का प्रावधान था। कानून लागू होने से लेकर अप्रैल, 2023 तक 427 केस दर्ज हुए थे। इनमें से 65 नाबालिग लड़कियों का धर्म परिवर्तन कराया गया था।

जनरल चौहान ने एयरो इंडिया में कई उच्च स्तरीय बैठकें कीं

नयी दिल्ली, एजेंसी। प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान ने भारत की विभिन्न देशों के साथ रणनीतिक रक्षा साझेदारी बढ़ाने की इच्छा व्यक्त करते हुए एयरो इंडिया 2025 में कई उच्च स्तरीय बैठकें की हैं। जनरल चौहान ने मुख्य रूप से अमेरिका की पैसिफिक एयर फोर्स के कमांडर जनरल केविन बी श्नाइडर, ब्रिटेन के रक्षा मंत्री लॉर्ड वर्नोन कोकर , संयुक्त अरब अमीरात के लेफ्टिनेंट जनरल इब्राहिम नासिर अल अलावी , वियतनाम के मेजर जनरल डुओंग वान येन , फिजी के मेजर जनरल रो जोन कलौनीवाई लोगवातु, मलावी के जनरल पॉल वेलेन्टिनो फिरी, तंजानिया के लेफ्टिनेंट जनरल सलुम हाजी ओथमान और अल साल्वाडोर के वाइस एडमिरल एक्सॉन ओस्वाल्डो एसेनियो अल्बेनो के साथ बैठकें की। इन बैठकों में रक्षा क्षेत्र में सैन्य सहयोग, क्षमता निर्माण और रणनीतिक साझेदारी बढ़ाने पर चर्चा की गई।

हाशिए पर रहने वालों पर प्रौद्योगिकी के प्रभाव की चिंता करना जरूरी: राष्ट्रपति मुर्मु

नयी दिल्ली, एजेंसी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि प्रौद्योगिकी प्रगति के साथ साथ समाज में व्यवधान भी पैदा करती है इसलिए हाशिए पर रहने वाले समूहों पर इसके प्रभाव के बारे में चिंता करना जरूरी है। राष्ट्रपति मुर्मु ने शनिवार को झारखंड के रांची में बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान मेसरा के प्लेटिनम जुबली समारोह में भाग लिया। राष्ट्रपति ने इस अवसर पर कहा कि यह प्रौद्योगिकी का युग है। सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नई प्रगति ने जीने के तरीके को बदल दिया है। कल तक जो अकल्पनीय था, वह आज वास्तविकता बन गया है। उन्होंने कहा कि आने वाले वर्ष और भी अधिक नाटकीय होने जा रहे हैं, जिसमें विशेष रूप से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और मशीन लर्निंग में दूरगामी प्रगति की उम्मीद है। चूंकि एआई तेजी से अर्थव्यवस्थाओं को बदल रहा है, इसलिए सरकार उभरते परिदृश्य के अनुरूप कदम उठा रही है। उच्च शिक्षा संस्थानों में एआई को एकीकृत करने के लिए कई पहल की जा रही हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि चूंकि प्रौद्योगिकी समाज में बड़े व्यवधान पैदा करती है, इसलिए हमें हाशिए पर पड़े समूहों पर इसके प्रभाव के बारे में चिंतित रहना चाहिए। अच्छे अवसर सभी के लिए उपलब्ध होने चाहिए और बदलाव का लाभ सभी को मिलना चाहिए। राष्ट्रपति ने कहा कि अक्सर, हमारे आस-पास की समस्याओं के लिए किसी बड़े तकनीकी हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं होती है। उन्होंने युवाओं को छोटे पैमाने के पारंपरिक समाधानों के महत्व को न भूलने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि नवोन्मेषकों और उद्यमियों को पारंपरिक समुदायों के ज्ञान के आधार को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए।

छत्तीसगढ़ नगर निकाय चुनाव में भाजपा की बड़ी जीत

रायपुर, एजेंसी। छत्तीसगढ़ नगर निकाय चुनाव के नतीजे शनिवार को आ गए। राज्य के कुल 10 निगम, 49 नगरपालिका और 113 नगर पंचायतों पर 11 फरवरी को चुनाव हुए थे। बीजेपी ने सभी 10 नगर निगम में जीत दर्ज की है। यहां कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो गया। वही, राज्य की 49 नगर पालिकाओं में से भाजपा के खाते में 35 गई हैं। कांग्रेस ने 8 पर जीतीं। क्कने बिलासपुर की बोधरी नगर पालिका में जीत दर्ज की। निकाय चुनाव में क्की यह पहली जीत है। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने पूर्व मेयर एजाज ढेबर की हार पर कहा कि जो जैसा करेगा वैसा भरेगा, जनता ने कांग्रेस को कह दिया है कि अब भी मौका है सुधर जाओ नहीं तो जनता सुधार देगी। रायपुर में भाजपा की मेयर प्रत्याशी मीनल चौबे ने सबसे बड़ी जीत दर्ज की है। उन्होंने इस जीत के लिए जनता का धन्यवाद किया है।

दिल्ली में आप के 3 पार्षद भाजपा में शामिल हुए

नई दिल्ली, एजेंसी। विधानसभा चुनाव में जीत के बाद अब दिल्ली म्यूनिसिपल कॉर्पोरेशन (एमसीडी) में भी भाजपा की सरकार बन सकती है। आम आदमी पार्टी के 3 पार्षद शनिवार को भाजपा में शामिल हो गए। भाजपा में शामिल होने वालों में एंड्रयूज गंज से पार्षद अनीता बसोया, आरके पुरम से पार्षद धर्मवीर और चपराना से पार्षद निखिल शामिल हैं। भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने उन्हें पार्टी में शामिल करवाया। इनके अलावा आप के 4 नेताओं ने भी भाजपा जॉइन की। संदीप बसोया अपने समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हुए।

संगम की रेती पर आस्था का समंदर, सवा करोड़ से अधिक ने किया पुण्य स्नान

महाकुंभ नगर, संवाददाता। प्रयागराज महाकुंभ में शनिवार को संगम की रेती पर आस्था का समंदर हिलारें मारता दिखायी दिया। रात आठ बजे तक एक करोड़ 38 लाख से अधिक श्रद्धालु त्रिवेणी में पवित्र स्नान कर चुके थे। सप्ताह के अंत में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ का पूर्वानुमान लगाते हुये प्रयागराज जिला प्रशासन और मेला प्रशासन ने सुरक्षा के चाक चौबंद इंतजाम किये थे। पूरे मेला क्षेत्र को शनिवार और रविवार को नो व्हीकल जोन घोषित कर दिया गया था। बेरीकेडिंग और ड्रोन के जरिये भीड़ का नियंत्रित करने के प्रयास सारा दिन किये गये। श्रद्धालुओं का उत्साह इस कदर था कि कई किमी पैदल चल कर लोग घाट पर पहुंच रहे थे। पुलिस प्रशासन श्रद्धालुओं से निकटतम घाट में स्नान करने की अपील कर रहा था और लोगों से स्नान के बाद घाट छोड़ने की अपील पब्लिक एड्रेस सिस्टम के जरिये की जा रही थी ताकि भीड़ एकत्र न हो सके। देर रात तक समूचे प्रयागराज और मेला क्षेत्र श्रद्धालुओं से गुलजार थे। रविवार को भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के स्नान का अनुमान है। अधिकृत आंकड़ों के अनुसार महाकुंभ में अब तक 51 करोड़ 47 लाख से अधिक श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगा चुके है जो कि एक रिकार्ड है। सरकार ने महाकुंभ से पहले 45 करोड़ श्रद्धालुओं के आगमन का अनुमान जताया था।

आईटीएम ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में परंपरा-2025 का भव्य आगाज

तीसरा विकल्प न्यूज़ ब्यूरो

गोरखपुर। आईटीएम ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, गोरखपुर अपनी स्थापना के 25 गौरवशाली वर्ष पूरे करने के अवसर पर अपने वार्षिक सांस्कृतिक, खेलकूद एवं तकनीकी महोत्सव परंपरा-2025 का भव्य आयोजन करने जा रहा है। इस वर्ष महोत्सव की थीम शिक्षा, संस्कार और नवाचार होगी, जो संस्थान की मूल विचारधारा को दर्शाती है। यह थीम विद्यार्थियों के समग्र विकास, नैतिक मूल्यों और नवाचार की संस्कृति को बढ़ावा देने का संदेश देती है। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के अध्यक्ष नीरज मातनहेलिया, सचिव श्याम बिहारी अग्रवाल, कोषाध्यक्ष निकुंज मातनहेलिया, संयुक्त सचिव अनुज अग्रवाल और निदेशक डॉ. एन. के. सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर प्रबंधतंत्र ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि यह महोत्सव केवल मनोरंजन और प्रतिस्पर्धा का मंच नहीं, बल्कि छात्रों के लिए एक ऐसा अवसर है, जहाँ वे अपनी प्रतिभा को पहचान सकते हैं और अपने भीतर छिपे नवाचार एवं नेतृत्व क्षमता को विकसित कर सकते हैं। शुभारम्भ कार्यक्रम मे सिंगर जॉय एवं शादान एंड बैंड के द्वारा

शानदार प्रस्तुति दी गई 7 इस तीन दिवसीय आयोजन में सांस्कृतिक, खेलकूद और तकनीकी प्रतियोगिताएँ आयोजित की जाएंगी, जिसमें विद्यार्थी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकेंगे। सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में नृत्य, संगीत, नाटक, कविता पाठ, माइम एक्ट, रंगोली, मेंहदी, पेंटिंग, पोस्टर मेकिंग, फोटोग्राफी आदि शामिल होंगे, जिससे छात्रों की सृजनात्मकता को बढ़ावा मिलेगा। खेलकूद प्रतियोगिताओं में क्रिकेट, फुटबॉल, बैडमिंटन, वॉलीबॉल, कबड्डी, खो-खो, रस्साकशी, शतरंज, टेबल टेनिस और एथलेटिक्स जैसी प्रतियोगिताएँ होंगी, जो विद्यार्थियों में टीम वर्क और प्रतिस्पर्धी भावना को प्रोत्साहित करेंगी। इसके अलावा, तकनीकी क्षेत्र में रुचि रखने वाले विद्यार्थियों के लिए रोबोटिक्स, कोडिंग प्रतियोगिता, प्रोजेक्ट प्रदर्शनी, क्विज प्रतियोगिता, एप डेवलपमेंट, वेब डिजाइनिंग और मेडी क्रेस्ट जैसी प्रतियोगिताएँ आयोजित की जाएंगी, जिससे वे नवाचार और तकनीकी सृजनशीलता का परिचय दे सकें। महोत्सव मे संस्थान के छात्रों के द्वारा प्रस्तुत संगीत संध्या, इंडियन आइडल विजेता और बॉलीवुड गायक सलमान अली, सारेगामापा फेम आकाश दुबे, प्रसिद्ध कॉमेडियन वीआईपी, और जाने-माने डीजे जुबी, डीजे वाणी और डीजे एबीके आदि इस कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण का केंद्र होगा। इन शानदार कलाकारों की परफॉर्मेंस से महोत्सव में मनोरंजन और उमंग का संचार होगा, जो दर्शकों के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव बनेगा। इसके अलावा, महोत्सव का एक प्रमुख आकर्षण 25 वर्षों की उपलब्धियों की प्रदर्शनी होगा, जिसमें संस्थान के शैक्षिक और तकनीकी विकास, पूर्व छात्रों की उपलब्धियों और सामाजिक योगदान को प्रदर्शित किया जाएगा। संस्थान के निदेशक डॉ एन के सिंह ने कहा कि परंपरा-2025 न केवल एक महोत्सव है, बल्कि यह शिक्षा, संस्कार और नवाचार की समृद्ध परंपरा का प्रतीक भी है। यह महोत्सव छात्रों को अपनी रचनात्मकता, नेतृत्व क्षमता और तकनीकी कौशल को निखारने का एक उत्कृष्ट अवसर प्रदान करेगा। इस अवसर पर संस्थान के सभी शिक्षकगण एवं छात्र -छात्राएं मौजूद रहे7

बिश्वनाथ जिले के आयुक्त मुनींद्र नाथ नाटे ने किया नवजात बच्चों के लिए विशेष देखभाल इकाई का उद्घाटन

तीसरा विकल्प न्यूज़ पंकज नाथ

असम। बिश्वनाथ के जिला आयुक्त मुनींद्र नाथ नाटे ने 14 फरवरी, 2025 को विश्वनाथ चरियाली जिला अस्पताल में एक नवनिर्मित नवजात देखभाल इकाई (एसएनसीयू) का उद्घाटन किया। अत्याधुनिक सुविधाओं से निर्मित नवजात शिशुओं की देखभाल की इस विशेष इकाई का उद्घाटन करने के तुरंत बाद, जिला आयुक्त ने जिला अस्पताल के फिजियोथेरेपी, प्रसूति कक्ष, सामान्य वार्ड आदि का दौरा किया और रोगियों के साथ बातचीत की और बाल चिकित्सा और आपातकालीन वार्डों का दौरा किया। जिला आयुक्त मुनींद्र नाथ नाटे ने अस्पताल की फार्मेसी का दौरा भी किया और दवाओं की एक्सपायरी डेट की जांच की। इस विशेष कार्यक्रम में जिला आयुक्त के साथ स्वास्थ्य सेवाओं के संयुक्त निदेशक डॉ. जोगेन चंद्र बे, अधीक्षक डॉ. जोनाली गोगोई, नवजात शिशु विशेष देखभाल इकाई के प्रभारी अधिकारी डॉ. नरेन कुटुम, डॉ. नरेश साहू, जिला योजना प्रबंधक परागज्योति सैकिया और अन्य अधिकारी मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि विश्वनाथ चरियाली जिला नागरिक अस्पताल में अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ हाल ही में जोड़ी गई स्पेशल न्यूबॉर्न केयर यूनिट फॉर चिल्ड्रन (एसएनसीयू) बिश्वनाथ जिले के स्वास्थ्य क्षेत्र में आशा की किरण लेकर आई है।

अखिल भारतीय आचार्य निबन्ध प्रतियोगिता में पुरस्कृत हुए मुकेश कुमार सिन्हा

तीसरा विकल्प न्यूज़ राजा रमन झा

मुंगेर। राम मंदिर की प्रतिष्ठा से राम राज्य* विषय पर आयोजित अखिल भारतीय आचार्य निबन्ध प्रतियोगिता में सरस्वती विद्या मंदिर, पुरानीगंज, मुंगेर के हिन्दी के वरिष्ठ आचार्य मुकेश कुमार सिन्हा ने राष्ट्रीय स्तर पर तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय एवं मुंगेर जिला का मान बढ़ाया है। ये जानकारी देते हुए प्रचार विभाग के क्षेत्रीय सहसंयोजक संतोष कुमार ने बताया कि विद्या भारती ने राम मंदिर की प्रतिष्ठा और राम राज्य के विचार को व्यापक रूप से समझने और व्यक्त करने के उद्देश्य से इस विषय पर देश भर के समस्त आचार्यों के लिए प्रतियोगिता आयोजित की थी जिसमें मुकेश कुमार सिन्हा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है। सम्मानित करते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य संजय कुमार सिंह ने कहा कि विद्यालय परिवार को इस बात का गर्व है कि

आचार्य मुकेश कुमार सिन्हा ने अपनी प्रतिभा और मेहनत से राष्ट्रीय स्तर की निबन्ध प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय एवं मुंगेर जिला का मान बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि निबंध में न केवल राम मंदिर की प्रतिष्ठा के महत्व को उजागर किया गया बल्कि राम राज्य के सिद्धातों को भी विस्तार से लिखा गया। उनके निबंध में राम राज्य के मूल्यों और आदर्शों को स्पष्ट रूप से प्रस्तुत किया गया जो समाज में सद्भाव, न्याय और समानता को बढ़ावा देते हैं। इसके लिए उन्हें प्रमाण पत्र, पुरस्कार राशि 2500 रूपये, अंग वस्त्र और श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। आचार्य मुकेश कुमार सिन्हा ने कहा कि मुझे इस प्रतियोगिता से राम राज्य के विचार को समझने और इसके महत्व को गहराई से जानने का अवसर मिला है। आगे उन्होंने कहा कि जीवन में गुरु और माता-पिता से बढ़कर कोई नहीं। इनके आशीर्वाद से ही व्यक्ति आगे बढ़ता है और सम्मान प्राप्त करता है। इस अवसर पर भारती शिक्षा समिति, बिहार द्वारा आयोजित प्रांतीय संस्कृत सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में विद्यालय के कक्षा अष्टम के भैया फनिश कुमार को द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर प्रमाण पत्र एवं 2000 रुपये की राशि तथा भैया आयुष राज को अर्चना सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में चतुर्थ स्थान प्राप्त करने पर प्रमाण पत्र एवं 100 रुपये की राशि प्रदान की गई। इस अवसर पर आचार्यों ने भैया को शुभकामनाएँ देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

तालाब की जमीन मुक्त, तहसील प्रशासन की सख्त कार्रवाई से अतिक्रमणकारियों में हड़कंप

➲ जनता को अपने गांवों में भी अवैध कब्जा हटने की जगी उम्मीद

तीसरा विकल्प न्यूज़ ब्यूरो

अमेठी। मुसाफिरखाना तहसील के जगदीशपुर ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पालपुर में प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए तालाब की जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराया। तहसीलदार राहुल कुमार और नायब तहसीलदार की अगुवाई में राजस्व विभाग और पुलिस बल की संयुक्त टीम ने गाटा संख्या 310 पर अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया। मौके पर बुलडोजर चलते ही अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मच गया, जबकि स्थानीय जनता ने प्रशासन की इस कार्रवाई को सराहा। प्रशासन की जांच में सामने आया कि तालाब की जमीन पर हाल ही में निर्माण कार्य शुरू किया गया था, जिसका प्रमाण वीडियो में स्पष्ट रूप से दिखा। एसडीएम पंकज कुमार ने कहा कि सरकारी भूमि पर अवैध निर्माण किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा, तालाबों की जमीन जल संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण है। इस पर अवैध कब्जा हटाने का अभियान लगातार जारी रहेगा। तालाब से अतिक्रमण हटने के बाद क्षेत्रीय जनता ने प्रशासन से अपील की कि तहसील के हर गांव में तालाबों की भूमि को चिन्हित कर कब्जा मुक्त कराया जाए। ग्रामीणों ने बताया कि अतिक्रमण के कारण बरसात में जलभराव की समस्या उत्पन्न हो रही है, जिससे पानी की निकासी में बाधा आ रही है और जल संरक्षण प्रभावित हो रहा है। प्रशासन की इस कार्रवाई से क्षेत्र में लोगों को उम्मीद जगी है कि उनके गांवों में भी जो तालाबों पर अवैध कब्जा किया गया है, उसे हटाया जाएगा। ग्रामवासियों ने प्रशासन से अनुरोध किया है कि संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया जाए कि गांव-गांव जाकर तालाबों की स्थिति का सर्वे करें और अतिक्रमण को चिन्हित कर कानूनी प्रक्रिया के तहत हटाएं। जनता की इस मांग को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम पंकज कुमार ने स्पष्ट किया कि तालाबों की जमीनों को चिन्हित कर कार्रवाई के लिए टीम गठित की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह अभियान केवल पालपुर तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि पूरे क्षेत्र में इसे प्रभावी ढंग से लागू किया जाएगा। प्रशासन की इस कार्रवाई के बाद ग्रामीणों में प्रशासन के प्रति विश्वास और भरोसा बढ़ा है। लोगों का कहना है कि तहसील प्रशासन की सक्रियता से क्षेत्र में सरकारी भूमि की सुरक्षा को लेकर सकारात्मक वातावरण बना है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यह कार्रवाई तालाबों की सुरक्षा और जल संरक्षण को सुनिश्चित करने के लिए की गई है। प्रशासन ने कहा कि तालाबों की जमीन को सुरक्षित रखने के लिए नियमित निरीक्षण जारी रहेगा, ताकि भविष्य में इस तरह की समस्या दोबारा न हो।

ठेकेदारी में हुआ नुकसान तो मंदिर से चुराई बहुमूल्य मूर्तियां तीन गिरफ्तार

तीसरा विकल्प न्यूज़ संवाददाता हरदोई

हरदोई। साण्डी थाना क्षेत्र के बरौलिया गांव स्थित ठाकुर द्वारा मंदिर से चोरी हुई भगवान श्रीराम, माता सीता व लक्ष्मण जी की मूर्तियों का पुलिस ने खुलासा कर दिया। पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। जिनके कब्जे से चोरी की गईं मूर्ति व 26 पीतल के छोटे-बड़े घंटे बरामद हुए हैं। एसपी नीरज कुमार जादौन ने बताया कि साण्डी थाना क्षेत्र के बरौलिया गांव निवासी अशोक कुमार ने थानें पर तहरीर दी, जिसमें बताया कि गांव स्थित ठाकुर द्वारा मंदिर से अज्ञात चोरों ने भगवान श्रीराम, माता सीता व लक्ष्मण जी की मूर्तियों को चोरी कर लिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी। एसपी नीरज कुमार जादौन ने स्वयं घटनास्थल का निरीक्षण कर खुलासे हेतु कई टीमों को लगाया। शनिवार को पुलिस ने प्रकाश में आए शरद निवासी खंदेहरिया खंजानपुर व शिवजीत निवासी रुकनापुर माधौगंज, गरुण निवासी रहोला थाना बिलग्राम हरदोई को गिरफ्तार किया गया। जिनके पास से श्रीराम, माता सीता व लक्ष्मण जी की धातु बहुमूल्य की मूर्तियां, एक चौकी/आसन,26 पीतल के घंटे व घंटियां तथा घटना में इस्तेमाल दो बाईकें बरामद हुई हैं। पूछताछ में आरोपी शरद कुमार ने बताया कि वह लघु सिंचाई विभाग में ठेकेदार था। ठेकेदारी के दौरान उसे 70-80 हजार लाख का रुपयों का नुकसान हो गया था, तथा उसे पहले से जानकारी थी कि बरौलिया गांव स्थित ठाकुर द्वारा मंदिर में धातु की कुछ बहुमूल्य मूर्तियां हैं। जिन्हें बेचकर अपने नुकसान की भरपाई की जा सकती है। इसी उद्देश्य से आरोपी शरद ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर मंदिर में चोरी की वारदात को अंजाम दिया। एसपी ने बताया कि तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

420 करोड़ के पुल पर नहीं हो रहा एक्सप्रेस ट्रेनों का संचालन

तीसरा विकल्प न्यूज़ संवाददाता गाजीपुर

गाजीपुर। गंगा पर 420 करोड़ रुपये की लागत से रेल सह रोड ब्रिज का निर्माण कराया गया है। निर्माण होने के 11 महीने बाद भी रेल ब्रिज पर एक्सप्रेस ट्रेनों का संचालन नहीं हो पा रहा है। ऐसे में इसका पूरा लाभ जिले के लोगों को नहीं मिल पा रहा है। जब गंगा पर रेल सह रोड ब्रिज का निर्माण हुआ तो लोगों में उम्मीद जगी थी कि अब एक्सप्रेस ट्रेनों से यात्रा की सुविधा मिलेगी लेकिन अब तक लोगों के हाथ निराशा ही लगी है। वाराणसी-छपरा रेलखंड को देश के मुख्य रेल रूट दिल्ली-हावड़ा से जोड़ने के लिए गंगा पर रेल सह रोड ब्रिज का निर्माण किया गया था। लोगों की दशकों से चली आ रही मांग पूरी करने के लिए इसका निर्माण कार्यदायी संस्था आरवीएनएल (रेल विकास निगम लिमिटेड) की ओर से किया गया था। वर्ष 2024 के 10 मार्च को प्रधानमंत्री ने वॅर्चुअल तरीके से रेल सह रोड ब्रिज का लोकार्पण किया था। उद्घाटन के बाद रेल ब्रिज पर एक पैसेंजर और एक मेमू ट्रेन का संचालन सिटी रेलवे स्टेशन से दिलदारनगर जंक्शन तक किया जा रहा है।

वाहन पर गिरा पेड़ एक घायल राष्ट्रीय राजमार्ग पर घंटों बाधित रहा आवागमन

तीसरा विकल्प न्यूज़ संवाददाता गाजीपुर

गाजीपुर। भांवरकोल थाना क्षेत्र के भांवरकोल चट्टी के पास शुक्रवार की शाम करीब सात बजे गाजीपुर-हाजीपुर (एनएच 31) मार्ग पर वर्षों पुराना इमली का पेड़ चलते वाहन पर गिरने से एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं पेड़ धराशाई होने से आवागमन बाधित हो गया और दोनों ओर ट्रकों का लंबा जाम लग गया। पेड़ गिरने के दौरान ही रोड से गुजर रही एक स्कॉर्पियो भी चपेट में आ गई। जिसमें एक किशोर(लाल मोहर गोड़ निवासी भांवरकोल) बुरी तरह से घायल है। जिसे परिजन इलाज हेतु मऊ के किसी निजी अस्पताल लेकर गए हैं। इस हादसे में स्कॉर्पियो(यूपी50एई2021) क्षतिग्रस्त हुई है और चालक बाल बाल बच गया है। स्कार्पियो चालक छांगुर यादव ने बताया कि वह भांवरकोल से प्रयागराज महाकुंभ जा रहा था तभी इमली के पेड़ के चपेट में आ गया। ज्ञात हो कि भांवरकोल चट्टी पर हफ्ते में दो रोज बृहस्पतिवार और सोमवार को बाजार भी लगती है। गनीमत रही की बाजार का दिन नहीं था। नहीं तो एक बड़ा हादसा हो जाता। पेड़ गिरने की सूचना पर थानाध्यक्ष विवेक कुमार तिवारी दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और आवागमन को सुचारू बनाने में लग गए। उनके सूचना पर बढ़नपुरा गांव का रहने वाला कैलाश शर्मा का पुत्र अपनी लकड़ी कटर मशीन के साथ पहुंचा और पेड़ की कटाई शुरू कर दी। मौके पर आसपास के लोगों की भारी भीड़ और पुलिस बल मौजूद थी। चार घंटे के बाद कटाई के बाद शनिवार भोर में राजमार्ग आवागमन के लिए चालू हो सका।

अनियंत्रित वाहन के चपेट में आने से युवक की मौत परिजनों का रो रोकर बुरा हाल

तीसरा विकल्प न्यूज़ संवाददाता गाजीपुर

गाजीपुर। रेवतीपुर थाना क्षेत्र के स्थानीय गांव निवासी आशीष राय उर्फ आकाश उम्र 24 वर्ष गैर जनपद में सडक हादसे में मौत होने की सूचना उसके परिजनों को हुई तो कोहराम मच गया। इस घटना के बाद से गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है। भतीजे के मौत की सूचना पर चाचा बलमेश्वर राय सहित अन्य परिजन निजी वाहन से घटनास्थल के लिए रवाना हो गये। जानकारी के अनुसार एटा जिले के अलीगंज थाना अंतर्गत कायमगंज रोड स्थित कोल्ड स्टोर के समीप चाय पीने जा रहे आशीष राय को पीछे से आ रही अनियंत्रित स्कार्पियों ने टक्कर मार दी, हादसा इतना भयानक था कि युवक बीस फीट तक उछलता हुआ जमीन पर गिर पड़ा। आशीष को आननफानन में अस्पताल ले जाया गया, ज़हां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया, पुत्र के मौत की सूचना पर पिता कामेश्वर राय, मां इंदू देवी सहित अन्य परिजनों का रो- रोकर बुरा हाल है, वहीं सूचना पर मृतक के शोकाकुल दोस्त भी घटनास्थल पर पहुंच गये। वह एटा जनपद के मोबाइल टावरों में डीजल फिलिंग का काम करता था, जो बीते एक दिसंम्बर को अपने गांव रेवतीपुर से एटा गया था।

मोडिफाइड साइलेंसर के खिलाफ चला हरदोई पुलिस का डंडा, 13 बाइक जब्त

तीसरा विकल्प न्यूज़ संवाददाता हरदोई

हरदोई। जनपद में बाइकर्स गैंग का आतंक सड़कों पर दिख रहा है। ये गैंग गाड़ी में लगे हुए साइलेंसर को हटाकर अलग से मोडिफाई साइलेंसर लगा रहे हैं। जिससे तीव्र आवाज निकलती है। इससे शहर वासियों व राहगीरों को परेशानी का समाना करना पड़ता है। इस तरह के साइलेंसर से गोली या पटाखे जैसी आवाज निकलती है। भीड़-भाड़ वाले इलाकों में फर्राटा भरते हुए ये बाइकर्स निकल जाते हैं। इससे लोगों को परेशानी तो हो ही रही है साथ ही इससे मोटर व्हीकल एक्ट का उल्लंघन भी होता है। इसी को लेकर हरदोई पुलिस ने मोडिफाई साइलेंसर के खिलाफ एक्शन लेना शुरू कर दिया। एसपी हरदोई नीरज कुमार जादौन के निर्देश पर कोतवाली शहर व यातायात पुलिस ने विभिन्न स्थानों पर दो पहिया वाहनों के खिलाफ अभियान चलाकर पुलिस ने 13 रॉयल इनफिल्ड बाइकों को जब्त किया। एसपी ने बताया कि जब्त सभी बाइकों के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि मोटर व्हीकल एक्ट का उल्लंघन न करें। गाड़ियों को मोडिफाई ना करें ताकि राहगीर के साथ-साथ आम लोगों को भी किसी तरह की कोई परेशानी ना हो।

दुर्घटना के बाद मौके पर पहुंची जिलाधिकारी आर्यका अखौरी और पुलिस अधीक्षक

➢ तीर्थयात्रियों से भरी बस पलटी, एक की मौत, 25 घायल

तीसरा विकल्प न्यूज़ संवाददाता गाजीपुर

गाजीपुर। शहर कोतवाली क्षेत्र के मिरनापुर के करीब शनिवार सुबह साढ़े आठ बजे नेपाल के तीर्थयात्रियों से भरी बस पलट गई है। हादसे में एक तीर्थयात्री की मौत हो गई । वहीं दो दर्जन से अधिक संख्या में तीर्थयात्री घायल हुए हैं। राहत बचाव का क्रम जारी है। दुर्घटना की सूचना पर जिलाधिकारी आर्यका अखौरी और पुलिस अधीक्षक मौके पर पहुंचे और बचाव कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। घायल तीर्थयात्रियों को तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा गया। काठमांडू नेपाल से 40 सीटर बस पर सवार होकर बीते 14 फरवरी को तीर्थयात्री प्रयागराज महाकुंभ में स्नान करने के लिए निकले थे। तभी शनिवार को यह हादसा हो गया। गाजीपुर में सुबह साढ़े आठ बजे तीर्थयात्रियों की बस अनियंत्रित होकर मिरनापुर में पलट गई। घटना की जानकारी होते ही पुलिस और आसपास के लोग पहुंच गए हैं। राहत बचाव का क्रम जारी है। घायलों को बस से निकालकर मेडिकल कालेज अस्पताल पहुंचाया गया। मौके पर जुटे प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक हादसे में नेपाल के निवासी दो तीर्थयात्रियों की मौत होने की बात सामने आ रही है। जबकि बीस से अधिक की हालत गंभीर है। एएसपी सिटी ज्ञानेंद्र नाथ प्रसाद ने बताया कि मौके पर एक तीर्थयात्री की शव दिख रहा है, बाकी राहत बचाव का क्रम जारी है।

एसडीएम की अध्यक्षता में तहसील संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित 83 शिकायतें दर्ज 9 का मौके पर निस्तारण

तीसरा विकल्प न्यूज़ संवाददाता लखनऊ

सरोजनीनगर। सरोजनीनगर तहसील कार्यालय में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस एसडीएम सचिन वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। इस दौरान सरोजनीनगर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह ने शिकायत दर्ज कराई कि लखनऊ विकास प्राधिकरण के क्षेत्रीय अधिशासी अभियंता पहले लोगों से पैसा लेकर बिना नक्शे के निर्माण होने देते हैं। बाद में अधिकारियों /कर्मचारियों द्वारा अधिक धन उगाही के लिए मकान को सील कर दिया जाता है। इसके बाद संबंधित व्यक्तियों के पास प्राइवेट व्यक्ति भेज कर धन उगाही कराई जा रही है। बंथरा के बनी में रहने वाले उदय भान सिंह ने शिकायत की कि 1 फरवरी 2025 को विद्युत बिल सही करने के लिए प्रार्थना पत्र दिया था। जिस पर जेई और लाइनमैन द्वारा बिना निरीक्षण किए गलत पीडी रिपोर्ट लगा दी। जबकि विद्युत कनेक्शन बिजली बकाए पर विभागीय लाइनमैन द्वारा अगस्त 2019 में काटा गया था। इसी तरह किशुनपुर कौड़िया के अनिल चौधरी ने शिकायत करी कि विद्युत बिल बकाया होने पर उनका घरेलू कनेक्शन 18 अक्टूबर 2019 को काट दिया गया और विद्युत कर्मी मीटर भी उठा ले गए। तब 9 फरवरी 25 को तहसील दिवस में प्रार्थना पत्र दिया। जिस पर जेई और लाइनमैन द्वारा पीडी रिपोर्ट 22 मार्च 2021 में दिखा दी, जो कि गलत है। आरोप है कि स्थलीय निरीक्षण भी नहीं किया गया। गौरी के राम नरेश ने शिकायत दर्ज कराई कि बिजली बिल सही कराने के लिए वह 2 अक्टूबर 2023, 3 फरवरी 2024, 7 दिसंबर 2024 और 1 फरवरी 2025 को तहसील दिवस में शिकायत कर चुके हैं। लेकिन आज तक बिल नहीं बनाया गया। कोई स्थलीय जांच भी नहीं की गई। उनका कहना है कि विद्युत कनेक्शन बिल बकाया पर अगस्त 1999 में काट दिया गया था। इस दौरान विभागीय कर्मचारी मीटर भी उठा ले गए थे। लेकिन इसके बावजूद बिल पर मीटर चढ़कर आ रहा है। पीड़ित राम नरेश ने विद्युत बिल बनाकर देने के साथ ही ओटीएस का लाभ देने की मांग की है। संपूर्ण समाधान दिवस में पुलिस की 9, राजस्व की 53, विकास की 3, समाज कल्याण की 4 और अन्य 14 शिकायतें सहित कुल 83 शिकायतें दर्ज हुई। जिसमें से राजस्व की 9 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। जबकि अन्य शेष शिकायतों को एक सप्ताह के अंदर संबंधित जिम्मेदारों को निपटाने के आदेश दिए गए।

हुसैनाबाद ट्रस्ट के नौबतखाने की संपत्ति,धोखे से ट्रस्ट के अधिकारी और कर्मचारी ने बेची

तीसरा विकल्प न्यूज़ संवाददाता लखनऊ

लखनऊ। शनिवार को नवाबीन-ए-अवध कमेटी के अध्यक्ष जावेद नवाब ने हुसैनाबाद ट्रस्ट के मामलों पर गंभीर चिंता व्यक्त की। बैठक में हुसैनाबाद ट्रस्ट की संपत्तियों के दुरुपयोग और धोखाधड़ी के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि ट्रस्ट की संपत्ति, खासकर हुसैनाबाद ट्रस्ट के नौबतखाने की संपत्ति, धोखे से ट्रस्ट के अधिकारी और कर्मचारी के सहयोग से बेची जा रही है। सुप्रसिद्ध उदाहरण के रूप में, कल्बे हुसैन उर्फ कब्बन नवाब ने इस संपत्ति को 2010 में अपने नाम करवा लिया और बाद में उसे 2021 में गुलाम अस्करी जैदी को बेच दिया। इसके बाद, 2024 में यह संपत्ति गुलाम अस्करी जैदी के भाई गुलाम अब्बास जैदी द्वारा मोहम्मद सादिक को 33 लाख रुपये में बेची गई। इन गतिविधियों के लिए ट्रस्ट के कर्मचारी भी जिम्मेदार हैं, जो मोटी रकम लेकर गलत तरीके से एलाटमेंट कर रहे हैं। जावेद नवाब ने बताया कि उन्होंने इस मामले की सूचना ट्रस्ट के सचिव और प्रशासन को दी है और यदि इसके बाद भी कोई कार्रवाई नहीं होती है, तो उनकी कमेटी न्यायालय में मामला ले जाने की तैयार है। उन्होंने जिलाधिकारी और मुख्यमंत्री को भी इस मामले में प्रार्थना-पत्र भेजा है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। यह बैठक इस बात का संकेत है कि अगर जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा उचित कदम नहीं उठाए जाते हैं, तो नवाबीन-ए-अवध कमेटी कानूनी रास्ता अपनाएगी ताकि हुसैनाबाद ट्रस्ट की संपत्तियों का सही उपयोग हो सके।

उ. प्र. माध्यमिक शिक्षक संघ का जनपदीय वार्षिक सम्मेलन एवं सेवानिवृत शिक्षक सम्मान समारोह सम्पन्न

➢ सेवानिवृत 242 शिक्षक- शिक्षिकाओं को मुख्य अतिथि द्वारा किया गया सम्मानित ➢ मुख्य अतिथि ने बड़े संघर्ष के लिए तैयार रहने का किया आह्वान

तीसरा विकल्प न्यूज़ संवाददाता लखनऊ

लखनऊ। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ जनपद लखनऊ का वार्षिक सम्मेलन एवं सेवानिवृत्त शिक्षक सम्मान समारोह में वर्ष 2023 एव 2024 के 65 शिक्षक एवं शिक्षिकाओं, 2023 के पूर्व वर्षो के 242 शिक्षक एवं शिक्षिकाओं को मुख्य अतिथि सुरेश कुमार त्रिपाठी, शिक्षक विधायक धुव कुमार त्रिपाठी, प्रादेशिक उपाध्यक्ष डा. आर.पी. मिश्र, महामंत्री नरेन्द्र कुमार वर्मा, द्वारा माला पहनाकर शाल भेट कर एवं उपहार देकर सम्मनित किया गया। इसके साथ ही अन्य जनपदों से स्थानान्तरित, मृतक आश्रित, चयन बोर्ड से चयनित 154 शिक्षक एवं शिक्षिकाओं का परिचय मुख्य अतिथि से कराकर उन्हें भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में मुख्य अतिथि सुरेश कुमार त्रिपाठी, अध्यक्ष उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में शिक्षक विधायक धुव कुमार त्रिपाठी, एम.एल.सी., एवं नेता शिक्षक दल के साथ पूर्व विधायक मा. जगवीर किशोर जैन, प्रादेशिक उपाध्यक्ष डा. आर.पी. मिश्र, महामंत्री नरेन्द्र कुमार वर्मा ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्जवलित किया। इस अवसर पर पूर्व प्रधानाचार्या संन्ध्या रस्तोगी द्वारा झण्डागान एवं श्री सतीश गुप्ता द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागतगान प्रस्तुत किया। इस अवसर पर खुन-खुन जी गर्ल्स इण्टर कालेज व हनुमान प्रसाद रस्तोगी गर्ल्स इण्टर कालेज की छात्राओं द्वारा मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिलामंत्री महेश चन्द्र ने किया। सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि सुरेश कुमार त्रिपाठी ने शिक्षकों की सेवा चयन बोर्ड अधिनियम की धारा 21 शिक्षको की सेवा सुरक्षा सम्बन्धी धारा - 21 तथा धारा 12 व धारा 18 की बहाली के शिक्षकों से आगामी 22 फरवरी, 2025 कों प्रदेशीय पदाधिकारीयों की बैठक के निर्णय की प्रतिक्षा करने को कहा तथा यू.पी. बोर्ड की परीक्षा के तत्काल बाद किसी बड़े संघर्ष के लिए तैयार रहने का आह्वान किया। सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए मा. धुव कुमार त्रिपाठी, एम.एल.सी, नेता शिक्षक दल ने कहा कि हमें अपनी उपलब्धियों को संरक्षित करने के लिए संघर्ष की आवश्यकता है अन्यथा हमारी उपलब्धिया भी धीरे धीरे विलुप्त हो जाएंगी। उन्होने पेन्शनरों की ओर इशारा करते हुए कहा कि आपकी पेन्शन भी सुरक्षित नहीं है। सरकार इसे भी समाप्त कर सकती है। स्वागताध्यक्ष एवं संगठन के प्रादेशिक उपाध्यक्ष व प्रवक्ता डा. आर.पी. मिश्र ने सम्मेलन में मुख्य अतिथि सुरेश कुमार त्रिपाठी, शिक्षक विधायक श्री धुव कुमार त्रिपाठी, ए.डी. माध्यमिक सुरेन्द्र कुमार तिवारी, महामंत्री नरेन्द्र कुमार वर्मा का पूर्व विधायक जगवीर किशोर जैन स्वागत करते हुए कहा कि आज शिक्षकों को जो भी उपलाब्धियां प्राप्त हुई है, हम "शून्य से शिखर तक पंहुचे हैं" वे इन सेवानिवृत शिक्षक साथियों की बदौलत हो हुई है और इसीलिए आज हम अपने अग्रज शिक्षक साथियों वो सम्मानित कर रह है। सम्मेलन के समापन अवसर पर जिलाध्यक्ष अनिल शर्मा ने आये हुए समस्त अतिथियों व समस्त शिक्षक शिक्षिकओं को धन्यवाद ज्ञापित किया। समोरह मे अध्यक्ष सुरेश कुमार त्रिपाठी, शिक्षक विधायक धुव कुमार त्रिपाठी, प्रादेषिक उपाध्यक्ष डा. आर.पी. मिश्र, ए.डी. माध्यमिक सुरेन्द्र कुमार तिवारी, पूर्व विधायक जगवीर किशोर जैन, संग्राम सिंह चैहान, महामंत्री नरेन्द्र कुमार वर्मा, प्रादेशिक मंत्री डा.आर.के. त्रिवेदी, लुआवटा के पूर्व अध्यक्ष डॉ संग्राम सिंह चौहान, जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार, जिलाध्यक्ष अनिल षर्मा, जिलामंत्री महेश चन्द्र, सदस्य राज्य परिषद अनुराग मिश्र, मन्जू चैधरी, विष्वजीत सिंह, कोषाध्यक्ष आर.पी.सिह, आय-व्यय निरीक्षक आलोक पाठक, संयोजक एवं प्रधानाचार्य क्वीस इण्टर कालेज मनोज कुमार, सह. सयोजक डा. एस.के.मणि शुक्ल, प्रधानाचार्य डा. गजेन्द्र कुमार मिश्र, अनिल कुमार वर्मा सहित समस्त जिला कार्यकारिणी के उपस्थित थी।

महाराजा बिजली पासी महाविद्यालय में सात दिवसीय विशेष शिविर का हुआ शुभारम्भ

तीसरा विकल्प न्यूज़ संवाददाता लखनऊ

लखनऊ। महाराजा बिजली पासी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय,आशियाना लखनऊ में शनिवार 15 फरवरी को सात दिवसीय विशेष शिविर के उदघाटन कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। उदघाटन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रतिमा तिवारी,सभासद किला मुहम्मदी नीता दीक्षित,मंडल अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ एवं महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. डॉ. सुमन गुप्ता द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम में स्वयंसेवी स्नेहा ,शिवानी एवं नित्या ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की।कुछ स्वयंसेवियों ने स्वागत गीत गाकर अतिथियों का स्वागत किया। तत्पश्चात राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ ऋतु शुक्ला ने एन.एस.एस. के बारे में बताते हुए स्वयंसेवियों द्वारा किए जा रहे कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया। डॉ ऋतु ने सात दिवसों में होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की।कार्यक्रमों में स्वच्छता कार्यक्रम,राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका,सड़क सुरक्षा,पर्यावरण संरक्षण,जल संरक्षण,प्राकृतिक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य जागरूकता,साइबर अपराध जागरूकता में युवाओं की भूमिका,डिजिटल लिटरेसी,महिला

पोषण एवं स्वास्थ्य,मतदाता जागरूकता इत्यादि क्षेत्रों में स्वयंसेवियों द्वारा प्रसार कार्यक्रमों को बताया।इसके बाद स्वयंसेवियों ने लक्ष्य गीत गाया।कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रतिमा तिवारी जी ने सभी शिविरार्थियों को शुभकामनाएं दी तथा सामुदायिक सेवा की इस भावना की सराहना की।उन्होंने सभासद की ओर से हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।मंडल अध्यक्ष नीता दीक्षित ने वंदे मातरम का नारा लगाकर राष्ट्र भावना एवं चेतना का जयघोष किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो सुमन गुप्ता ने सभी स्वयंसेवियों को शुभकामनाएं दी एवं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के आदर्शों पर आधारित समाजसेवा एवं जागरूकता को स्वयंसेवियों को अपने जीवन में उतारने का संदेश दिया।उन्होंने एन एस एस के ध्येय वाक्य मैं नहीं बल्कि तुम पर चलकर अपने चरित्र का विकास करने की बात कही।शिविरार्थियों ने संकल्प गीत गाकर उदघाटन स्थल पर ऊर्जा का संचार किया। अंत में कार्यक्रम अधिकारी डॉ अखिलेंद्र कुमार मिश्र ने सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया। इसके पश्चात शिविरार्थियों ने जलपान किया।द्वितीय सत्र में सभी शिविरार्थी कार्यक्रम अधिकारी के नेतृत्व में रैली लेकर अभिगृहीत वार्ड किला मुहम्मदी गए तथा स्वच्छता का संदेश दिया।स्वयंसेवियों ने नारे लगाकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।अंत में लक्ष्य गीत के साथ शिविर का अवसान हुआ।

साइंस एंड क्राफ्ट एक्सपो बड़े उत्साह और जोश के साथ आयोजित किया गया

तीसरा विकल्प न्यूज़ संवाददाता लखनऊ

लखनऊ। आदर्श भारतीय विद्यालय द्वारा साइंस एंड क्राफ्ट एक्सपो बड़े उत्साह और जोश के साथ आयोजित किया गया। जिसमें विद्यालय के सभी कक्षा के बच्चों ने टीचर्स के मार्गदर्शन से विभिन्न प्रकार साइंस एंड क्राफ्ट के मॉडल्स स्वयं बना कर अपनी अदभुत प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विद्यालय प्रबंधक विशाल मेहता के द्वारा सभी अतिथियों और अध्यापक एंव अध्यापिकाओं ने आये हुए छात्रो के अभिभावकों का स्वागत किया। इस आयोजन मे बच्चो द्वारा विभिन्न तरह के मॉडल्स बनाये गए जैसे चंद्रयान - 3, ह्यूमन डिगेस्टिव सिस्टम, वाइंड मिल, मॉडल ऑफ़ सोलर इलीपेस, वॉलकानो, वाटर साइकिल, जंगल सफारी, 3डी मोडयूल, सोलर सिस्टम, रैन वाटर साइकिल एंड क्राफ्ट्स लाइक वेस्टस मटेरियल, रॉ मटेरियल्स द्वारा विभिन्न गृह सज्जा के क्राफ्ट्स बनाए तथा विज्ञान में बच्चो के द्वारा यह भी दर्शाया गया की मॉडल्स किस प्रकार से काम करते है। यह सभी मॉडल्स सह अध्यापक और अध्यापिकाओ जिनमें मोनिषा, रोशिनी, स्वर्णिमा, रजनी, नसरीन, अंजू, नीतू, नरगिस, जसप्रीत, कशिश, गौरव, महेन्द्र, और रामा के मार्गदर्शन द्वारा बनाये गए।

कृष्णा पब्लिक इण्टर कालेज में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया वार्षिकोत्सव

➲ हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट के मेधावी छात्र छात्राओं को किया गया सम्मानित बढ़ाया गया मान

तीसरा विकल्प न्यूज़ संवाददाता लखनऊ

लखनऊ। सरोजनी नगर न्यू बेहसा नियर गुडौरा पुल स्थित कृष्णा पब्लिक इण्टर कालेज में विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा रंगा रंग प्रस्तुति के माध्यम से देश हित और सामाजिक हित मे महिला सशक्तिकरण ,और नशा मुक्ति ,सहित भारत देश के प्रति समर्पण की भावना व्यक्त की गई,प्राँगण में उपस्थित समस्त प्रतिष्ठित सम्भ्रांत जनो ने तालियों की गड़गड़ाहट से छात्र छात्राओं का उत्साहवर्धन किया ,कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि रामचन्द्र सिंह प्रधान सदस्य विधान परिषद उत्तर प्रदेश ,अतिविशिष्ट अतिथि जितेन्द्र बहादुर सिंह राष्ट्रीय अध्यक्ष भारतीय पत्रकार एवं मानवाधिकार परिषद ,विशिष्ट अतिथि स्थानीय पार्षद प्रमोद कुमार यादव ,समाजसेवी अनार सिंह यादव उपस्थित रहे ,कृष्णा पब्लिक इण्टर कालेज के प्रबंधक एल एम यादव द्वारा आये हुए अतिथियों को माला पहनाकर पुष्प गुच्छ के साथ

अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया ,इसी क्रम में आये हुए अतिथियों द्वारा मेधावी छात्र छात्राओ को उनके माता पिता के साथ मंच पर उपहार दे कर माला पहनाकर मान बढ़ाया गया इंटरमीडिएट की छात्रा दीपांजली ने लखनऊ में छठी रैंक हासिल किया था , हाई स्कूल के छात्रआदित्य ने भी छठी रैंक हासिल की थी ,वही हाई स्कूल के छात्र अभय तथा दिव्यांश ने गणित विषय मे सौ में सौ नम्बर लाकर टॉप किया था ,,और अर्पिता ने भी दम खम के साथ मेहनत कर मेरिट में नाम हासिल किया था , इन सभी मेधावी छात्रों ने मेरिट में आकर विद्यालय के साथ साथ माता पिता और पूरी राजधानी का नाम रोशन किया हैं ,विद्यालय के प्रबंधक एल एम यादव ने मंच से सम्बोधित करते हुए कहा की इन सभी मेधावी छात्र छात्राओं से अन्य छात्र छात्राओं को भी सबक लेना चाहिये, क्यों कि पढ़ेगा इण्डिया तो बढ़ेगा इण्डिया कहते हुए बच्चो का मार्गदर्शन किया ,वही विद्यालय की दोनों शाखाओ के प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार यादव तथा मोहन अवस्थी ने भी बेहतर प्रस्तुति करने वाले बच्चो को एवं आये हुए अतिथियों और अभिभावकों सहित स्कूल स्टाफ का धन्यवाद सहित आभार व्यक्त किया और कहा आप सभी के सहयोग से यह कार्यक्रम सफलता पूवर्क पूर्ण किया जा सका ।

समाचार

नाबालिक लड़की को बहला फुसलाकर भगा ले जाने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

तीसरा विकल्प न्यूज़ संवाददाता इरफान कुरैशी

लखनऊ। (उत्तरी) क्षेत्र में थाना मड़ियांव पुलिस को वादी मुकदमा द्वारा वादी की 8 वर्ष की पुत्री को छेड़खानी की नीयत से, बला पुतला कर भाग ले जाने के संबंध में सूचना प्राप्त हुई, सूचना व तत्काल थाना स्थानीय की पुलिस टीम रवाना होकर घटनास्थल, श्याम बिहारी कॉलोनी फैजुल्लागंज थाना क्षेत्र मौके पर पहुंची जहां पर, वादी ने एक व्यक्ति को पकड़ रखा था, पकड़े गए व्यक्ति से नाम पता पूछने पर अपना नाम राकेश कुमार निवासी श्याम बिहारी कॉलोनी फैजुल्लागंज थाना मड़ियांव लखनऊ को गिरफ्तार किया गया, इसी क्रम में , डीसीपी, दिशा-निर्देश पर गठित की कई टीमें लगातार अपराधियों इसको धर पकड़ कर रही है। जिसमें आज थाना मड़ियांव प्रभारी निरीक्षक शिवानंद मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर, नियमानुसार विधिक कार्यवाही की गया है।

नहाते हुये वीडियो बनाकर 6 करोड़ की फिरौती मांगने वाला आरोपी गिरफ्तार

तीसरा विकल्प न्यूज़ संवाददाता इरफान कुरैशी

लखनऊ। लखनऊ पुलिस आयुक्त अमरेन्द्र कुमार सेंगर द्वारा, राजधानी लखनऊ (दक्षिणी) क्षेत्र में,थाना सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस को वादी की लिखित तहरीर के आधार पर थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कराया गया, पीड़ित द्वारा उनके पूर्व ड्राइवर सुधीर कश्यप पर शक जताते हुए पुलिस से अनुरोध किया, उसे पड़कर पूछताछ की जाय तो शायद कोई वीडियो के संबंध में जानकारी प्राप्त हो सकती है, थाना प्रभारी अंजनी कुमार मिश्रा ने शक्ति से पूछताछ की तो आरोपी ने स्वीकार किया, नहाते हुए वीडियो बनाई थी, फिरौती मांगी थी,सुधीर कश्यप निवासी 3/166 विनीतखंड गोमतीनगर लखनऊ, आरोपी ने वीडियो वायरल करने की धमकी भी दी थी, गिरफ्तार कर सफलता प्राप्त हुई, इसी क्रम में (दक्षिणी) डीसीपी, द्वारा दिशा निर्देश पर गठित कि कई टीमें लगातार अपराधियों को धर पकड़ कर रही है। जिसमें आज थाना सुशांत गोल्फ सिटी प्रभारी निरीक्षक अंजनी कुमार मिश्रा,के नेतृत्व में आरोपी को गिरफ्तार कर,नियमानुसार विधिक कार्यवाही की गया है।

स्वच्छ और सुरक्षित भविष्य के लिए पर्यावरण संरक्षण में जनभागीदारी जरूरी - डॉ. राजेश्वर सिंह का संदेश

तीसरा विकल्प न्यूज़ संवाददाता लखनऊ

सरोजिनीनगर। विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने शनिवार को सोशल मीडिया प्रोफाइल %एक्स% पर पर्यावरण से जुड़ी गंभीर चिंताओं को साझा किया और जागरूकता बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किए। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए और प्रत्येक नागरिक को इस दिशा में अपना योगदान देना चाहिए। सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने सभी नागरिकों से आह्वान किया कि वे पर्यावरण की सुरक्षा में सक्रिय भूमिका निभाएँ और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वच्छ और सुरक्षित भविष्य का निर्माण करें। उन्होंने कहा कि अगर हम सभी मिलकर छोटे-छोटे प्रयास करें, तो यह पृथ्वी को बचाने में एक बड़ा योगदान हो सकता है।

गोमतीनगर में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

तीसरा विकल्प न्यूज़ संवाददाता लखनऊ

लखनऊ। गोमतीनगर विवेक खण्ड 3व4 जनकल्याण समिति तथा मानवाधिकार जनसेवा परिषद के संयुक्त तत्वावधान में रविवार दिनांक 16 फरवरी 2025 को प्रातः 10.00 बजे से दोपहर 2.00 बजे तक अभिषेक मेमोरियल पार्क, विवेक खण्ड 4, गोमतीनगर में समिति की आम सभा में सदस्यों के लिए मैक्स सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल, गोमतीनगर, लखनऊ के द्वारा में 卐स्वास्थ्य जांच शिविर卐 लगाया जा रहा है जिसमें निःशुल्क ब्लड प्रेशर, बीएमआई, कोलेस्ट्रॉल, ब्लड शुगर, कैल्सियम, यूरिक एसिड (चार जांच में से कोई एक निःशुल्क) की जांच के साथ जनरल फिजीशियन, डाइटीशियन, डेण्टल सर्जन व फिजियोथेरेपिस्ट से परामर्श की सुविधा उपलब्ध रहेगी। उपरोक्त जानकारी रूप कुमार शर्मा अध्यक्ष मानवाधिकार जनसेवा परिषद, लखनऊ के माध्यम से उपलब्ध कराई गयी ।

खालसा इंटर कॉलेज की शिक्षिका के ससुर की मृत्यु पर कॉलेज प्रबंधक व चेयरमैन सहित कॉलेज स्टॉफ ने जताया शोक

तीसरा विकल्प न्यूज़ संवाददाता लखनऊ

लखनऊ। खालसा इंटर कॉलेज की शिक्षिका गायत्री ओझा के ससुर की शनिवार अपराह्न हृदय गति रुक जाने से मृत्यु होने पर कॉलेज प्रबंधक स. राजेन्द्र सिंह बग्गा, कॉलेज चेयरमैन स. चरनप्रीत सिंह बग्गा, प्रधानाचार्य स. वीरेन्द्र सिंह सहित समस्त स्टॉफ ने शोक जताया। अपराह्न लगभग ढाई बजे गायत्री ओझा द्वारा यह दुःखद सूचना मिलते ही प्रधानाचार्य स. वीरेन्द्र सिंह विद्यालय स्टॉफ के साथ उनके आनंद नगर, जेल रोड स्थित निवास स्थान पहुंचे। वहां पहुंचकर शिक्षक स्टॉफ ने शोक संतप्त परिवार को सांत्वना देते हुए दिवंगत की आत्मिक शांति के लिए ईश्वर से कामना करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की शिक्षिका के पति एवं हाई कोर्ट के प्रतिष्ठित अधिवक्ता मधुकर ओझा ने बताया कि उनके श्रद्धेय पिता पदमाकर ओझा को शुक्रवार की देर रात हृदय संबंधी समस्या हुई। स्वास्थ्य बिगड़ने पर उन्हे उपचार हेतु चौक स्थित लारी हॉस्पिटल ले गये, वहां शनिवार की सुबह उनकी हालत में सुधार हुआ अपराह्न उनकी हालत अचानक बिगड़ गई। ओझा ने बताया कि उनके पिता ने अपराह्न लगभग दो बजे अंतिम सांस ली। उनकी मृत्यु का समाचार मिलते ही घर पर रिश्तेदारों, अधिवक्ताओं,शुभचिंतकों व क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों का तांता लग गया। सभी ने दिवंगत को श्रद्धांजलि अर्पित की ।सांय बैकुंठ धाम भैसा कुंड पर उनका अंतिम संस्कार किया गया ।

वृद्धाश्रम में वृद्ध जनों के उत्तम स्वास्थ्य विषय पर आयोजित संगोष्ठी

तीसरा विकल्प न्यूज़ संवाददाता लखनऊ

सरोजनीनगर। सरोजनीनगर स्थित वृद्धाश्रम में शनिवार को आयुष मंत्रालय भारत सरकार के नेशनल इंस्टीट्यूट आफ नेचरोपैथी पुणे के सौजन्य से प्राकृतिक चिकित्सा एवं योग द्वारा वृद्ध जनों के उत्तम स्वास्थ्य विषय पर संगोष्ठी और स्वास्थ्य परामर्श इंटरनेशनल नेचुरोपैथी आर्गेनाइजेशन के तत्वाधान में आयोजित किया गया। संगोष्ठी की मुख्य अतिथि समाज कल्याण विभाग की डिप्टी डायरेक्टर सुनीता यादव और विशिष्ट अतिथि जिला समाज कल्याण अधिकारी सुनीता सिंह रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता वृद्ध आश्रम के प्रबंधक केवी वाजपेई ने की। संगोष्ठी के मुख्य वक्ता वरिष्ठ प्राकृतिक चिकित्सा एवं योग विशेषज्ञ डॉ. एसएल यादव, डॉ. अरुण कुमार भरारी, डॉ. नंदलाल जिज्ञासु, डॉ. विनोद कुमार यादव, डॉ. शिखा गुप्ता, योगाचार्य कृष्ण दत्त मिश्रा और वीरेंद्र विक्रम सिंह रहे। कार्यक्रम में डॉ. सुनीता यादव ने कहा कि शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ मानसिक स्वास्थ्य पर भी ध्यान दिया जाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य को संतुलित बनाए रखने के लिए योग चिकित्सा के निर्देशन में प्रशिक्षण बाद चिकित्सा की दृष्टि से नियमित सूचना व्यायाम एवं ध्यान करने से वृद्धावस्था को सुखमय बनाया जा सकता है। इंटरनेशनल नेचुरोपैथी आर्गेनाइजेशन उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ प्राकृतिक चिकित्सक डॉ. एसएल यादव ने कहा कि प्राकृतिक चिकित्सा स्वस्थ जीवन बिताने की एक कला तथा चिकित्सा विज्ञान है। प्राकृतिक चिकित्सा युक्त जीवन शैली से पेट रोग, कब्ज, गैस, एसिडिटी, बवासीर, मोटापा, ब्लड प्रेशर, मधुमेह और हृदय रोग से बचा जा सकता है। डॉ. अरुण कुमार भरारी ने कहा कि मानव शरीर पंचमहाभूत तत्वों (मिट्टी, पानी, धूप, हवा और आकाश) से बना है। इन्हीं तत्वों के चिकित्सकीय प्रयोग से संचारी और गैर संचारी रोगों को ठीक किया जाता है। बलरामपुर चिकित्सालय के वरिष्ठ प्राकृतिक चिकित्सा एवं योग चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. नंदलाल यादव ने बताया कि वृद्धावस्था में पेट संबंधी रोग, जोड़ों के दर्द, स्पॉन्डिलाइटिस, हृदय रोग, पेशाब संबंधित तकलीफ, लकवा, मानसिक तनाव एवं मानसिक अवसाद की समस्याएं अधिक पाई जाती हैं। उन्होंने कहा कि प्रतिवर्ष केवल एक माह की प्राकृतिक चिकित्सा षटकर्म के अभ्यास से इन जटिल रोगों से छुटकारा पाया जा सकता है। वहीं डॉ. शिखा गुप्ता ने बताया कि खाने में मिलेट्स जो ऊर्जा का समृद्ध स्रोत, पोषक तत्वों एवं फाइबर से भरपूर होते हैं तथा मिलेट्स में कम गिलास्मिक इंडेक्स पाए जाने के कारण मिलेट्स का सेवन स्वास्थ्य के लिए उत्तम होता है। योगाचार्य कृष्णदत्त मिश्र ने सभी को सूक्ष्म व्यायाम कराया और योगाचार्य वीरेंद्र विक्रम सिंह ने षटकर्मों व शोधन क्रियाओं के महत्व को उजागर किया। कार्यक्रम में थैरेपिस्ट रवि गुप्ता, वृद्ध आश्रम की प्रबंधक शैलेंद्र देवी, एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर केवी बाजपेई व डॉ. राकेश सिंह ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए। इस दौरान डॉ. अरुण कुमार भरारी, डॉ. राकेश सिंह व अभिषेक यादव ने हेल्थ चेकअप व परामर्श दिया। कार्यक्रम के अंत में वृद्ध जनों को अंकुरित अन्न एवं फल वितरण, हर्बल टी की व्यवस्था वैदिक योग प्राकृतिक चिकित्सा संस्थान लखनऊ द्वारा की गई। इस कार्यक्रम में करीब डेढ़ सौ लोगों ने हिस्सा लिया। वहीं दोपहर बाद करीब 3 बजे शुरू हुए कार्यक्रम का समापन शाम करीब 5:30 बजे किया गया।

डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने सिक्खी मेरी पहचान फाउंडेशन कार्यालय का किया उद्घाटन

तीसरा विकल्प न्यूज़ संवाददाता लखनऊ

लखनऊ। शनिवार को सिखी मेरी पहचान फ़ाउण्डेशन के कार्यालय का उदघाटन मा. उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक , बीजेपी महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी व जत्थेदार बाबा महिंदर सिंह के द्वारा किया गया। इस अवसर पर सैकड़ों की तादाद में सम्मिलित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सिख समाज के सभी सम्मानित भाइयों, बड़े-बुजुर्गों का हृदय से आभार व्यक्त किया गया । इस अवसर पर मुख्य रूप से पूर्व एमएलसी श्री अरविंद त्रिपाठी गुड्डू , अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य सरदार परविंदर सिंह , नगर मंत्री सरदार लखविंदर पाल सिंह , आदरणीय पार्षद श्री सौरभ सिंह मोनू , सरदार रणवीर सिंह कलसी , आलमबाग गुरुद्वारा प्रधान सरदार निर्मल सिंह , सरदार मान सिंह पनेसर , सरदार सरबजीत सिंह , सरदार राजिंदर सिंह दुआ , सरदार सतपाल सिंह मीत , सदर गुरुद्वारा प्रधान सरदार तेजपाल सिंह रोमी , सरदार राजू अनेजा , सरदार रतपाल सिंह , सरदार सुरिंदर पाल सिंह घई , सरदार निरवैर सिंह , सरदार दविंदर सिंह , सरदार राजिंदर सिंह बग्गा , सरदार भूपिंदर सिंह , सरदार मनमीत सिंह , सरदार मनदीप मल्होत्रा , सरदार सुखदेव सिंह , सरदार जसवंत सिंह , सरदार कुलवंत सिंह सहित सम्मानित वरिष्ठ जन उपस्थित रहे।

संस्मरण : राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त शिक्षिका डॉ. स्नेहिल पाण्डेय

तीसरा विकल्प न्यूज़ संवाददाता ब्यूरो

एक सरकारी अतिथि के तौर पर सरकारी कार्यक्रम का हिस्सा बनना वह भी वीआईपी ट्रीटमेंट के साथ,, सरकारी वाहन से आना-जाना, सरकारी खर्च में रुकना एवं जिला प्रशासन तथा समस्त ब्यूरोक्रेट्स द्वारा दिया जाने वाला अटेंशन आपको सहसा ही अचंभित कर जाता है। आपको सम्मान दिया जाना, कहीं ना कहीं इस बात को गहरे कर जाता है कि यदि आप कुछ ठान लें तो किस्मत भी आपके उस सपने को पूरा करने के लिए कटिबद्ध रहती है,जिलाधिकारी एवं मुख्यविकासअधिकारी महोदय द्वारा द्वारा पर खड़े रहकर स्वागत करना,शायद जीवन का पहली बार अनुभव हुआ,,इस तरीके की आवभगत की ना तो मैं अभ्यस्त हूं,ना ही आकांक्षा है,ना लालसा,लेकिन जाने क्यों वर्णित करने में उल्लास और हर्ष की अनुभूति हो रही है। जिलाधिकारी बदायूं निधि श्रीवास्तव द्वारा बुके देकर द्वार पर ही स्वागत करना,,काफी देर प्रतीक्षा में खड़े रहना,, मेरी आंखों में अश्रुपूरित मुस्कान दे गया, विभिन्न विभागों के अधिकारीगणों द्वारा पंक्तिबद्ध होकर करतल ध्वनि के साथ मुझ जैसी साधारण प्राथमिक शिक्षिका का स्वागत करना,अपने आप में अमूल्य और अविस्मरणीय बन गया । समस्त बदायूं जनपद के एसडीएम,जिला कार्यक्रम विभाग, महिला कल्याण विभाग एवं आंगनवाड़ी विभाग, चिकित्सा विभाग एवं बेसिक शिक्षा विभाग को मैं हृदय की गहराइयों से नमन करती हूं कि उन्होंने मुझे इतने आदर और सम्मान के साथ अपने दो दिवसीय प्रवास में किसी भी चीज़ की कमी नहीं होने दी। उपभोक्ता मंत्रालय ,खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण, सामाजिक न्याय के राज्य मंत्री श्री बी. एल .वर्मा द्वारा सम्मानित होना स्मरणीय अनुभव रहा। बदायूं जनपद के इस स्नेहिल अनुभव को मैं कभी नहीं भूलूंगी ,,इसका भी अपना आनन्द है,, कि विद्वान सर्वत्र पूज्यते ऐसा सुनते और पढ़ते बचपन से चले आ रहे हैं। यदि आपको अन्य जनपदों में, जिन ब्यूरोक्रेट्स को हम बहुत ऊंची , उत्सुक निगाहों से देखते हैं कि वह हमारे पास क्यों बैठेंगे, हमसे बात क्यों करेंगे ,लेकिन यदि इस तरीके का सहजता भरा वातावरण मिले तो व्यक्ति की अनेक कुशलताएं भी सामने आती है और व्यक्तित्व विकास भी होता है। जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव,मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार,जिला कार्यक्रम अधिकारी अभय कुमार, तथा समस्त उप जिलाधिकारी गण, एडीएम तथा पुलिस अधीक्षक सभी का धन्यवाद ज्ञापित करुंगी ,,कि जिन्होंने सहजता को इस स्तर तक लाकर जता दिया, कि ऊंचाइयों पर यदि आप हैं तो आपको इस स्तर पर विनम्र होना होगा, कि सामने वाले व्यक्ति को अपने सूक्ष्म होने का एहसास ही ना हो। मै आदरणीय जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव,मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार ,जिला कार्यक्रम अधिकारी अभय कुमार, तथा समस्त उप जिलाधिकारी गण, एडीएम तथा पुलिस अधीक्षक ,डॉ. बृजेश कुमार सिंह सभी का धन्यवाद ज्ञापित करुंगी ,,कि जिन्होंने सहजता को इस स्तर तक लाकर जता दिया, कि ऊंचाइयों पर यदि आप हैं तो आपको इस स्तर पर विनम्र होना होगा, कि सामने वाले व्यक्ति को अपने सूक्ष्म होने का एहसास ही ना हो।

बच्चों ने सपनों को सच करने के लिए की मेहनत

तीसरा विकल्प न्यूज़ संवाददाता लखनऊ

लखनऊ। शनिवार को छोटे से क्षेत्र में बच्चों ने अपने सपनों को सच करने के लिए कठिन मेहनत की और अब वे मुक्केबाजी में अपनी पहचान बना रहे हैं। जोश बॉक्सिंग अकादमी, जो कि मो. सैफ खान की

संपादकीय

दिल्ली जीतकर भारतीय जनता पार्टी ने दिखाई धमक

पिछले लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस ने करीबन 30 विपक्षी दलों को साथ लेकर भाजपा के खिलाफ एक मजबूत इंडिया गठबंधन बनाया था। जिसमें शामिल सभी विपक्षी दलों ने ज्यादातर सीटों पर एक साथ मिलकर चुनाव लड़कर भाजपा को कड़ी टक्कर दी थी। दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा ने बड़ी जीत हासिल कर अपनी धमक दिखायी है। 1998 में भाजपा दिल्ली विधानसभा चुनाव हार गई थी। उसके बाद इस बार के चुनाव में ही भाजपा जीत कर अपनी सरकार बनाने वाली है। लगातार छह बार विधानसभा चुनाव में हारने से भाजपा के लिए इस बार के दिल्ली विधानसभा के चुनाव बड़ी प्रतिष्ठा के सवाल बने हुए थे। इसीलिए भाजपा ने दिल्ली विधानसभा के चुनाव में जीत हासिल करने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा दिया था। इस बार के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने दिल्ली में मुख्यमंत्री रहे अरविंद केजरीवाल, उपमुख्यमंत्री रहे मनीष सिसोदिया सहित आम आदमी पार्टी के कई दिग्गज नेताओं को हराकर अपनी पुरानी हार का बदला ले लिया है। पिछले लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस ने करीबन 30 विपक्षी दलों को साथ लेकर भाजपा के खिलाफ एक मजबूत इंडिया गठबंधन बनाया था। जिसमें शामिल सभी विपक्षी दलों ने ज्यादातर सीटों पर एक साथ मिलकर चुनाव लड़कर भाजपा को कड़ी टक्कर दी थी। लोकसभा चुनाव में भाजपा नीत एनडीए गठबंधन को 293 लोकसभा सीट ही मिल पाई थी। जबकि 400 पार का नारा देने वाली भाजपा महज 240 सीटों पर सिमट गई थी। वहीं इंडिया गठबंधन ने 236 सीटे जीती थी। कांग्रेस 53 सीटों से बढ़कर 99 सीटों पर पहुंच गई थी। इसी तरह समाजवादी पार्टी उत्तर प्रदेश में 5 सीटों से बढ़कर 37 सीटों पर पहुंच गई थी। हालांकि एनडीए गठबंधन में शामिल साथी दलों के सहयोग से भाजपा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार केन्द्र में सरकार बनाने में सफल रही। मगर सामान्य बहुमत से दूर रहने के चलते भाजपा का मनोबल काफी कमजोर हो रहा था। वहीं इंडिया गठबंधन में शामिल विपक्षी दलों की लोकसभा में संख्या बढ़ने से वह सरकार पर जोरदार हमला कर रहा था। लोकसभा चुनाव के बाद हरियाणा विधानसभा के चुनाव में कांग्रेस को पूरा भरोसा था कि उनकी पार्टी की सरकार बनेगी। इसलिए कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव से इतर विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी से समझौता नहीं कर अकेले ही चुनाव मैदान में उतरी थी। मगर हरियाणा विधानसभा के चुनाव में भाजपा ने 48 सीटे जीतकर कांग्रेस को करारी शिकस्त दी थी। हरियाणा में जीत से देशभर में भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं का मनोबल भी बढ़ा। भाजपा ने हरियाणा में जहां लगातार तीसरी बार सरकार तो बनायी ही इसके साथ ही अब तक की सबसे अधिक 48 सीट जीत कर यह दिखा दिया कि लोकसभा चुनाव परिणाम से भाजपा के कार्यकर्ता निराश नहीं है। उसके बाद महाराष्ट्र व झारखंड विधानसभा के चुनाव संपन्न हुए। महाराष्ट्र में भाजपा ने अब तक की सबसे अधिक सीटे जीतकर एक नया रिकॉर्ड बनाया। झारखंड में भाजपा चुनाव हार गई। मगर महाराष्ट्र में भाजपा की बड़ी जीत में झारखंड की हार दब कर रह गई। महाराष्ट्र में भाजपा ने अकेले 132 सीटे जीती जो अब तक की सबसे अधिक थी। वहीं भाजपा के सहयोगी शिवसेना व राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ने भी करीबन 100 सीट जीतकर महाराष्ट्र में कांग्रेस, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी शरद चंद्र पवार व शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे को मात्र 46 सीटों पर समेट दिया। हरियाणा व महाराष्ट्र चुनाव भाजपा के लिए एक नई संजीवनी साबित हुए थे। पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा गठबंधन महाराष्ट्र में महज 17 सीट ही जीत पाया था। मगर विधानसभा चुनाव में मिली बंपर जीत ने लोकसभा चुनाव की हार को भुला दिया। हाल ही में दिल्ली विधानसभा के चुनाव में भी भाजपा ने पहली बार 48 सीट जीतकर एक नया इतिहास रचा है। दिल्ली विधानसभा में भाजपा पिछले 26 वर्षों से सत्ता से बाहर थी। दिल्ली में 1998, 2003 व 2008 में लगातार तीन बार कांग्रेस की सरकार बनी थी। वहीं 2013, 2015 व 2020 में लगातार तीन बार आम आदमी पार्टी की सरकार बनी थी। 2015 में महज 3 सीट व 2020 में मात्र 8 सीट जीतने वाली भाजपा ने इस बार 48 सीट जीतकर अपनी ताकत का अहसास करवाया है। हालांकि 2014, 2019 व 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा दिल्ली की सभी 7 सीटे जीतकर हैट्रिक बना चुकी है। मगर विधानसभा चुनाव में लगातार 6 बार सत्ता से बाहर रहने के कारण भाजपा इस बार हर हाल में दिल्ली में अपनी सरकार बनाना चाहती थी। इसके लिए भाजपा के सभी नेता व कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर चुनाव लड़ा और जीत हासिल की। यदि भाजपा इस बार भी दिल्ली में चुनाव हार जाती तो आगे आने वाले बिहार, असम विधानसभा के चुनाव में उसे नुकसान उठाना पड़ सकता था। दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 48 सीटों के साथ 45.56 प्रतिशत वोट भी प्राप्त किये है। जो भाजपा का अब तक का सर्वोच्च आंकड़ा है। पिछले विधानसभा चुनाव की तुलना में जहां भाजपा की 40 सीट बढ़ गई है। वहीं उसका वोट प्रतिशत भी 7.38 प्रतिशत बढ़ा है। भाजपा को कुल 46 लाख 23 हजार 110 वोट मिले हैं। वहीं आम आदमी पार्टी महज 22 सीटों पर ही सिमट गई। उसे 43.57 प्रतिशत मत मिले हैं। जो पिछले विधानसभा चुनाव की तुलना में 10 प्रतिशत कम हैं। आम आदमी पार्टी को 41 लाख 33 हजार 898 वोट मिले हैं। इस बार दिल्ली विधानसभा चुनाव जीतने के लिए भाजपा ने चुनावों के दौरान आम आदमी पार्टी की आपदा पार्टी वाली छवि बना दी थी। पार्टी के बड़े नेता अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया सत्येंद्र जैन, संजय सिंह को भ्रष्टाचार के आरोपों में जेल जाने को भाजपा ने बड़ा मुद्दा बना कर दिल्ली की जनता को आम आदमी पार्टी की वास्तविकता से रूबरू करवाया। इसके साथ ही अरविंद केजरीवाल द्वारा मुख्यमंत्री आवास में करवाए गए कार्यों को भाजपा ने शीशमहल कहकर प्रचारित किया। जिससे दिल्ली के आम मतदाताओं को लगने लगा कि जिस पार्टी को वह अपनी हमदर्द पार्टी मानकर लगातार तीन बार से चुनाव जीतवा रहा है। उस पार्टी के नेता भी अन्य राजनीतिक दलों के नेताओं की तरह भ्रष्टाचार करने लगे हैं। मतदाताओं की यह सोच आम आदमी पार्टी के खिलाफ गई और उसे चुनाव में करारी पराजय झेलनी पड़ी। दिल्ली विधानसभा के चुनाव में इस बार मतदाताओं ने दलबदलुओं को भी उनकी औकात दिखा दी। 24 दलबदलू नेता भाजपा, आप व कांग्रेस पार्टी से टिकट प्राप्त कर चुनाव मैदान में उतरे थे। जिनमें से महज नो नेता ही चुनाव जीत सके। बाकी 15 प्रत्याशियों को हार का सामना करना पड़ा।

आयकर कानून के सरल होने से विवाद घटेंगे

ललित गर्ग

वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में गुरुवार को 64 साल पुराने आयकर कानून-1961 के सरलीकरण और इसमें चले आ रहे बेवजह के प्रविधानों को समाप्त करने के उद्देश्य से नया इनकम टैक्स बिल-2025 पेश कर दिया। 622 पन्नों के इस विधेयक में 536 धाराएं शामिल हैं। जबकि आयकर कानून-1961 में 1647 पन्ने और 819 धाराएं रही है। इस विधेयक में कई पुराने और जटिल प्रावधानों को हटाकर करदाताओं के लिए इसे आसान और पारदर्शी बनाया गया है। नए कानून का उद्देश्य कर प्रक्रिया को स्पष्ट, सहज, सरल और कानूनी उलझनों से मुक्त बनाना है जिससे लंबे समय तक चलने वाले विवादों की संख्या कम हो। इसे लागू करने की संभावित तारीख 1 अप्रैल 2026 तय की गई है। निश्चित ही नये आयकर कानून से टैक्स व्यवस्था में पारदर्शिता और सरलता के नए दौर की शुरुआत होगी, यह आयकर कानून का नया सूरज है, जो जटिलताओं एवं पेचिदगियों की जगह सरलता एवं सहजता की रोशनी बनेगा। मौजूदा आयकर कानून की तुलना में नया आयकर कानून शब्दों और धाराओं की संख्या के हिसाब से काफी छोटा है, पुराने इनकम टैक्स एक्ट में 5.12 लाख शब्द थे, जबकि नए बिल में सिर्फ 2.6 लाख शब्द हैं। एक्ट के अलग-अलग चैप्टर भी 47 से घटाकर 23 कर दिए गए हैं, नए कानून में 1,200 प्रावधान और 900 स्पष्टीकरण हटा दिए गए हैं। इन बदलावों का मकसद यह है कि लोग आसानी से आयकर के नियम समझ सकें और टैक्स भरने की प्रक्रिया पहले से आसान हो जाए। यह बिल आयकर प्रावधानों को सरल और आसान बनाने के बड़े मकसद से जुड़ा है, जिसका फायदा आने वाले वर्षों में दिख सकता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी प्रारंभ से ही कम-से-कम कानूनों एवं सरल-व्यवस्था के हिमायती रहे हैं।

> “ नए कानून का उद्देश्य कर प्रक्रिया को स्पष्ट, सहज, सरल और कानूनी उलझनों से मुक्त बनाना है जिससे लंबे समय तक चलने वाले विवादों की संख्या कम हो। इसे लागू करने की संभावित तारीख 1 अप्रैल 2026 तय की गई है ”

दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर देश में आर्थिक क्रांति का शंखनाद अनेक मोर्चे पर हो रहा है। न केवल भारत की अर्थव्यवस्था बदली है बल्कि हमारे आसपास की पूरी दुनिया बदल चुकी है। 1961 में बने आयकर कानून में बदलती जरूरत के मुताबिक नए-नए संशोधन होते रहे, जिससे इसकी जटिलता बढ़ती चली गई। यह जटिलता न केवल करदाताओं को उलझन में डालती थी बल्कि कानूनी प्रावधानों की कई तरह से व्याख्या अनेक उलझने एवं विवाद खड़ा करती रही है। इन जटिल होती परिस्थितियों का परिणाम यह हुआ कि अपने देश में टैक्स को लेकर विवाद लगातार बढते गये। इन लगातार बढ़ते विवादों के कारण ही इसे दुनिया की टैक्स विवादों की राजधानी कहा जाने लगा। खासकर पिछले करीब डेढ दशक में यह ट्रेंड बहुत तेजी से बढ़ा। नौबत ऐसी आ गई कि 2023-24 तक टैक्स संबंधी मुकदमों में विवादित रकम बढ़कर 15.4 लाख करोड़ रुपये हो गई, जिसका करीब 87 प्रतिशत हिस्सा डायरेक्ट टैक्स से जुड़ा है। संभावनाएं हैं एवं सराहनीय भी है कि नये कानून के लागू होने से विवाद भी कम होंगे एवं जनता भी राहत की सांस लेगी। निश्चित ही यह कदम स्वागतयोग्य है। इस कानून को लाकर मोदी सरकार और विशेषतः वित्तमंत्री ने अपने दायित्व का ईमानदारी से पालन किया है। आयकर कानून-1961 की जटिलताओं के कारण विवादों का अंबार लगा रहा है। जबकि आयकर विभाग को इन विवादों से कोई फायदा भी नहीं होता है क्योंकि इनमें जीत का उसका रेकॉर्ड बड़ा खराब रहा है। ऑर्गनाइजेशन फॉर इकॉनमिक कोऑपरेशन एंड डिवेलपमेंट (ओईसीडी) की ओर से 34 देशों में टैक्स विवादों पर हुई एक स्टडी के मुताबिक 2015 में भारत में टैक्स विभाग को महज 11.5 प्रतिशत मामलों में ही जीत मिली थी। ओईसीडी देशों का औसत इस मामले में 65 प्रतिशत है। अवश्य ही यह स्थिति भारत के लिये चिन्ताजनक रही है। अब इस स्थिति में सुधार होने की संभावना है। आर्थिक विशेषज्ञों की मानें तो नए आयकर कानून से कर संहिता अधिक सरल हो जाएगी और वह आयकर अधिकारियों के साथ आयकरदाताओं को भी राहत प्रदान करेगी। इससे अच्छा और कुछ नहीं कि आयकरदाताओं को जटिल नियमों के साथ आसानी से समझ न आने वाली भाषा से छुटकारा मिले। देश में ऐसी सरल कर प्रक्रिया की अपेक्षा रही है कि कोई भी आदमी कर चुकाने के मामले में जमीनी और कागजी, दोनों ही स्तरों पर आत्मनिर्भर हो। नया कानून इस बड़ी अपेक्षा की पूर्ति करते हुए बड़ी परेशानियों से मुक्ति की राह प्रशस्त कर रहा है। ऐसे में चाहे असेसमेंट ईयर के बदले टैक्स ईयर जैसी शब्दावली तय करने की बात हो या सैलरी डिडक्शन से जुड़े तमाम प्रावधानों को एक सेक्शन में रखने की या खेती से जुड़ी आमदनी संबंधी प्रावधानों पर स्पष्टता लाने की, प्रस्तावित बिल सही ढंग से अमल में आए तो यह देश की टैक्स व्यवस्था को मजबूती देने के साथ नया भारत, सशक्त भारत एवं विकसित भारत के संकल्प को भी बदल देगा। चूंकि आयकर विधेयक को संसदीय समिति के पास भेजने का निर्णय लिया गया है, इसलिए यह आशा की जाती है कि वहां उस पर व्यापक एवं स्वस्थ विचार-विमर्श के दौरान उसे वास्तव में सरल रूप देने में मदद मिलेगी।

ट्रम्प की हथकड़ी बेड़ी में जकड़ा भारत और मिमियाते हुक्मरान



आलेख : बादल सरोज

5 फरवरी को भारत ने भारत की जमीन पर भारतियों का जो अपमान देखा, वह इतिहास में शायद ही पहले कभी देखा हो। जानवरों की तरह हथकड़ियों में बंधे, बेड़ियों में जकड़े 104 भारतीय, जिनमे 23 महिलायें, 12 बच्चे और 79 पुरुष थे, अमृतसर के हवाई अड्डे पर अमरीकी सैनिक विमान से उतारे जा रहे थे। वे करीब 40 घंटे से अधिक से इसी दशा में थे ; रास्ते भर उन्हें अपनी जगह से हिलने की अनुमति नहीं थी। अपने हाथ से कुछ खाने-पीने की इजाजत भी नहीं थी। शौचालय जाने के लिए भी हथकड़ी बेड़ियों समेत घिसट-घिसट कर जाना और आना पड़ता था। ऐसा बर्ताब बंदी बनाई गयी आजाद हिन्द फ़ौज के साथ अंग्रेजों ने भी नहीं किया था, बांग्लादेश के मुक्ति संग्राम के समय जनरल नियाजी के साथ सरेंडर करने वाले 90 हजार पाकिस्तानी युद्धबंदियों के साथ भारत ने नहीं किया था। और तो और, हाल में पाकिस्तान में दुर्घटनाग्रस्त हुए भारतीय पायलट अभिमन्यु सहित भारत के युद्धबंदियों के साथ पाकिस्तान तक ने नहीं किया। यह उस देश - भारत - के नागरिकों के साथ किया गया जिसका सुप्रीम कोर्ट हथकड़ियां लगाने के खिलाफ 1978 में ही फैसला सुना चुका है और कह चुका है कि 卐आरोपी व्यक्तियों को अदालत ले जाते समय अंधाधुंध हथकड़ी लगाना और जेल के कैदियों पर जबरन बेड़ियां लगाना गैरकानूनी है और (अदालत की पूर्वानुमति वाले) कुछ मामलों को छोड़कर इसे तुरंत बंद किया जाना चाहिए। सार्वजनिक रूप से बेतहाशा हथकड़ी लगाना और जंजीर से बांधना हमारी संवेदनाओं को अपमानित करता है, उन्हें शर्मसार करता है और हमारी संस्कृति पर कलंक है।卐 उस देश के नागरिकों को, जो अपराधी भी नहीं थे, इतना जलील करके उन्हीं के देश में उतारा जा रहा था। राष्ट्र-राज्य की अवधारणा में किसी भी देश में बसने वाला नागरिक, भले वह अपराधी ही क्यों न हो, उस देश का प्रतिनिधि माना जाता है, उसके साथ किये जाने वाला व्यवहार-दुर्व्यवहार संबंधित देश के साथ किया जाने वाला बर्ताव माना जाता है। इस तरह यह पंजाब और हरियाणा के उन नागरिकों के साथ किया सलूक नहीं है, जिन्हें कथित अवैध प्रवासी मानकर ट्रम्प के अमरीका ने इस भयानक दुर्दशा में भेजा ; यह करीब डेढ़ अरब की आबादी वाले भारत राष्ट्र के साथ किया गया बर्ताब है। इस पर इंडिया दैट इज भारत की सरकार ने क्या किया? छोटे-छोटे माने जाने वाले देश भी अपने नागरिकों के साथ इस तरह की ज्यादतियां और बेहूदगियां बर्दाश्त नहीं करते ; इस बार भी नहीं किया। कोलंबिया और मैक्सिको जैसे देशों ने, अमरीका के नजदीक बसे होने के बावजूद अपने नागरिकों के साथ ऐसा नहीं होने दिया। बिफरे हुए सांड की तरह सींग दिखा रहे, भूखे भेड़िये की तरह लाल आंखें दिखा रहे डोनाल्ड ट्रम्प के हवाई जहाज इन देशों ने अपने हवाई अड्डों पर उतरने नहीं दिए, उन्हें वापस लौटा दिया। और इस तरह अपने नागरिकों और राष्ट्र-राज्य की गरिमा बनाये रखी। उनके राष्ट्रपतियों ने भेड़िये की आंखों से आंखें मिलाकर उसे उसकी हैसियत दिखा दी। मेक्सिको की महिला राष्ट्रपति क्लाउडिया शेनबौम पार्डो ने अपनी रीढ़ पर सीधे खड़े होकर अमरीकी धमकियों को अनसुना कर दिया। कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्ताव पेट्रो ने तो ट्रम्प और उसकी अमरीका को उसकी औकात ही याद दिला दी। उन्होंने कहा कि 卐वे दुनिया भर से आकर अमरीका को आज का अमरीका बनाने वाले मेहनतकश अमरीकियों को अमरीका मानते हैं, उनका सम्मान करते हैं, दासों के व्यापारी किसी गोरे गुलाम (ट्रम्प) से हाथ तक मिलाना मेरे जमीर को स्वीकार नहीं है।卐 पेट्रो ने कोलंबिया को दुनिया का दिल बताते हुए आर्थिक प्रतिबंधों की धमकियों के जवाब में कहा कि 卐हम हवाओं, पहाड़ों, कैरेबियन समंदर और स्वतंत्रता की धरती के लोग हैं, किसी आर्थिक ताकत से नहीं डरते।卐 लातिनी अमरीका और तीसरी दुनिया के खुद्दार नेताओं की हत्याओं के अमरीका के जघन्य रिकॉर्ड का उल्लेख करते हुए उन्होंने यहां तक कहा कि 卐आप (ट्रंप) मुझे मार देंगे, लेकिन मैं अपने लोगों में जीवित रहूंगा, जो आपके लोगों से पहले, अमेरिका में हैं।卐 जब महज सवा पांच करोड़ की आबादी वाले देश का राष्ट्रपति इस बेबाकी के साथ बोलते हुए अमरीकी जहाज़ों को उतरने नहीं दे रहा था, तब स्वयंभू विश्व गुरु, अबकी बार ट्रम्प सरकार, हाउडी मोदी और हाउडी ट्रम्प की नौटंकी करने वाले, ट्रम्प को अपना माय डिअर फ्रेंड बताने वाले, उसके शपथ ग्रहण समारोह के बुलावे के लिए नया परिधान सिलाए बैठे, उसे खुश करने के लिए अमरीकी ऑटोमोबाइल कंपनियों के मालों पर कस्टम ड्यूटी घटाने वाले नरेन्द्र मोदी मौनी बाबा बने कुंभ के मेले में डुबकी लगा रहे थे। उनकी सरकार आजाद भारत के इतिहास को कलंकित करके ट्रम्प का बाजा बजा रही थी। अपनी सरकार की कायरता और रीढ़विहीनता को सही ठहराते हुए मोदी के विदेश मंत्री जयशंकर सिंह ट्रम्प के प्रवक्ता की तरह उसके अरक्षणीय कुकर्म की रक्षा करने में प्राणप्रण से जुटे हुए थे। अपने देश, जिसके वे विदेश मंत्री हैं, के नागरिकों के साथ हुई अमानवीयता को पूरी बेशर्मी के साथ जायज और 'जरूरी' ठहरा रहे थे। उन्होंने कहा कि 卐हथकड़ियां लगाना अमरीका की नीति है।卐 झूठ तक बोला कि महिलाओं और बच्चों को हथकड़ियां नहीं लगाई गयी थीं, जबकि अमृतसर हवाई अड्डे पर उतरी महिलाओं ने मीडिया को बताया कि हथकड़ियां उन्हें भी पहनाई गयी थीं। अमरीका में भारतीय दूतावास ने अपने नागरिकों को कोई कानूनी सहायता या मदद देने के लिए क्या किया, यह पूछे जाने पर जयशंकर ने ढीठता के साथ कहा कि किसी ने मदद मांगी ही नहीं थी। जयशंकर कोई नौसिखिया नहीं है, पुराने और प्रशिक्षित डिप्लोमेट हैं ; विदेश मंत्री बनने से पहले वे विदेश सचिव थे, इस नाते उन्हें पता होगा कि अन्य देशों के नागरिकों के लिए प्रोटोकॉल क्या होते हैं, दूतावासों के काम क्या होते है। इस सबका नतीजा यह निकला कि बजाय माफ़ी मांगने के भारत में बैठा अमरीका का राजदूत प्रेस बयान करके उकसाने और चिढाने वाले बयान देने तक पहुंच गया और वापस भेजे गए भारतीयों को दूसरे ग्रह का प्राणी - एलियंस - बताने लगा। उसके इस बयान पर आपत्ति जताने का साहस भी स्वयंभू राष्ट्रवादियों की सरकार नहीं जुटा पायी। इसका विरोह गुरु की गीले गुड़ की अवस्था से आगे %चेले शक्कर हो गए% की मुद्रा में इनसे भी ज्यादा झुक कर डेविल्स एडवोकेट बन शैतान की वकालत करने तक उतर आया। 'कोई अपराध करेगा तो उसके साथ अपराधियों जैसा ही बर्ताव किया जायेगा' के तर्क दिए जाने लगे। एक मोहतरमा तो ऐसा कर दिखाने के लिए अमरीका और ट्रम्प की तारीफों के पुल बांधती नजर आयीं। 'पहली बार ऐसा नहीं हुआ, कांग्रेस की सरकार के दौरान भी ऐसा हुआ था' जैसे बचाव किये जाने लगे ; यह बात अलग है कि सरे बाजार पाबजौला लाने जैसा इस बार हुआ है, पहले ऐसा कभी नहीं हुआ था। मोदी मीडिया तो लगभग थैंक्यू ट्रम्प की मुद्रा में गिनाने लगा कि सवारी वायुयान से भेजने का सस्ता रास्ता चुनने की बजाय मिलिट्री के जहाज से भेजा गया, जो ज्यादा महँगा पड़ता है। यह वैसी ही बात है कि जूते मारे तो मगर फटी पुरानी पन्हैयाँ नहीं मारी वुडलैंड और आडीदास के जूते इस्तेमाल किये। यही है मोदी का असली इंडिया ; अमरीका और ताकतवार लुटेरी साम्राज्यवादी ताकतों के आगे झुका झुका, कातर और घिघियाता हुआ बना दिया गया इंडिया। एक जमाने में जो भारत दुनिया के सवा सौ गुटनिरपेक्ष देशों का सर्वमान्य और सम्मान्य नेता था, जिसने बांग्लादेश के मुक्ति संग्राम के वक़्त भेजे सातवें अमरीकी बेड़े से डरे बिना उसे लौटने को विवश कर दिया था, जिसकी विश्व शान्ति हिमायती और समृद्ध देशों के वर्चस्वकारी युद्ध की मुखालफत करने वाली नीतियों ने खुद को दुनिया का दरोगा मानने वाले अमरीका में इतनी खीज पैदा कर दी थी कि रिचर्ड निक्सन और हेनरी कीसिंजर जैसे उन्हें दर्ज करते-करते गाली-गलौज तक उतर आये। उस भारत को आज यहाँ लाकर खड़ा कर दिया गया है कि उसके मौजूदा हुक्मरान अपने नागरिकों के साथ हुए अमानवीय दुर्व्यवहार पर मिमियाना तो दूर, उलटे उसकी हिमायत कर रहे हैं। यह बात इसलिए और अधिक जरूरी है, क्योंकि अभी सिर्फ 104 हिन्दुस्तानी लौटे हैं ; अमरीकी प्यु रिसर्च सेंटर के अनुसार अमरीका में कोई 7 लाख 25 हजार भारतीय ऐसे हैं, जिन्हें अवैध माना जाता है। इनमें से 18 हजार तो ट्रम्प छांट भी चुका है और अगले जहाज़ों से वे आने भी वाले है। मोदी जी के इस इस्तिदाए ट्रम्प इश्क में होता है क्या, यह आगे आगे उनके अपने गुजरात को भी देखना है, क्योंकि अमरीकी दावे के मुताबिक़ करीब दस लाख (एक मिलियन) भारतीय अवैध रूप से रह रहे हैं - जिनमे बड़ी संख्या गुजरातियों की है ; तकरीबन एक लाख भारतीय बिना कागज पत्तर के दाखिल होने की कोशिश - डंकी करते हुए - हर साल पकड़े जाते हैं। उनमें भी गुजराती सबसे ज्यादा होते हैं। ये ही मेडीसन स्क्वेर की उस भीड़ को बनाते हैं, जो 卐मोदी-मोदी卐 करती है। सवाल ये है कि ये वैध-अवैध, अमरीकी-अनअमरीकी तय करने का आधार क्या है? कोलंबिया के राष्ट्रपति ने ट्रम्प को ठीक ही याद दिलाया है कि वे उनसे पहले, बहुत पहले से वहां हैं। दक्षिण अमरीका, अफ्रीका और एशिया से गुलामों को लाकर बेचने वाले गोरों के पहले से वे हैं ; ट्रम्प और उन जैसे लुटेरे ही बाहर से आये है और अनअमरीकन है। खांटी अमरीकन है किस चिड़िया का नाम? अमरीका तो रेड इंडियंस, वम्पानो आग, जूनी, नवाजो, और होपी जनजातियों और चेरोकी, चोक्टाव, चिकासॉ, मस्कोगी और सेमिनोल ऐसे ही अन्य आदिवासी कबीलों का था - बाकी सब तो ट्रम्प की भाषा में कहें, तो 500 साल के घुसपैठिये ही हैं। नवम्बर में ट्रम्प के जीतने के बाद उपजी आशंकाओं से जुड़े इसी कॉलम में ट्रम्प कुनबे के अवैध प्रवासी पाखंड की हास्यास्पद विसंगति की याद दिलाई थी। उसे दोहरा नहीं रहे हैं। इसलिए मुद्दा बाहरी और अंदरूनी का है ही नहीं। असल मुद्दा पूंजीवाद के दिवालिया होने से उपजे सन्निपात का है, मरणासन्न पूंजीवाद के वेंटीलेटर में लगी दवाओं के बेअसर होते जाने से उपजे डर और उससे बचने के नए रास्ते तलाशने का है। ट्रम्प का अमरीका उसका साक्षात उदाहरण है। ध्यान रहे 1991 में यही जंतु थे, जो समाजवाद को लगे धक्के के बाद पूंजीवादी व्यवस्था के अमरत्व और इतिहास के अंत की बात करते हुए खोपड़ियां हाथ में लिए दुनिया भर में नाच रहे थे। विश्व को एक गांव बताते हुए एलपीजी को संजीवनी बूटी, रामबाण औषधि और अमृत न जाने क्या, क्या बता रहे थे। महज 34 वर्ष में वैश्वीकरण का यह गुब्बारा पिचक गया है। दुनिया भर को लूटने वाले अमरीकी साम्राज्यवाद तक की साँसें उखड़ रही हैं। बेरोजगारी रिकॉर्ड बना रही है, गरीबी पांव पसार रही है, बहुमत अवाम की वास्तविक आमदनी द्वितीय विश्वयुद्ध के समय से भी नीचे आ रही है, क्रय शक्ति सिकुड़ रही है, उद्योग धंधे बंद हो रहे हैं और इस बदहाली के कूड़े-कर्कट पर एलन मस्क, बिल गेट्स जैसे छप्पर फाड़ मुनाफे लूट रातों-रात खरबपति बने कुकुरमुत्तों की बहार आई हुई है। यही वजह है कि दुनिया भर के देशो से अपने खिड़की-दरवाजे खुलवाने वाले अब अपने रोशनदानों तक को मूंदना चाहते हैं। डोनाल्ड ट्रम्प का 'अमरीका फर्स्ट' का रास्ता, मेरा पेट हाऊ, मैं न जानू काऊ का रास्ता ऐसा ही रास्ता है। यह अलग बात है कि जिसे साम्राज्यवाद, खासकर अमरीकी साम्राज्यवाद, दवा समझ रहा है, वह बीमारी से भी ज्यादा खतरनाक नुस्खा है। झड़पों, टकरावों, युद्धों का ऐसा नुस्खा, जो आने वाले दिनों में दुनिया के लिए अत्यंत खतरनाक साबित होगा। इसे अमल में लाने का जो तरीका - हथकड़ी, बेड़ी पहनाकर लज्जित, अपमानित कर, अपने सैनिक विमान जबरिया दूसरे देशों में उतार उन्हें उनकी हैसियत और औकात दिखाने का तरीका चुना गया है, वह भी एक संदेश है। एक ऐसा संदेश, जो अनेक देशों की सार्वभौमिकता और संप्रभुता को ठेंगे पर रखता है - जो अन्तर्राष्ट्रीय कानूनों, संयुक्त राष्ट्र संघ यहां तक कि विश्व व्यापार संगठन, सरीखी अपने अनुकूल संस्थाओं को भी अप्रासंगिक और निरर्थक बना देता है। इस भेड़िया धसान में हमारे वालों, संघ-भाजपा और मोदी सरकार के, बेगानी शादी में दीवाना अब्दुल्ला बने फिरने की क्या वजह है? इसकी वजह इनकी विचारधारा है!! अंग्रेजी उपनिवेशवाद के प्रति इनका विनम्र दासत्व इतिहास में दर्ज है, हुकूमत में आने के बाद अमरीका के प्रति अपना भक्तिभाव इन्होने कभी छुपाया नहीं। अपने से बड़े और बलशाली से डरना इनके डीएनए में है। ये यही हीनभावना है, जो वंचितों और गरीबों को सींग दिखाने की श्रेष्ठ ग्रंथि के रूप में दिखती है। ट्रम्प जो बेहूदगी वहां कर रहा है वही काम कभी बांग्लादेशी, कभी असमिया-गैर असमिया, कभी रोहिंग्याई के नाम पर ये कर रहे हैं और मराठी, बिहारी, दिल्ली, उत्तरपूर्वियो के नाम पर अपने देश वासियों के साथ भी करते रहे हैं। अटल बिहारी वाजपेयी सरकार में केन्द्रीय मंत्री के रूप में सरकारी यात्रा पर गए जॉर्ज फर्नांडीज की अमरीका में जूते मोज़े तक उतरवाकर जामा तलाशी ली गयी थी। जॉर्ज इनके एनडीए के संयोजक भी थे - मगर तब भी विरोध की चिट्ठी तक नहीं लिखी गयी। इस बार तो बोलने का सवाल ही नहीं क्योंकि ये कह ही चुके हैं कि इनके खून में व्यापार है। टैरिफ बढाने की धमकी से प्रभावित होने वाले अडानी-अम्बानी के आर्थिक हित देश की विदेश नीति, भारत की अंतर्राष्ट्रीय साख और प्रतिष्ठा से ऊपर हैं और यह भी कि जिन्हें निशाना बनाया गया है, वे मेहनत-मजदूरी करने रोजगार की तलाश में गए हिन्दुस्तानी है। वही हिन्दुस्तानी, जिन्हें उधर श्रम करने जाने पर हथकड़ी बेड़ी पहनाई जा रही हैं, तो इधर अमरीकी पूँजी को लुभाकर बुलाने के लिए भारत के मेहनतकशों को लेबर कोड्स, कृषि व्यापार कानूनों की बेड़ियों में जकड़ा जा रहा है। दुनिया के इतिहास की तरह भारत का इतिहास भी गवाह है कि जब-जब हुक्मरानों ने घुटने टेके है, तब-तब अवाम ने मोर्चा संभाला है। इस बार भी रास्ता वही है ; इंसानी हकों, सम्प्रभुता को बचाने के लिए मिलकर खड़ा होना होगा ; इधर वालों के सामने भी, उधर वालों के सामने भी।

केंद्रीय बजट और हमारा प्रदेश

आशा की जानी चाहिए कि प्रदेश के तीर्थों, देवस्थलों के विकास व उनकी कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए केंद्र से उचित सहायता प्राप्त होगी। पहाड़ी क्षेत्रों में मेडिकल टूरिज्म को बढ़ावा देने का भी विचार है

केंद्रीय बजट पर देश के प्रत्येक राज्य व समाज के प्रत्येक वर्ग की निगाहें टिकी रहती हैं कि उन्हें इससे क्या मिला? केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने एक फरवरी 2025 को 2025-26 का बजट लोकसभा में प्रस्तुत करते हुए देश के विकास और कल्याण के लिए कई बड़ी घोषणाएं कीं। लेकिन बिहार और असम के सिवाय किसी राज्य का विशेष जिक्र नहीं हुआ। जब बिहार में मखाना बोर्ड और असम में यूरिया संयंत्र स्थापित करने का विशेष उल्लेख किया गया, तो हिमाचल प्रदेश सहित कई राज्य कह उठे कि हमारे राज्य को तो कुछ नहीं मिला। लेकिन ऐसा कहना सही नहीं होगा। राष्ट्रीय योजनाओं व कार्यक्रमों से हर राज्य को लाभ मिलता आया है और मिलता ही रहेगा। आखिर हमारा भारत, संघीय ढांचा ही तो है। राज्यों को मिल कर ही देश बना है। देश में एक ही तो नागरिकता है। जो देश का है वह राज्यों का भी है। यहां बजट में की गई कुछ घोषणाओं का जिक्र करना जरूरी है, जिससे अन्य राज्यों के साथ-साथ हिमाचल प्रदेश को भी बहुत फायदा मिलने वाला है। कृषि व बागवानी ः प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना लागू करने की घोषणा हुई है जिसमें कम उत्पादकता, कम फसलों की बुआई और औसत से कम ऋण मानदंडों वाले 100 जिलों में उत्पादकता व भंडारण बढ़ाने के लिए विशेष प्रयत्न किए जाएंगे। सिंचाई सुधार के साथ-साथ किसानों को दीर्घ व लघु अवधि के ऋण उपलब्ध करवाए जाएंगे। इस योजना से देश के 1.7 करोड़ किसान लाभान्वित होंगे। हिमाचल प्रदेश से भी इस कार्यक्रम के अंतर्गत किसी एक जिले को चुने जाने की संभावना है। पहले भी सबसे कम विकसित जिलों की आर्थिक प्रगति के लिए चलाई गई एकांक्षी जिला योजना के अंतर्गत हिमाचल प्रदेश के

आर्च ब्रिज और मनसा देवी मंदिर को फसाड लाइट से सजाने की तैयारी, रामझूला की होगी मरम्मत

देहरादून। ऋषिकेश शहर में पर्यटकों के आकर्षण का प्रमुख केंद्र रामझूला पुल छह सालों से मरम्मत की बाट जोह रहा है। रामझूला पुल प्रदेश के असुरक्षित पुलों में शामिल है। वर्ष 2019 में शासन के निर्देश पर शहर के प्रसिद्ध दो पुलों रामझूला व लक्ष्मण झूला का लोनिवि ने सर्वे किया था। प्रशासन 2027 में हरिद्वार में होने वाले अर्द्धकुंभ की तैयारियों में जुट गया है। कुंभ क्षेत्र के मंदिरों व पुलों के सौंदर्यीकरण की योजनाएं तैयार की जा रही है। देवप्रयाग संगम स्थल पर बने आर्च पुल और हरिद्वार के मनसा मंदिर को फसाड लाइट से सजाने का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। ऋषिकेश शहर, आसपास के क्षेत्र और पुलों को फसाड लाइट से सजाने के बाद अब अर्द्धकुंभ क्षेत्र के अन्य शहरों में भी पुलों व मंदिरों को फसाड लाइट से सजाने की योजनाएं तैयार की जा रही हैं। जिसके तहत प्रथम चरण में देवप्रयाग संगम स्थल पर बने आर्च पुल और हरिद्वार के मनसादेवी मंदिर को फसाड लाइट से सजाने की योजना है। इसके लिए विद्युत यांत्रिकी खंड लोनिवि

ऋषिकेश ने शासन को प्रस्ताव बना कर भेजा है। पुल और मंदिर को फसाड लाइट से सजाने के लिए डेढ़-डेढ़ करोड़ का प्रस्ताव बना कर भेजा गया है। देवप्रयाग संगम आर्च ब्रिज पर फसाड लाइट से देवी-देवताओं के चित्र भी उकेरे जाएंगे। जबकि मंशा देवी मंदिर को सिर्फ फसाड लाइट से सजाया जाएगा। ...तो अर्द्धकुंभ बजट में होगा रामझूला की मरम्मत रामझूला पुल की मरम्मत भी अब लोनिवि नरेंद्र नगर ने अर्द्धकुंभ बजट में प्रस्तावित किया है। ऋषिकेश शहर में पर्यटकों के आकर्षण का प्रमुख केंद्र रामझूला पुल छह सालों से मरम्मत की बाट जोह रहा है। रामझूला पुल प्रदेश के असुरक्षित पुलों में शामिल है। वर्ष 2019 में शासन के निर्देश पर शहर के प्रसिद्ध दो पुलों रामझूला व लक्ष्मण झूला का लोनिवि ने सर्वे किया था। सर्वे की रिपोर्ट में लक्ष्मण झूला पुल को पूर्ण रूप से बंद किए जाने व रामझूला की मरम्मत किए जाने का सुझाव दिया गया था। बताया जा रहा है कि तब लोनिवि ने इसकी मरम्मत के लिए शासन से करीब 23 लाख रुपये मांगे थे। जो अब बढ़ कर 11 करोड़ से अधिक हो गए हैं। लेकिन प्रक्रिया डीपीआर से आगे नहीं बढ़ पाई है। लोनिवि ने कई बार डीपीआर भेजी, जो किन्ही कारणों से वापस कर दी गई। लोनिवि ने कुछ माह पहले करीब 11.11 करोड़ की डीपीआर एक बार फिर शासन को भेजी थी। अब लोनिवि नरेंद्र नगर ने इसकी मरम्मत का कार्य अर्द्धकुंभ के बजट के तहत किए जाने का प्रस्ताव शासन को भेजा है। देवप्रयाग संगम के आर्च ब्रिज और हरिद्वार मनसा देवी पुल को फसाड लाइट से सजाए जाने का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। स्वीकृत होते ही कार्य शुरू कर दिया जाएगा। - पंकज नयाल, अधिशासी अभियंता, विद्युत यांत्रिकी खंड लोनिवि ऋषिकेश - रामझूला पुल की मरम्मत का कार्य अर्द्धकुंभ बजट के तहत किए जाने का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है।

उत्तराखंड का कमाल-धमाल... खिलाड़ी होंगे मालामाल, पदक विजेताओं को सरकार अब देगी पुरस्कार

देहरादून। राष्ट्रीय खेलों में मेजबान उत्तराखंड ने शानदार प्रदर्शन कर नया कीर्तिमान बनाया है। अंतिम दिन एक स्वर्ण और दो रजत पदक मिलने से राज्य ने पदकों का शतक लगाया। इसमें 24 स्वर्ण, 35 रजत और 42 कांस्य पदक शामिल हैं। राष्ट्रीय खेलों में उत्तराखंड ने पहली बार 101 पदक जीतने का कीर्तिमान बनाया है। वुशु में राज्य की बेटी ज्योति ने पहला पदक दिलाया। जिसके बाद बॉक्सिंग, एथलेटिक्स, मॉडर्न पेंटाथलॉन, जूडो, कैनोइंग और कयाकिंग, योगासन, लॉनबाल और कुश्ती में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर धमाल मचाया। पदक विजेताओं को सरकार अब पुरस्कार के रूप में तय धनराशि और नौकरी देगी। राष्ट्रीय खेलों में उत्तराखंड का सबसे शानदार प्रदर्शन मॉडर्न पेंटाथलॉन में रहा। जिसमें ममता खत्री, मोनिका, मंजू गोस्वामी, सक्षम सिंह, नीरज नेगी, लाल सिंह ने स्वर्ण पदक जीता। इसमें राज्य को छह स्वर्ण सहित सबसे अधिक 14 पदक मिले। कैनोइंग और कयाकिंग में पांच, बॉक्सिंग में तीन, एथलेटिक्स, ताइक्वांडो और जूडो में दो-दो स्वर्ण पदक मिले। बॉक्सिंग में राज्य के कपिल पोखरिया, निवेदिता कार्की और नरेंद्र सिंह ने अपने पंच से सोना जीता। वहीं, एथलेटिक्स में अंकिता का सबसे बेहतर प्रदर्शन रहा। इस स्पर्धा में राज्य को पहला स्वर्ण पदक दिलाने वाली अंकिता ध्यानी ने महिला वर्ग की 3000 और 5000 मीटर रेस में एक-एक स्वर्ण पदक जीता। जबकि 10 हजार मीटर रेस में रजत पदक दिलाया। कुश्ती में उत्तम राणा, महिला कयाकिंग में सोनिया व रोजी देवी, मीरा दास, प्रभात कुमार, जूडों में सिद्धार्थ रावत, ताइक्वांडों में पूजा, लॉनबाल में उतत्कृष्ट द्विवेदी, योगासन में रोहित यादव, शशांक शर्मा, प्रियांशु, अजय वर्मा, कैनोइंग व कयाकिंग में रीना सैन और वुशु में अचोम तपस सहित कई खिलाड़ियों ने राज्य के लिए सोने, चांदी की चमक बिखेरी। जानकारों का कहना है कि राज्य के खिलाड़ियों ने उम्मीद से भी शानदार प्रदर्शन किया है। राष्ट्रीय खेलों में पदक विजेता खिलाड़ियों को तय धनराशि के रूप में छह से लेकर 32 लाख रुपये तक मिलेंगे। कांस्य पदक विजेता को छह लाख रुपये की धनराशि पुरस्कार के रूप में दी जाएगी। जबकि स्वर्ण पदक विजेता को प्रति स्वर्ण पदक 12 लाख रुपये मिलेंगे। एथलेटिक्स में सबसे शानदार प्रदर्शन अंकिता ध्यानी का रहा। जिसने दो स्वर्ण और एक रजत पदक जीता है। जिसे तय पुरस्कार की धनराशि के रूप में 32 लाख रुपये मिलेंगे। सरकार राष्ट्रीय खेलों के पदक विजेता खिलाड़ियों को प्रति पदक तय धनराशि पुरस्कार के रूप में देगी। उन्हें नौकरी भी मिलेगी। इसके लिए पहले से नीति बनी हुई है।

प्रदेश की अकादमिक और सरकारी वेबसाइटों पर चीनी हमले, ऑटो सिस्टम लगाने की तैयारी

देहरादून। उत्तराखंड भी साइबर हमलों से अछूता नहीं है। पिछले एक माह में ही एक हजार से ज्यादा चीनी साइबर हमले उत्तराखंड की सरकारी और अकादमिक वेबसाइटों पर रिकॉर्ड हुए हैं। उत्तराखंड की अकादमिक और सरकारी वेबसाइटों पर चीनी हमले हो रहे हैं। महीनेभर में सूचना प्रौद्योगिकी विकास एजेंसी (आईटीडीए) ने ऐसे हजारों हमले पकड़े और सिस्टम से बाहर किए हैं। अब आईटीडीए ऐसे हमलों को रोकने के लिए ऑटो सिस्टम लगाने की तैयारी कर रहा है। देशभर में पिछले कुछ दिनों से चाइनीज साइबर हमले तेजी से बढ़ रहे हैं। उत्तराखंड भी इससे अछूता नहीं है। पिछले एक माह में ही एक हजार से ज्यादा चीनी साइबर हमले उत्तराखंड की सरकारी और अकादमिक वेबसाइटों पर रिकॉर्ड हुए हैं। आईटीडीए विशेषज्ञों का कहना है कि ये आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) आधारित हमले हैं जो एक साथ सैकड़ों की संख्या में होते हैं। उनके विशेषज्ञ 24 घंटे बैठकर इनकी निगरानी कर रहे हैं। सचिव आईटी नितेश झा का कहना है कि ऐसे हमलों को पकड़ने, रोकने व व उनका प्रभाव कम करने के लिए ऑटोमेटेड सिस्टम लगाए जा रहे हैं। इन्हें लगाने के बाद सिस्टम ऐसे एआई जेनरेटर वायरस को खुद डिटेक्ट करके रिमूव कर देगा।

आवेदनों की फर्जी शिकायत की तो अब खैर नहीं, लगेगा जुर्माना, पढ़ लीजिए ये जरूरी नियम

देहरादून। आवेदन या पंजीकरण से जुड़े किसी भी अन्य मामले में मिथ्या शिकायत कोई दर्ज करता है तो उस पर 5000 रुपये और तीसरी बार झूठी शिकायत करने पर 10,000 रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा। समान नागरिक संहिता के तहत होने वाले आवेदनों पर फर्जी शिकायत करने वालों पर जुर्माना लगेगा। ऐसा झूठी शिकायतों के आधार पर किसी को परेशान करने वाले लोगों को हतोत्साहित करने के लिए हो रहा है। अपर सचिव गृह निवेदिता कुकरेती ने बताया कि समान नागरिक संहिता के तहत होने वाले आवेदनों और पंजीकरणों को हर तरह से विवाद रहित बनाने का प्रयास किया गया है। इसके तहत समान नागरिक संहिता नियमावली के अध्याय-6 के नियम-20 (उपखंड 2) में स्पष्ट किया गया है कि यदि कोई व्यक्ति, किसी अन्य व्यक्ति के खिलाफमिथ्या शिकायत दर्ज कराता है तो उसे पहली बार में भविष्य के लिए सचेत किया जाएगा। यदि फिर भी आवेदन या पंजीकरण से जुड़े किसी भी अन्य मामले में मिथ्या शिकायत दर्ज करता है तो उस पर 5000 रुपये और तीसरी बार झूठी शिकायत करने पर 10,000 रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा। शिकायतकर्ता को इसका भुगतान 45 दिन के भीतर ऑनलाइन तरीके से करना होगा। यदि वह ऐसा करने में असफल रहता है तो जुर्माने की वसूली भू-राजस्व की तर्ज पर तहसील के माध्यम से की जाएगी।

पर्यावरणविद सुंदर लाल बहुगुणा की पत्नी का निधन, 93 साल की उम्र में ली अंतिम सांस, सीएम ने जताया दुख

देहरादून। प्रख्यात पर्यावरणविद् सुंदरलाल बहुगुणा की पत्नी बिमला बहुगुणा का निधन हो गया। उनके निधन पर सीएम धामी ने शोक संवेदना प्रकट की। प्रख्यात पर्यावरणविद् सुंदरलाल बहुगुणा की पत्नी का निधन हो गया है। उन्होंने 93 साल की उम्र में अंतिम सांस ली। उनके बेटे राजीव नयन बहुगुणा ने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी। उनके निधन पर सीएम धामी ने गहर दुख जताया। उन्होंने कहा कि सामाजिक उत्थान के प्रति आजीवन समर्पित, पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में अभूतपूर्व योगदान देने वाली, स्व. सुंदर लाल बहुगुणा की पत्नी बिमला बहुगुणा के निधन का समाचार अत्यंत दु:खद है। ईश्वर पुण्यात्मा को श्री चरणों में स्थान एवं शोकाकुल परिजनों को यह असीम दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

यूसीसी और रजिस्ट्री को पेपरलैस करने के विरोध में आज हड़ताल पर रहेंगे अधिवक्ता, निकालेंगे आक्रोश रैली

देहरादून। इसके साथ ही वह आक्रोश रैली निकाल जिलाधिकारी के माध्यम से सरकार को ज्ञापन सौंपेंगे। हड़ताल के चलते न्यायालयों में बस्ते, टाइपिंग, स्टांप वैंडर समेत कोई भी काम नहीं हो सकेगा। यूसीसी और रजिस्ट्री को पेपरलैस किए जाने के विरोध में आज अधिवक्ता हड़ताल पर रहेंगे। इसके साथ ही वह आक्रोश रैली निकाल जिलाधिकारी के माध्यम से सरकार को ज्ञापन सौंपेंगे। हड़ताल के चलते न्यायालयों में बस्ते, टाइपिंग, स्टांप वैंडर समेत कोई भी काम नहीं हो सकेगा। शुक्रवार (आज) यूसीसी और रजिस्ट्री को पेपरलैस किए जाने के विरोध में बार एसोसिएशन दोपहर में विधि भवन से आक्रोश रैली निकालेगा। इसमें रैली निकालते हुए वह जिलाधिकारी को ज्ञापन देंगे। बार एसोसिएशन के निवर्तमान अध्यक्ष राजीव शर्मा ने बताया कि प्रदेश सरकार ने यूसीसी और रजिस्ट्री को पेपरलैस किया है। इसके विरोध में दोपहर 12 बजे विधि भवन से जिलाधिकारी कार्यालय तक आक्रोश रैली निकाली जाएगी। इसके बाद जिलाधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया जाएगा। बताया कि शुक्रवार को रजिस्ट्रार कार्यालय के सभी कार्य और न्यायालय के कार्य बंद रहेंगे। इसके साथ ही बस्ते, टाइपिंग, स्टांप वैंडर समेत किसी भी प्रकार का कोई भी कार्य नहीं होगा।

छात्र-छात्राओं ने अपने सीनियर्स को दी विदाई

चकराता। राजकीय इंटर कॉलेज मेहरावना में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कक्षा 11 के छात्र-छात्राओं ने अपने सीनियर्स को विदाई दी। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुति भी दी। विदाई समारोह में छात्र-छात्राओं ने गीत, नृत्य व नाटक आदि की प्रस्तुति दी। इसके साथ ही सीनियर छात्र-छात्राओं ने अपने अनुभव साझा किए। विद्यालय के प्रधानाचार्य धीरज सिंह रावत ने कहा कि शिक्षा केवल पाठ्यक्रम तक सीमित नहीं होती, बल्कि अनुशासन, मेहनत और आत्मविश्वास के साथ जीवन में आगे बढ़ना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। इस दौरान विद्यालय के प्रवक्ता दीवान सिंह नेगी, अविनाश शाही, अनुशी जोशी, दिव्या जोशी, आंचल, याशिका, रवीना, रोहन अरुण, मुकुल, नरेश, संदीप आदि मौजूद रहे। संवाद

पांच साल से बंद नाली की सुध नहीं ले रहा लोक निर्माण विभाग

साहिया। समाल्टा मोटर मार्ग के साहिया तिराहे पर पानी की निकासी नहीं होने से बरसात का पानी लोगों के घरों में घुसता है। क्षेत्र में यह स्थिति पिछले पांच साल से बनी हुई है। स्थानीय निवासी आने वाली बरसात के मौसम को लेकर अभी से चिंतित नजर आ रहे हैं। उधर पांच साल से बंद नाली की मरम्मत व उसे पानी की निकासी के लायक बनाने के मामले में लोक निर्माण विभाग लापरवाह बना हुआ है। साहिया समाल्टा मोटर मार्ग पर स्थित तिराहे पर पिछले पांच साल से जलभराव हो रहा है। बरसात के मौसम में पानी की निकासी नहीं होने से ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

उत्तराखंड में खुशी की लहर...बोलीं खेल मंत्री- इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज होगा यह शतक

देहरादून। राष्ट्रीय खेलों में मेजबान उत्तराखंड ने शानदार प्रदर्शन कर नया कीर्तिमान बनाया है। खेल मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि प्रदेश के गांव से जो खेल प्रतिभाएं निखरकर इन राष्ट्रीय खेलों में आगे आई है अब हम उन्हें एशियाड और ओलंपिक में चौंपियन बनने के लिए तैयार करेंगे। राष्ट्रीय खेलों में उत्तराखंड की टीम ने पदकों की सेंचुरी मारकर इतिहास रच दिया। खेल मंत्री रेखा आर्या ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर प्रदेश के सभी खिलाड़ियों को बधाई दी है। उन्होंने कहा, पदकों की संख्या के मामले में अब तक उत्तराखंड का सर्वाधिक स्कोर गोवा में 24 पदक का रहा। अपने पुराने बेस्ट को चार गुना से भी ज्यादा के अंतर से तोड़ना अपने आप में हमारे खिलाड़ियों की मेहनत और समर्पण की कहानी को बताता है। खेल मंत्री रेखा आर्या ने बताया कि नौ नवंबर 2023 को जैसे ही उत्तराखंड को

38वें नेशनल गेम्स की मेजबानी की औपचारिक रूप से जिम्मेदारी मिली, उसके बाद से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में सरकार ने खिलाड़ियों के पक्ष में उन बड़े फैसलों से माहौल को बदलना शुरू किया, जिनका नतीजा आज देखने को मिल रहा है। खेल मंत्री ने कहा, मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन योजना, पदक जीतने पर नौकरी, सरकारी नौकरियों में खिलाड़ियों को चार प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण, पदक विजेताओं को दोगुनी इनाम राशि, खेल विश्वविद्यालय और महिला स्पोर्ट्स कॉलेज जैसी योजनाओं ने देवभूमि को खेल भूमि बनने की तरफ अग्रसर कर दिया है। खेल मंत्री रेखा आर्या ने कहा, प्रदेश के गांव से जो खेल प्रतिभाएं निखरकर इन राष्ट्रीय खेलों में आगे आई है अब हम उन्हें एशियाड और ओलंपिक में चौंपियन बनने के लिए तैयार करेंगे। पदकों की संख्या के मामले में चौथे स्थान पर उत्तराखंड खेल मंत्री रेखा आर्या ने कहा, इन राष्ट्रीय खेलों में जीते गए पदकों की संख्या के मामले में उत्तराखंड चौथे नंबर पर पहुंच गया है। जनसंख्या की दृष्टि से देश में 21 वां स्थान रखने वाला राज्य अगर पदकों की संख्या के मामले में चौथे नंबर पर है तो इसके लिए सभी प्रदेशवासियों को हमारे खिलाड़ियों की प्रतिभा और मेहनत पर गौरव होना चाहिए। नेट बाल में सिल्वर जीतते ही पूरी हुई सेंचुरी नेटबॉल के फाइनल मैच में जैसे ही उत्तराखंड की टीम ने बृहस्पतिवार शाम देहरादून के महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स स्टेडियम में सिल्वर मेडल जीता, इसके साथ ही उत्तराखंड की मेडल की सेंचुरी पूरी हो गई।

कीर्तिमान... राष्ट्रीय खेलों में उत्तराखंड का ऐतिहासिक प्रदर्शन, लगाया पदकों का शतक

देहरादून। राष्ट्रीय खेलों में उत्तराखंड का ऐतिहासिक प्रदर्शन रहा। 24 स्वर्ण, 35 रजत और 42 कांस्य पदक के साथ उत्तराखंड पदक तालिका में सातवें स्थान पर रहा। राष्ट्रीय खेलों में मेजबान उत्तराखंड ने शानदार प्रदर्शन कर नया कीर्तिमान बनाया है। अंतिम दिन एक स्वर्ण और दो रजत पदक मिलने से राज्य ने पदकों का शतक लगाया। इसमें 24 स्वर्ण, 35 रजत और 42 कांस्य पदक शामिल है। राष्ट्रीय खेलों में कयाकिंग और कैनोइंग के मुकाबलों में उत्तराखंड की सोनिया देवी ने महिला ज्ञ-1 500 मीटर स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने 02रू06.935 सेकंड में रेस पूरी कर दर्शकों को रोमांचित कर दिया। सर्विसेज की जी. पार्वती ने 02रू07.800 के साथ रजत पदक हासिल किया, जबकि ओडिशा की ख्वैराकपम धनामंजुरी देवी ने 02रू08.466 के समय के साथ कांस्य पदक पर कब्जा जमाया। वहीं, पुरुषों की ज्ञ-4 500 मीटर स्पर्धा में उत्तराखंड ने रजत पदक जीता। टीम में आदित्य सैनी, विशाल डांगी, हर्षवर्धन सिंह शेखावत और प्रभात कुमार शामिल रहे। टीम ने 1रू28.609 सेकंड का समय निकालते हुए पदक जीता। इससे राष्ट्रीय खेलों की पदक तालिका में पदकों की संख्या 99 हो गई थी। नेटबाल मिक्स टीम में मेजबान राज्य को एक और रजत मिलने से पदकों का शतक बनाकर उत्तराखंड ने नया रिकार्ड बना दिया। नेटबाल टीम में ममता, अंशुल, पुष्पेश, गौरव रावत, मनीष शर्मा, जीतेंद्र कुमार, ललित बिष्ट, अवंतिका कैंतुरा, संतोष, दीक्षा व्यास और चित्रा शामिल रही। राष्ट्रीय खेलों में सर्विसेज रहा शीर्ष पर उत्तराखंड में हुए 38वें राष्ट्रीय खेलों में सर्विसेज 66 स्वर्ण सहित 117 पदकों के साथ शीर्ष पर रहा। वहीं, दूसरे नंबर पर रहे महाराष्ट्र ने कुल 188 पदक जीते। इसमें 52 स्वर्ण, 68 रजत और 68 कांस्य पदक शामिल हैं। जबकि हरियाणा पदक तालिका में 44 स्वर्ण सहित 145 पदकों के साथ तीसरे नंबर पर रहा।

वन कर्मियों की विशेष परिस्थितियों में ही मिलेगा अवकाश, वन मुख्यालय ने किया आदेश जारी

देहरादून। वनाग्नि की घटनाओं को देखते हुए सीएम धामी ने कहा कि वनों में आग लगाने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाए। जंगल की आग की दृष्टि से 15 फरवरी से फायर सीजन शुरू हो रहा है। इसको लेकर वन मुख्यालय ने आदेश जारी किया है। इसमें कहा गया है कि विशेष परिस्थितियों में ही वन कर्मियों को अवकाश मिलेगा। वन कर्मियों को कार्य क्षेत्र में रहने को कहा गया है। प्रमुख वन संरक्षक धनंजय मोहन का कहना है कि इस बार जंगल की आग के नियंत्रण को लेकर कई कदम उठाने से लेकर प्रयास किए गए हैं। कर्मियों के अवकाश को लेकर भी निर्देश जारी किए गए हैं। वनाग्नि पर नियंत्रण के लिए सभी विभागों को एकजुटता से करना होगा कार्य रू सीएम मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि वनाग्नि की पिछली घटनाओं में आई समस्याओं का ध्यान में रखते हुए आगे की योजनाएं बनाई जाए। वनाग्नि पर प्रभावी नियंत्रण के लिए विभागों को एकजुटता से कार्य करना होगा। सभी विभागों के साथ ही सामाजिक संगठनों, गैर सरकारी संगठनों, महिला मंगल दलों, युवक मंगल दलों और वन पंचायतों का भी वनाग्नि की घटनाओं को रोकने में सहयोग लिया जाए। यह निर्देश सीएम धामी ने गुरुवार को राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र पहुंचकर वनाग्नि नियंत्रण के लिए राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण आदि के सहयोग से आयोजित मॉक ड्रिल के दौरान अधिकारियों को दिए। धामी ने राज्य में वनाग्नि पर प्रभावी नियंत्रण के लिए शीतलाखेत आदर्श मॉडल है। वनों को बचाने में समुदाय किस प्रकार अपना रचनात्मक व सकारात्मक योगदान दे सकते हैं, शीतलाखेत मॉडल इसका उत्कृष्ट उदाहरण है। कहा कि वनों में आग लगाने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाए। इस दौरान राज्य सलाहकार समिति आपदा प्रबंधन विभाग के उपाध्यक्ष विनय कुमार रुहेला, प्रमुख सचिव आरके सुधांशु, सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विनोद कुमार सुमन, आईजी फायर मुख्तार मोहसिन, एनडीएमए के सीनियर कंसल्टेंट आदित्य कुमार मौजूद थे।

पहली बार यमुनोत्री धाम के लिए हेली सेवा शुरू करने की तैयारी, दो बार ट्रायल में हो चुकी सफल लैंडिंग

देहरादून। पहली बार यमुनोत्री धाम के लिए हेली सेवा शुरू करने की तैयारी है। यमुनोत्री धाम के पास हेलिपैड बनकर तैयार हो चुका है। दो बार ट्रायल में सफल लैंडिंग हो चुकी है। चारधाम यात्रा में केदारनाथ धाम की तर्ज पर पहली बार यमुनोत्री धाम के लिए हेली सेवा शुरू करने की तैयारी चल रही है। यमुनोत्री धाम के समीप हेलिपैड तैयार हो चुका है और दो बार ट्रायल में सफल लैंडिंग हो चुकी है। उत्तराखंड नागरिक उड्डयन विकास प्राधिकरण ने हेली सेवा शुरू करने की कवायद शुरू कर दी है। चारधाम यात्रा में अभी तक केदारनाथ धाम के लिए हेली सेवा संचालित होती है। इसके अलावा जौलीग्रांट एयरपोर्ट से केदारनाथ व बदरीनाथ धाम के लिए चार्टर्ड हेलिकॉप्टर सेवा की सुविधा है। यमुनोत्री धाम के लिए अभी हेली सेवा नहीं है। जिससे यात्रियों को पांच से छह किलोमीटर चढ़ाई चढ़ने के बाद यमुनोत्री धाम पहुंचना पड़ता है। पैदल चलने में असमर्थ तीर्थयात्री घोड़े-खच्चर, पालकी से यात्रा करते हैं। तीर्थयात्रियों की सुविधा के लिए पहली बार हेली सेवा शुरू करने की कवायद चल रही है। उत्तराखंड नागरिक उड्डयन विकास प्राधिकरण हेली सेवा शुरू करने में कामयाब होता है, तो खासकर बुर्जुग यात्रियों को हेलिकॉप्टर से आने जाने की सुविधा मिल सकेगी। बता दें कि शुरूआत में हेली सेवा की सुविधा 50 वर्ष से अधिक आयु के तीर्थयात्रियों

को देने पर विचार किया जा रहा है। केदारनाथ हेली सेवा में इस बार सख्ती से लागू होगी एसओपी चारधाम यात्रा के दौरान केदारनाथ हेली सेवा में टिकटों की कालाबाजारी व फर्जीवाड़ा रोकने के लिए एसओपी को सख्ती से लागू किया जाएगा। उत्तराखंड नागरिक उड्डयन विकास प्राधिकरण ने हेली सेवा के लिए एविएशन कंपनियों के साथ तीन साल के लिए अनुबंध किया है। इसके तहत पहले से अनुबंधित नौ एविएशन कंपनियां ही केदारनाथ हेली सेवा का संचालन किया जाएगा। हिंडन से पिथौरागढ़ हवाई सेवा को मंजूरी हिंडन से पिथौरागढ़ के लिए हवाई सेवा शुरू करने के लिए डीजीसीए की मंजूरी मिल गई हैं। यूकाडा की ओर से हवाई सेवा के लिए एविएशन कंपनी को चयनित करने की प्रक्रिया चल रही है। हिंडन से पिथौरागढ़ के लिए 42 सीटर विमान संचालित होगा। इससे सीमांत जिला पिथौरागढ़ के लिए आवाजाही सुगम होगी। साथ ही पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। यमुनोत्री धाम के लिए हेली सेवा शुरू करने का प्रयास किया जा रहा है। हेलिपैड का ट्रायल हो चुका है। इसके अलावा हिंडन से पिथौरागढ़ के लिए हवाई सेवा को मंजूरी मिल गई है। -सोनिका, सीईओ, उत्तराखंड नागरिक उड्डयन विकास प्राधिकरण

यादगार बना उत्तराखंड के लिए राष्ट्रीय खेल का आखिरी दिन, कुश्ती में उत्तम ने जीता सोना

देहरादून। राष्ट्रीय खेलों में मेजबान उत्तराखंड ने शानदार प्रदर्शन कर नया कीर्तिमान बनाया है। अंतिम दिन एक स्वर्ण और दो रजत पदक मिलने से राज्य ने पदकों का शतक लगाया। इसमें 24 स्वर्ण, 35 रजत और 42 कांस्य पदक शामिल है। राष्ट्रीय खेलों के आखिरी दिन उत्तम ने उत्तराखंड के लिए सोना जीता, जबकि, हॉकी के पुरुष वर्ग में कर्नाटक और महिला के मुकाबले में हरियाणा की टीम चौंपियन बनी। विजेता टीमों और खिलाड़ियों को मेडल देकर सम्मानित किया गया। बृहस्पतिवार को 38वें राष्ट्रीय खेलों के तहत वंदना कटारिया स्पोर्ट्स स्टेडियम रोशनाबाद में हॉकी प्रतियोगिता के अंतिम दिन महिला एवं पुरुष वर्ग में हॉकी प्रतियोगिता के मैच और कुश्ती की प्रतियोगिता कराई गई।महिला वर्ग का फाइनल हॉकी मैच मध्य प्रदेश एवं हरियाणा के बीच खेला गया। बेहतरीन प्रदर्शन के बदौलत हरियाणा की टीम ने 04-01 से मध्य प्रदेश की टीम को हराया। हरियाणा की टीम से चौधरी महिमा ने 01, इशिका ने 02, मोनिका ने 01 गोल किया। मध्य प्रदेश के टीम से चावन ऐश्वर्या ने 01 गोल किया। पुरुष वर्ग का फाइनल हॉकी मैच कर्नाटक एवं उत्तर प्रदेश के मध्य खेला गया। कर्नाटक की टीम रोमांचक मुकाबले में 03-02 से उत्तर प्रदेश की टीम को हराकर जीत गई। कर्नाटक की टीम से समंथ सीएस ने 01, भरत मलिंगप्पा ने 01, अभारन सुदेव बी ने 01 गोल किया। उत्तर प्रदेश के टीम से सिंह विष्णुकांत ने 01 एवं फराज खान ने 01 गोल किया। महाराष्ट्र की टीम से तन्नु श्री दिनेश कडू ने किया 01 गोल महिला वर्ग में तृतीय एवं चतुर्थ स्थान के लिए झारखंड एवं महाराष्ट्र टीम के मध्य खेला गया। रोमांचक मुकाबले में झारखंड की टीम ने 02-01 विजयी प्राप्त की। झारखंड से परमोदनी लखरा ने पहला गोल एवं अलबेला रानी टोपो के दूसरे गोल से झारखंड की टीम को तृतीय स्थान प्राप्त किया। महाराष्ट्र की टीम से तन्नु श्री दिनेश कडू ने 01 गोल किया। पुरुष वर्ग में तृतीय एवं चतुर्थ स्थान के लिए महाराष्ट्र एवं पंजाब टीम के मध्य खेले गए रोमांचक मुकाबले में महाराष्ट्र की टीम ने 01-00 विजयी प्राप्त की। महाराष्ट्र से वेंकटेश कैंचे ने 01 गोल किया। उसके बाद पंजाब की टीम ओर से बहुत प्रयास करने के बाद भी कोई गोल नहीं किया जा सका। 01 गोल से महाराष्ट्र की टीम ने तृतीय स्थान हासिल किया। 130 किलोग्राम भार वर्ग में रोमन ग्रीको कुश्ती के फाइनल मुकाबले में उत्तराखंड के उत्तम ने गोल्ड मेडल जीता। एसएससीबी के प्रेम ने रजत, महाराष्ट्र के दिग्विजय और हरियाणा के अंकुश ने कांस्य पदक प्राप्त किया। 74 किलोग्राम भार वर्ग में एसएसबी के जयदीप ने गोल्ड, महाराष्ट्र के आदर्श ने सिल्वर, दिल्ली के गौरव और कर्नाटक के रोहन ने कांस्य पदक जीता। 60 किलोग्राम भार वर्ग में हरियाणा के साहिल ने गोल्ड, दिल्ली के शुभम ने रजत, एसएससीबी के प्रवीन और महाराष्ट्र के हितेश ने कांस्य पदक हासिल किया। महाराष्ट्र की असलेशा ने कांस्य पदक अपने नाम किया 53 किलोग्राम भार महिला वर्ग में महाराष्ट्र की स्वाति ने स्वर्ण, मध्यप्रदेश की पूजा ने रजत, गुजरात की हिना बैन और हरियाणा की ज्योति ने कांस्य पदक जीता। 86 किलोग्राम भार वर्ग में दिल्ली के स्वर्ण, हरियाणा के सचिन ने रजत, पंजाब के संदीप और गुजरात के अमन ने कांस्य पदक अपने नाम किया। 57 किलोग्राम फ्रीस्टाइल कुश्ती महिला वर्ग में हरियाणा की तपस्या ने स्वर्ण, गुजरात भाविका ने रजत और चंडीगढ़ की नीतू और महाराष्ट्र की असलेशा ने कांस्य पदक अपने नाम किया। पुरुष वर्ग के फाइनल हॉकी मैच का उद्घाटन मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की धर्मपत्नी गीता पुष्कर धामी एवं भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी उषा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया गया। हॉकी खिलाड़ियों का पुरस्कार वितरण कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज एवं कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल ने किया।

महराजगंज के समाधान दिवस में डीएम एसपी के न पहुंचने पर एसडीएम ने सुनी समस्याएं

महराजगंज-रायबरेली। संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर शनिवार को किसी आवश्यक कार्य में व्यस्त होने के कारण जिलाधिकारी हर्षिता माथुर और पुलिस अधीक्षक डॉक्टर यशवीर सिंह के समाधान दिवस में न पहुंचने से वादकारियों में मायूसी दिखी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे उप जिलाधिकारी सचिन यादव और क्षेत्राधिकार यादवेंद्र बहादुर पाल ने वादकारियों की फरियाद सुनी। आयोजित समाधान दिवस में कुल 43 मामले आए, जिसमें सर्वाधिक 15 मामले राजस्व विभाग, पुलिस विभाग से संबंधित 12, विकास से संबंधित ०5 मामले तथा अन्य 1० मामले दर्ज किए गए। पांच मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष मामलों के निस्तारण के लिए आश्वासन दिया गया है। डीएम और एसपी के महराजगंज संपूर्ण समाधान दिवस में न पहुंचने से उप जिलाधिकारी महराजगंज सचिन यादव की अध्यक्षता में आयोजित तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में जन सामान्य के द्वारा 43 शिकायतें विभिन्न विभागों से संबंधित दर्ज कराई गई, जिसके सापेक्ष पांच शिकायतों का निस्तारण विभागीय अधिकारियों द्वारा मौके पर कर दिया गया। उप जिलाधिकारी महराजगंज सचिन यादव ने तहसील स्तरीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि, जनता की शिकायतों एवं समस्याओं के निस्तारण को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार एवं शासन गंभीर है। तहसील के संपूर्ण समाधान दिवस में जिन विभागों से संबंधित जनता की शिकायतें दर्ज हो रही हैं, सभी संबंधित अधिकारी/कर्मचारीगण गंभीरता के साथ तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित करें और मौके पर जाकर संबंधित शिकायतों का निराकरण सुनिश्चित कराएं ताकि संबंधित पोर्टल पर शिकायतों को ऑनलाइन किया जा सके। उप जिलाधिकारी महराजगंज ने यह भी कहा कि, शिकायतकर्ता को संबंधित विभागीय अधिकारियों द्वारा निस्तारण के दौरान उपस्थित रखा जाए, ताकि शिकायतों का निराकरण गुणवत्तापूर्ण ढंग से सुनिश्चित किया जा सके। महराजगंज तहसील के संपूर्ण समाधान दिवस में महिला कल्याण विभाग, राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सा, स्वास्थ्य विभाग, खतौनी में नाम संशोधन एवं अंश त्रुटि निस्तारण, खाद्य एवं रसद विभाग के कैंप भी लगाए गए थे जिनमें पहुंचे वादकारियों की समस्या का निराकरण किया गया। समाधान दिवस के मौके पर क्षेत्राधिकार यादवेंद्र बहादुर पाल, तहसीलदार मंजुला मिश्रा, परियोजना निदेशक सतीश कुमार मिश्रा, खंड विकास अधिकारी महराजगंज वर्षा सिंह, खंड विकास अधिकारी बछरावां शिव बहादुर सिंह, खंड विकास अधिकारी शिवगढ़ बाबूलाल वर्मा, नायक तहसीलदार महराजगंज के अलावा विद्युत विभाग, सिंचाई विभाग, स्वास्थ्य विभाग एवं तीनों स्थानों के थानेदार, पशुपालन विभाग व नगर पंचायत महराजगंज, बछरावां, शिवगढ़ के अधिशासी अधिकारी तथा अन्य विभागों से संबंधित अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद रहे।

विषाक्त पदार्थ खाकर युवक ने समाप्त की जीवन लीला

महराजगंज-रायबरेली। कोतवाली क्षेत्र के नरई गांव में एक 27 वर्षीय युवक के जहर खाकर आत्महत्या करने का मामला प्रकाश में आया है। मामले की जानकारी होने पर पुलिस फोर्स मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।सीएचसी से प्राप्त जानकारी के मुताबिक नरई गांव का रहने वाला शिव शंकर (27) पुत्र जगन्नाथ सोमवार की रात अज्ञात कारणों से घर में रखे विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। जब उसकी हालत बिगड़ी तो परिजन उसे लेकर आनन-फानन सीएचसी महराजगंज पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर उसकी हालत में सुधार न होता देख उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल पहुंचने पर इलाज के दौरान युवक ने दम तोड़ दिया।पुलिस को मामले की जानकारी होते ही फौरन अस्पताल पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले में कोतवाल जगदीश यादव का कहना है कि, घटना की जानकारी अस्पताल के माध्यम से हुई थी, पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना की छानबीन की जा रही है।

बैलगाड़ी की तरह घिसट रहा है अपार आईडी बनाने व संषोधन का कार्य

लालगंज-रायबरेली। जनपद में आधार कार्ड बनाने का कम बहुत धीमा है। इसका खामियाजा बच्चों को भुगतना पड़ रहा है। अपार आईडी न बनने से बच्चों को बहुत दिक्कत हो रही है। अभिभावक सुबह से अपार आईडी बनवाने के लिए डाकघर, बैंकों और बीआरसी पर खड़े होकर लाइन लगाने को मजबूर हैं। बैंकों का हाल यह है कि नए आधार कार्ड नहीं बन रहे हैं, केवल थंब नेल ही लिया जा रहा है।

वहीं डाकघरों में टोकन दिया जा रहा है। नए आधार कार्ड तत्काल नहीं बन रहे हैं। टोकन के लिए भी मारामारी मची हुई है। लालगंज क्षेत्र के सरकारी विद्यालयों में 85 फीसदी बच्चों की अपार आईडी बन गई है, वहीं प्राइवेट स्कूलों की प्रगति 5० फीसदी है। परिषदीय विद्यालयों में वही 15 फीसदी बच्चों की अपार आईडी नहीं बनी है, जिनका प्रवेश देरी से हुआ है। परिषदीय विद्यालयों में शत-प्रतिशत काम पूरा करने के लिए तेजी दिखने लगी है, वहीं प्राइवेट विद्यालयों पर भी शिकंजा कसा जा रहा है।

विकास क्षेत्र में कक्षा एक से आठ तक की पढ़ाई कराने वाले 264 विद्यालय संचालित हैं, जिनमें परिषदीय विद्यालयों की संख्या 149 है। कुल 324०० बच्चों की अपार आईडी बननी है। इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए अब तेजी दिखने लगी है। खंड शिक्षा अधिकारी राजीव कुमार ओझा ने बताया कि अपार आईडी बनाने का काम तेज हुआ है। इसीलिए बुधवार को छुट्टी के दिन भी अपार आईडी बनाने का काम चला। पूरे विकास क्षेत्र में 67 फीसदी बच्चों की अपार आईडी बन चुकी है, जिसमें सरकारी विद्यालयों की प्रगति 85 फीसदी और प्राइवेट विद्यालयों की प्रगति 5० फीसदी शामिल है। अपार आईडी बनाने में आ रही समस्याओं का समाधान भी ब्लाक स्तर पर किया जा रहा है, ताकि जल्द से जल्द लक्ष्य पूरा किया जा सके। ऊंचाहार क्षेत्र में अपार आईडी बनाने का काम तेज हुआ है। विकास क्षेत्र में 91 मान्यता प्राप्त एवं 126 परिषदीय विद्यालय संचालित हैं। इनमें 32175 बच्चे पंजीकृत हैं। अपार आईडी बनाने में आधार जरूरी होता है। आधार न होने या फिर त्रुटियां होने से दिक्कत आ रही है। बच्चों के आधार कार्ड में बच्चे का नाम, माता-पिता का नाम,जन्मतिथि या पता में त्रुटि सही कराने के लिए अभिभावकों को पसीना आ रहा है। बैंक आफबड़ौदा में 28 अप्रैल तक टोकन बांटा गया है। इस समय टोकन नहीं मिल रहा है। खंड शिक्षा अधिकारी ऋचा सिंह ने बताया कि परिषदीय विद्यालयों में 9० फीसदी और निजी स्कूलों में 73 प्रतिशत बच्चों की आईडी बन गई है। अपार आईडी बनाने में तेजी आई है।

20 फरवरी को रायबरेली आ सकते है राहुल गांधी

रायबरेली। जिले के सांसद राहुल गांधी अपने संसदीय क्षेत्र रायबरेली एक विशेष कार्यक्रम में होंगे शामिल जिसको लेकर तैयारियां शुरू हो गई है । तीन माह पहले 5 नवंबर को दिशा की बैठक में आए थे राहुल गांधी के बाद अब उनके आने को लेकर सरगर्मी बढ़ गई है। राहुल गांधी के आगमन को लेकर कांग्रेसियों में उत्साह व राजनीतिक हलचलें बढ़ गई है।

किशोरी ने लगाई फांसी,मौत

बछरावां। थाना के गांव पठानपुर निवासिनी लक्ष्मी 17वर्ष का शव फांसी के फंदे से लटकता हुआ मिला है।जिसके मौत के बाद परिजन में रो रोकर बुरा हाल था।थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया है।

युवक की संदिग्ध मौत पर रहस्य बरकरार

सलोन। थाना के गांव उमरन निवासी अभय पांडेय की मौत पर रहस्य बरकरार है जिसमें स्मैक पीने से उसकी मौत होने के स्थानीय ग्रामीण दावा कर रहे है यदि ग्रामीणों की बात सही है तो स्मैक का तस्कर को पनाह कौन दे रहा है।जिसके फल फूलने पर मादक पदार्थ पर नियंत्रण करने वाले विभाग खामोश क्यों है।सीओ ने बताया कि जांच करवाया जाएगा।

बस की टक्कर से कार सवार तीन गंभीर

बछरावां। थाना के अन्तर्गत जियो पेट्रोलपंप के पास कार को बस ने टक्कर मार दी।जिसमें कार सवार रमन,पियूष,उज्वल निवासीगण नैनी को गंभीर चोट आने पर सीएचसी से जिला अस्पताल भर्ती किया गया था।जहां पर तीनो की हालत गंभीर थी।

महिला ने लगाई फांसी

ऊंचाहार। थाना के गांव मुरारमऊ निवासिनी अंजू ने फांसी लगा लिया।जिसके बाद परिजन के जानने पर उसकी हालत गंभीर होने पर सीएचसी से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।जिसकी उपचार जिला अस्पताल में जारी है।

तहसील दिवस पर महिला को जमीन पर बैठाया

ऊंचाहार। तहसील में आयोजित समाधान दिवस में जेई की मनमानी प्रकाष में आया है।जिसमें वायरल इंटरनेट मीडिया में वीडियो ने नौकरषाही की मनकानी का पोल खोल रहा है जिसको लेकर दावा किया जा रहा है कि महिला फरियादी जमीन पर बैठी थी और विद्युत विभाग के जेई कुर्सी में बैठकर रौब गांठ रहे है।जिसको लेकर अलग अलग प्रतिक्रिया इंटरनेट मीडिया में किया जा रहा है। एसडीएम ने बताया कि जांच करवाया जा रहा है।

अध्यक्ष के पुत्र पर आरोप

सलोन। नगर पंचायत के सभासदों के द्वारा नगर अध्यक्ष के पुत्र पर सरकारी कार्यों में दखल देने का आरोप लगाया है जिसको लेकर षिकायत भी एसडीएम से लिखित की गई है।उधर अध्यक्ष ने सभासदों के आरोप निराधार बताया है।एसडीएम ने बताया कि जांच करवाया जा रहा है।

कांग्रेसी नेता ने चौपाल लगाकर सुनी जनता की फरियाद

ऊंचाहार-रायबरेली। कांग्रेस प्रदेश सचिव व पूर्व प्रत्याशी अतुल सिंह ने विधानसभा ऊंचाहार के डलमऊ के चौदहमील, छज्जूपुर, मधुकरपुर आदि गांव में चौपाल एवं नुक्कड़ सभा कर जन समस्याएं सुनी तथा कांग्रेस पार्टी की नीतियों के बारे में विस्तार से बताया। इस दौरान अपने संबोधन में श्री सिंह ने कहा कि, हम सबको बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के बनाये संविधान को बचाने के लिए, देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने के लिए जननायक राहुल गांधी एवं प्रियंका गांधी के हाथों को मजबूत करना होगा, आज भारत देश तमाम समस्याओं से घिरा है। मोदी सरकार को जनमानस की समस्याओं से कोई लेना-देना नहीं है। इस मौके पर शैलेंद्र सिंह, अजमेर सिंह, रज्जन सिंह, सचिन यादव, मेवालाल साहू, राजेन्द दीक्षित, जगन नाथ यादव, शिव भजन यादव, विशाल चौधारी, अरुण सिंह, हिमांसु चौधरी, सुनील कुमार पासी, अनुराग गुप्ता, रवि सिंह, रमेश गौतम, अंकित निर्मल, शिव राम, संत लाल सरोज, ललित मौर्य, रूपेश मौर्य, राकेश यादव आदि रहे।

एसडीएम ने नवोदय विद्यालय की टाटा ऑटोमोबाइल लैब का किया निरीक्षण

महराजगंज-रायबरेली। शनिवार को पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय स्थित बच्चों के कौशल विकास हेतु टाटा आटोमोबाइल लैब का निरीक्षण एसडीएम सचिन यादव व सीओ यादवेंद्र बहादुर पाल, तहसीलदार मंजुला मिश्रा द्वारा किया किया गया। इस मौके पर प्राचार्य जवाहर नवोदय विद्यालय चंदन बागीश व आटोमोबाइल शिक्षक शिवम् अवस्थी मौजूदा रहे। एसडीएम महराजगंज सचिन यादव सहित मौजूद अन्य अधिकारियों ने टाटा मोटर्स के कौशल विकास के योगदान को सराहा।

पांच माह से मानदेय न मिलने पर संविदा कर्मियों ने बीईओ को सौपा ज्ञापन

बछरावां-रायबरेली। स्थानीय विकासखंड में संविदा पर कार्यरत रोजगार सेवक कंप्यूटर ऑपरेटर तथा अन्य कर्मियों का विगत 5 माह से सरकार द्वारा मानदेय न दिए जाने तथा तीन माह से मनरेगा मजदूरों की मजदूरी न आने से आक्रोशित इन कर्मियों द्वारा खंड विकास अधिकारी को एक ज्ञापन देकर अपनी समस्याओं के निराकरण कराने की मांग की गई है। बछरावां विकास खंड कार्यालय के कर्मचारियों का कहना है की सरकार द्वारा लगातार हम लोगों पर कार्य करने का दबाव डाला जा रहा है, जबकि स्थिति यह है कि जिन मजदूरों ने मनरेगा के अंदर मजदूरी की है और उनका पैसा नहीं आया वह राह चलना दूभर किए हुए हैं और तो और वह कभी-कभी गाली गलौज पर भी आमादा हो जाते हैं। इन हालातो में मनरेगा को संचालित कर पाना हम लोगों के लिए टेढ़ी खीर बन गई है। साथ ही साथ पांच माह से वेतन न मिल पाने के कारण हम लोगों का परिवार भी भुखमरी के कगार पर आ चुका हैं। इन समस्याओं को लेकर खंड विकास अधिकारी शिव बहादुर सिंह द्वारा इन कर्मचारियों को भरोसा दिलाया गया है कि उनकी समस्या से शीघ्र ही उच्च अधिकारियों को अवगत कराते हुए समस्या का निराकरण कराने का प्रयास किया जाएगा। खंड विकास अधिकारी ने कहा कि मनरेगा के अंदर कार्य करने वाले यह मानदेय कर्मचारी योजना के क्रियान्वयन के मुख्य अंग हैं स इसलिए उनकी समस्याओं को वरीयता के साथ उच्चस अधिकारियों तथा सरकार से निदान कराने का प्रयास किया जाएगा। इस मौके पर बछरावां ब्लॉक के दर्जनों संविदाकर्मी अपनी अपनी पीड़ा को लेकर एक ज्ञापन के माध्यम से खंड विकास अधिकारी के दफ्तर में पहुंचे जहां उन्हें समाधान के लिए आश्वासन का झुनझुना पकड़कर वापस भेज दिया गया।

एसपी के निर्देष पर जामतारा गैंग को खंगालने में जुटी रायबरेली पुलिस

रायबरेली। स्वास्थ्य विभाग में एमबीबीएस डॉक्टरों की भर्ती में साइबर अपराधियों की सेंध सामने आने के बाद जांच तेज हो गई। एसपी डॉ. यशवीर सिंह के निर्देश पर साइबर थाना की टीम जामताड़ा गैंग के कनेक्शन को खंगालने में जुट गई है। गैंग से जिले के शातिरों के जुड़े होने के तथ्य भी तलाशे जा रहे हैं। शातिरों के ट्रेस किए गए मोबाइल नंबरों को ब्लॉक करा दिया गया है। शातिरों के बिहार से अभ्यर्थियों को फोन करने की पुष्टि हुई है। बैंक से खातों के संबंध में भी रिपोर्ट मांगी गई है।जिले में एमबीबीएस डॉक्टरों के 24 पदों को भरने के लिए गत सात फरवरी को साक्षात्कार हुआ था। इसके साथ ही साइबर अपराधी सक्रिय हो गए। अभ्यर्थी डॉक्टरों के मोबाइल पर फोन करके चयन सूची में नाम शामिल कराने के लिए रुपयों की मांग की गई। 15 से अधिक अभ्यर्थियों को फोन करके खातों में रुपये भेजने के लिए कहा गया। ऑडियो मिलने के बाद सीएमओ ने एसपी से मामले की जांच कराकर कार्रवाई का अनुरोध किया था, जिसके बाद साइबर थाना पुलिस ने जांच शुरू की।

अध्यक्षों व संचालकों के वार्षिक प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ समापन

रायबरेली। उ०प्र० कोआपरेटिव बैंक लि० लखनऊ के प्रशिक्षण संस्थान (ब्ैन्प्) की स्टैडिंग कमेंटी द्वारा अनुमोदित वार्षिक प्रशिक्षण कार्यक्रम पाठ्यक्रम एवं कैलेण्डर वर्ष 2०24-25 के 31-च्तवहतंउउम वद ठनेपदमे क्मअमसवचउमदज च्संद ंदक ॅवतसकष्ठे स्ंतहमेज ळतंपदै जवतंहम च्संद पद ब्ववचमतंजपअम ॅमबजवत विषय पर जिला सहकारी बैंक लि०, रायबरेली में दिनॉक 14.०2.2०25 से 15.०2.2०25 तक बी-पैक्स के अध्यक्षों एवं संचालकों के लिये दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस मौके पर उ०प्र० कोआपरेटिव बैंक लि० लखनऊ कृषि सहकारी प्रशिक्षण संस्थान के संकाय सदस्य अतुल चन्द्र पाठक जनपद रायबरेली से सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक सहकारिता राम सागर चौरसिया, सचिव मुख्य कार्यपालक अधिकारी बृजेश विश्वकर्मा, रंगन्जय सिंह उपस्थित रहें। प्रशिक्षण कार्यक्रम में संचालक अध्यक्षों को समिति हेतु व्यवसाय विकास योजना (बी०डी०पी०) एवं अन्न भण्डारण योजना के सम्बन्ध में प्रशिक्षण दिया गया। सचिव मुख्य कार्यपालक अधिकारी द्वारा यह भी बताया गया कि, वर्ष 2०25 को अन्तराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है, जिसके अन्तर्गत विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम सहकारी गोष्ठी का आयोजन निरन्तर किया जाता रहेगा।

अधिकारी द्वय ने प्रतियोगिताओं में विजयी में खिलाड़ियों को प्रदान किया पुरस्कार

रायबरेली। लखनऊ जोन की 27वीं अंतर जनपदीय (महिला/पुरुष) एथलेटिक्स एवं साइक्लिंग प्रतियोगिता का तीन दिवसीय आयोजन दिनांक 12 फरवरी से 14 फरवरी 2025 तक पुलिस लाइन ग्राउंड में कराया गया, उक्त कार्यक्रम का जिलाधिकारी हर्षिता माथुर व पुलिस अधीक्षक डॉ० यशवीर सिंह की उपस्थिति में पुलिस लाइन ग्राउंड में समापन किया गया।जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले विजेता खिलाड़ियों को प्रथम व द्वितीय पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया व उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गयी। इस अवसर पर उन्होंने प्रतिभागियों की प्रतिभा और मेहनत की प्रशंसा की और उन्हें आगे भी ऐसी ही उपलब्धियां हासिल करने के लिए बधाई दी।

डीएम के आदेश पर जिले में खोले गए 11 नये गेहूँ क्रय केन्द्र

रायबरेली। रबी विपणन वर्ष 2025-26 में न्यूनतम समर्थन मूल्य योजनान्तर्गत जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के आदेशानुसार जनपद रायबरेली में क्रय एजेंसी द्वारा प्रेषित प्रस्तावों के अनुसार 1०3 गेहूँ क्रय केन्द्र खोले जाने हेतु अनुमोदित किए जा चुके हैं।

जिलाधिकारी ने क्रय एजेंसी पी०सी०एफ० के 0९ एवं मण्डी परिषद के 02 के प्रेषित प्रस्तावों के अनुसार कुल 14 नये खोले जाने हेतु स्वीकृति प्रदान की गई है, जिसके अनुसार तहसील सदर के ब्लॉक राही में 18, आमावं में 06, ब्लॉक हरचन्दपुर में 04 एवं ब्लॉक सतांव में 04 गेहूँ क्रय केन्द्र स्थापित किये गये है। इसी प्रकार तहसील महराजगंज के ब्लॉक महराजगंज में 11, ब्लाक शिवगढ़ 03, ब्लॉक बछरावां में 07, तहसील ब्लॉक लालगंज में 05, ब्लॉक सरेनी में 02, ब्लॉक खीरों में 02, तहसील ब्लॉक ऊँचाहार में 07, ब्लॉक रोहनिया 02, ब्लॉक जगतपुर में 05, तहसील ब्लॉक डलमऊ में 06, ब्लॉक दीनशाहगौरा में 05, तहसील ब्लाक सलोन में 13, ब्लॉक डीह में 06 एवं ब्लाक छतोह में 08 गेहूँ क्रय केन्द्र स्थापित किये गये है। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने समस्त सम्बन्धित अधिकारियों कर्मचारियों को निर्देश दिये है कि गेहूँ क्रय केन्द्रों पर गेहूँ खरीद से संबंधित समस्त आवश्यक व्यवस्थाएं तत्काल प्रभाव से पूर्ण कराते हुए शासनादेशानुसार नियमानुसार समस्त कार्यवाही ससमय पूर्ण कराते हुए कृषकों से अधिक से अधिक गेहूँ क्रय करना सुनिश्चित करेंगे।

समयबद्ध तरीके से जनता की समस्याओं का किया जाये निस्तारण-हर्शिता माथुर

रायबरेली। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में तहसील सदर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।तहसील दिवस की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि, जनसामान्य की शिकायतों का स्थानीय स्तर पर समाधान किया जाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है, जिसके क्रम में तहसील व थानों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है। इसमें स्थानीय नागरिक उपस्थित होकर अपनी समस्याओं का समाधान करा सकते है।जिलाधिकारी ने कहा कि, सभी अधिकारी जनता की इन शिकायतों का निस्तारण त्वरित एवं समयबद्ध तरीके से एक सप्ताह में कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि, शिकायतों के निस्तारण में यदि कोई समस्या है तो उसका कारण स्पष्ट करते हुए अवगत कराना सुनिश्चित किया जाये। जिलाधिकारी ने बताया कि, तहसील सदर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 56 प्रकरण प्राप्त हुए, जिसमें से ०4 प्रकरणों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष प्रकरणों को निस्तारण हेतु सम्बन्धित विभागों को इस निर्देश के साथ उपलब्ध करा दिये गये कि, उनका निस्तारण एक सप्ताह में कराना सुनिश्चित कराए।

बंटवारे को लेकर परिवार में छिड़ी जमीनी जंग

नसीराबादं-रायबरेली। थाना क्षेत्र के एक गांव में जमीन बंटवारे को लेकर परिवार मे जंग छिड़ गई वाद विवाद को लेकर मामला इतना बढ़ा कि मारपीट पर आमादा हो गए और देखते ही देखते लाठी डंडे चलने लगे दोनों तरफके लोगों को चोटे आई है बताया जाता है कि पुरुष समेत महिला और किशोरिया भी घायल है तहरीर दोनों तरफ से दी गई लेकिन पुलिस ने एक ही पक्ष का मुकदमा दर्ज किया है मामला नसीराबाद थाना क्षेत्र के पूरे नैन मजरे कांटा का है जहां सुबह होते ही जमीन बंटवारे को लेकर परिवार में तू तू मैं मैं शुरू हो गई बात इतनी बड़ी की दोनों तरफसे लाठी डंडे चलने लगे किसी को अंदरूनी चोट आई तो किसी के हाथ में तो किसी का सिर फट गया मिली तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर सभी का मेडिकल कराया जानकारी के अनुसार मामला शनिवार सुबह का है उक्त गांव निवासी जलील अहमद उर्फ मिठाई पुत्र मोहम्मद याकूब ने आरोप लगाया है कि जमीन बंटवारे को लेकर परिवार के हासिम उर्फ कल्लू पुत्र सकूर गाली गलौज करने लगे मना करने पर महिलाओं समेत लाठी डंडे लेकर मारपीट पर आमादा हो गए।

खाटू श्याम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा का हुआ शुभारंभ



रायबरेली। मां शीतला मंदिर में हो रही खाटू श्याम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दूसरे दिन सुबह बाबा का अधिवास पंचामृत से प्रारंभ हुआ, कल जो 13 तारीख को भव्य शोभायात्रा से कार्यक्रम प्रारंभ हुआ उसमे शाम के पूजन में बाबा को जलाधिवास के तहत पूर्ण रात्रि जल में सभी देवता देवी देवताओं के साथ वास कराया गया आज सुबह सभी 22 जजमानों द्वारा बाबा का पंचामृत अधिवास प्रारंभ हुआ आचार्य अरुण शास्त्री जी जो की हम सभी के मध्य नैमिशराय से पधारे हैं उनके द्वारा मंत्र उचारण व पूर्ण विधि विधान के साथ कार्यक्रम प्रारंभ हुआ 1० बजे से कार्यक्रम प्रारंभ होकर दोपहर 1रू०० बजे पूर्ण रूप से समापन हुआ वह आज ही के दिन शाम की बेला में 4.०० बजे से पूर्ण विधि विधान के साथ बाबा को अन्नाधिवास कराया गया जो कि आज रात्रि भर रहेगा जिससे कि आसपास के जगह व जिले में कभी अन्न की कमी ना हो सके सभी श्रद्धालुओं व भक्तों को बाबा का जल जो कि कल का वास के बाद था उसको वितरित किया गया और बताया गया इस जल से आप अपने घर ले जाकर सभी जगह छिड़काव करें। जिससे कि आपका आवास निवास व कार्यालय सभी शुद्ध हो जाए।

सख्त निगरानी के बीच सीबीएसई की परीक्षायें शुरू

रायबरेली। शनिवार से सीबीएसई बोर्ड की परीक्षा शुरू हो गई। पहले दिन हाईस्कूल में अंग्रेजी की परीक्षा सुबह 1०रू3० बजे से हुई। जिले में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की परीक्षा के लिए नौ केंद्र बनाए गए हैं। दसवीं कक्षा में करीब 3500 छात्र-छात्रा और इंटर में 2500 छात्र-छात्रा परीक्षा में शामिल होंगे। हाईस्कूल की परीक्षी 15 फरवरी से 18 मार्च तक होंगी तो वहीं इंटर की परीक्षा 17 फरवरी से 29 मार्च तक संचालित होंगी। परीक्षा सीसीटीवी की निगरानी में होंगी।

बाबू एलपीएस पब्लिक स्कूल में हर्षोल्लास से मनाया गया वार्षिकोत्सव कार्यक्रम 'अलंकृति'

हरचंदपुर-रायबरेली। क्षेत्र के बाबू एल. पी. एस. पब्लिक स्कूल का वार्षिक उत्सव जिसमें बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम को ष्अलंकृतिष् के रूप में मनाया । जिसमें विद्यालय के विभिन्न कक्षाओं के कुल 511 बच्चों ने प्रतिभाग लिया तथा अलग-अलग कार्यक्रम के रूप में लगभग 24 सामूहिक प्रस्तुतियां प्रस्तुत दी । जिसमें सभी बच्चों ने बहुत ही मनोरम प्रस्तुति दी कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती पूजन व दीप प्रज्ज्वलित करके हुआ जिसे विद्यालय के प्रबंधक विनोद कुमार श्रीवास्तव व विद्यालय समिति के उपाध्यक्ष अश्वनी कुमार श्रीवास्तव तथा विशिष्ट अतिथि प्रेस क्लब रायबरेली के सचिव वरिष्ठ पत्रकार महेश त्रिवेदी व विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती सपना श्रीवास्तव द्वारा किया गया । कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना के साथ की गई जिसे एल के जी के बच्चों सूर्यांश तिवारी, साक्ष्य गुप्ता, श्रेयांश साहू, उज्जवल, मानस, शिवाय, वेद, आदित्य सिंह, अवयुक्त सिंह, रुद्रांश गुप्ता, शिव, आदित्य, आयु गुप्ता, आर्यन झा, अद्वित, उमंग,अंशुमन सिंह,अराव मौर्या, प्रियाश द्वारा प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में रायबरेली के अपार पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिंह जी उपस्थित थे जिन्होंने बच्चों के कार्यक्रम को मंत्र मुक्त होकर देखा तथा बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ संस्कार के बारे में भी समझाया व अन्य अतिथियों के रूप में हरचंदपुर थाना इंचार्ज श्री आदर्श कुमार सिंह जी व महिला थाना प्रभारी श्री वंदना जी भी उपस्थित रहीं जिन्होंने बच्चों को जीवन में आगे बढ़ाने की बहुत सारे तरीके बताएं और कहां की ष्ऐसी कोई समस्या नहीं होती जिसका हल ना होष् इसलिए निराश हो करके कोई गलत कदम ना उठाएं व जीवन में निरंतर आगे बढ़ते रहे। कार्यक्रम में एल के जी के बच्चों ने सरस्वती वंदना व यु के जी बच्चों ने ष्अपना हर दिन ऐसे जियोष् तथा ष्कोई कहे कहता रहे गानों पर नृत्य प्रस्तुत किया। कक्षा 7 8 के बच्चों द्वारा ष्आर्मी एक्टष् जिसमें बच्चों द्वारा पुलवामा पर हुए अटैक को दर्शाया जिसे देखकर लोगों की आंखें नम हो गई तथा कक्षा 6 के बालकों द्वारा महाकुंभ पर आधारित एक नृत्य प्रस्तुत किया गया। जिसमें आर्यन, शुभ, राज गुप्ता, कृष, अभय मौर्य, दीपक, चंदन, शिवम प्रताप, संकल्प, हरीश, अरुण, अर्सलान, प्रखर, आयुष मौर्य, प्रिंस, अमर प्रताप, विवेक शुक्ला, दीपक, देवेंद्र, तनिष्क, सचिन,शिवा, अभिषेक, सौरभ, सिद्धांत लोधी, राज सिंह, आकाश यादव,शिवांश आदि बच्चों ने प्रतिभा लिया।

आखिरकार रसूखदार एसडीओ मोहनलालगंज से हटाए गए

मोहनलालगंज-लखनऊ। लगभग तीन साल से जमे रसूखदार एसडीओ को अमौसी चीफने शुक्रवार को हटा दिया। हालांकि पूर्व एसई के पत्र के बाद भी चीफऑफिस को यह कार्रवाई करने में भी कई माह लग गए। एसडीओ को बचाने में कुछ अधिकारी आखिर तक जुटे रहे। लिहाजा उन्हें जिले से बाहर भेजने के बजाए जोन में ही तैनाती दी गई है। दिसम्बर 2०21 में मोहनलालगंज सबडिवीजन का चार्ज संभालने के बाद तीन वर्ष तक रसूखदार एसडीओ इसी सबडिविजन में डटे रहे। इस अवधि में जेई से लेकर एक्सइएन तक के तबादले हुए लेकिन एसडीओ का सबडिविजन तक नही बदला गया। पूर्व एसई योगेन्द्र कुमार सिंह ने 29 अक्टूबर को चीफऑफिस को पत्र भेजकर एसडीओ को चार्जशीट देने और गैर जनपद तबादला करने की संस्तुति की। लेकिन तीन माह बाद भी पत्र पर कोई कार्रवाई नही हो सकी। मामला मीडिया की सुर्खियां बनने के बावजूद कुछ अधिकारी एसडीओ को बचाने की जुगत में लगे रहे। इस दौरान बैठकों का दौर भी चला। लेकिन मध्यांचल प्रशासन की सख्ती के आगे किसी की एक न चली और आखिरकार चीफऑफिस ने शुक्रवार को एसडीओ को मोहनलालगंज से हटाकर अमौसी क्षेत्र के ही निर्माण खण्ड में तैनात कर दिया। हालांकि सूत्रों की मानें तो एसडीओ को जिले से बाहर करने की तैयारी थी लेकिन कागजों के खेल में माहिर अफसरों ने इस बार भी उन्हें गैर जिले जाने से बचा लिया।



सूरज बड़जात्या बोले- पुष्पा मेरी नजर में बढ़िया फैमिली फिल्म, मैंने प्यार किया 2 पर कही ये बात

- सुमन में उस लड़की की छवि जिसे मैं चाहता था
- प्रेम की मां बनी रीमा लागू में मेरी मां की छवि
- हर निर्देशक से मैं बार बार कहता हूं कि पढ़िए जरूर

सूरज बड़जात्या,
फिल्म निर्देशक

फिल्मकार सूरज बड़जात्या अपनी वेब सीरीज %बड़ा नाम करेंगे% के जरिए ओटीटी पर दस्तक दे रहे हैं। उनकी खासियत पारिवारिक मूल्यों और रिश्तों पर कहानी कहने की है, जो इस बार भी दिखेगी। सूरज का मानना है कि सिनेमा में फैमिली कहानियों का महत्व बना रहेगा और समाज में जड़ से जुड़ी कहानियां दर्शकों तक पहुंचाई जानी चाहिए। सूरज बड़जात्या का नया फैमिली शो %बड़ा नाम करेंगे% ओटीटी पर दस्तक के लिए तैयार है इस शो के जरिए परिवारिक मूल्यों की कहानियों को फिर से जीवित करने की कोशिश सूरज ने अल्लू अर्जुन की फिल्म %पुष्पा% की तारीफ की और इसे फैमिली फिल्म कहा अपनी फिल्मों के जरिए हमेशा पारिवारिक मूल्यों औ रिश्तों को मजबूत करने वाले फिल्मकार सूरज बड़जात्या अब अपनी वेब सीरीज बड़ा नाम करेंगे के जरिए ओटीटी पर दस्तक दे रहे हैं। खास बात यह है कि थ्रिलर और क्राइम जैसे विषयों को तरजीह देने वाले ओटीटी पर भी सूरज एक फैमिली शो लेकर आ रहे हैं। ऐसे में, बदलते दौर में पर्दे पर फैमिली जॉनर के भविष्य को लेकर हमने सूरज बड़जात्या से की खास बातचीत- आपकी फिल्में पारिवारिक मूल्यों और आदर्शों के लिए जानी जाती हैं। जबकि, आज ऐसी फिल्में पर्दे पर कम दिखती हैं, क्योंकि कहीं न कहीं समाज में ही अब ऐसे जॉइंट परिवार नहीं रहे। ऐसे में, क्या आपको अपनी फैमिली फिल्मों के लिए ऑडियंस ढूंढ़ना अब मुश्किल होता है? देखिए, वक्त तो बदला है। आज प्यार से मिलकर रहने वाली एक ज्वाइंट फैमिली के बारे में शो बनाना सपने जैसा है। आज %हम आपके हैं कौन% बनाने के बारे में मैं सोच भी नहीं सकता, क्योंकि आज परिवार वैसे नहीं रहे, मगर फैमिली जॉनर सिर्फ जॉइंट परिवार तक सीमित नहीं है। आपस में बोलचाल होनी चाहिए, दिल मिलने चाहिए, पर आज मैं देखता हूं, कई परिवारों में बाप-बेटे में बोलचाल नहीं है। भाई-बहन में बोलचाल नहीं है। सब अपने में बिजी हैं। ये वो टुकड़ा है, जिन्हें फैमिली की अहमियत बताने की जरूरत है। इसलिए, फैमिली से जुड़ी अच्छी कहानियां कहना जरूरी है। देखिए, वक्त तो बदलेगा, मगर भारत में फैमिली को लेकर जो बेसिक मूल्य हैं, वो कहीं नहीं जायेंगे। आप फिल्म पुष्पा भी देखें, तो वह इतनी बढ़िया फैमिली फिल्म है। वह मां-बेटे, पति-पत्नी के रिश्ते की कहानी है, तो कहीं कुछ बदला नहीं है। हां, हमें लोग बोलते हैं कि ये नहीं चलता है, वो नहीं चलता है, मगर हमने हमेशा धारा के विपरीत काम किया है। ओटीटी पर भी जो फैमिली शो % बड़ा नाम करेंगे% हम ला रहे हैं, वो विपरीत है। मुझे लगता है कि धारा के विपरीत जाने पर ही कला का विकास होता है और मुझे यह कॉन्फिडेंस इसलिए मिलता है, क्योंकि आप देखिए, आज %मैंने प्यार किया% को 35 साल हो गए, %हम आपके हैं कौन% को 30 साल हो गए। ऐसे कितने मेकर्स होंगे, जिनको आज भी उनकी इतनी पुरानी फिल्मों के लिए पहचाना जाता है, तो कहीं ना कहीं ये मूल्य पीढ़ी दर पीढ़ी चलते जा रहे हैं। आपने %पुष्पा% को फैमिली फिल्म कहा, %केजीएफ% भी मां-बेटे की कहानी थी, दोनों सुपरहिट रहीं। ऐसे में, क्या हिंदी फिल्ममेकर्स रियलिजम के चक्कर में अपनी जड़ों को भूल गए हैं? मुझे लगता है कि हमें हिंदी सिनेमा में वापस कॉमन मैन की कहानियां सुनानी पड़ेंगी। वे चीजें दिखानी पड़ेंगी जो आम आदमी के समझ में आए। जैसे, भूख, प्यार, सम्मान। हमारे मेकर्स या हम लोग गलती क्या करते हैं कि हमें लगता है कि मुंबई, दिल्ली जैसे महानगर ही पूरा भारत है। हमें बाहर निकलकर भारत को देखना चाहिए। भारत बहुत अलग है, मुंबई, दिल्ली, बैंगलुरू से। जरा बांद्रा, अंधेरी से आगे घाटकोपर की तरफ जाइए, तब आपको भारत दिखेगा। आप विदेशी फिल्में देखें, उनसे तकनीक सीखे, पर कहानी हमें भारत की कहनी चाहिए। यही बात मिसिंग है। दूसरी चीज जो मुझे लगती है कि अभी हिंदी सिनेमा में मार्केटिंग को थोड़ा ज्यादा महत्व मिल रहा है। क्रिएटिविटी पर जोर कम दिया जा रहा है। हम भी बिजनेस पर बैठते हैं तो यही सलाह मिलती है कि अभी ऐक्शन चल रहा है तो ऐक्शन बनाना पड़ेगा, मगर आपको सोचना पड़ेगा कि सूरज क्या तुम्हें ऐक्शन बनाना आता है? तुम पुष्पा जैसा कुछ बना पाओगे? अगर नहीं, तो तुम वो बनाओ, जो तुम्हें आता है। तभी जाकर हमारा सिनेमा ऐसी फुलवारी बनेगी, जहां हर तरह के फूल होंगे। आपने पैंतीस सालों में सिर्फ 7 फिल्में डायरेक्ट की हैं। आपको इतना वक्त क्यों लग जाता है अपनी कहानी कहने में? असल में फैमिली जो विषय है, उसे लिखने में बहुत समय लगता है। यह कहना बहुत आसान है कि इतनी सिंपल चीज में इतना वक्त क्यों लिया? मगर मुझे लगता है कि ऐक्शन बनाना आसान है, मगर फैमिली में हम रहते हैं। ऐसे में थोड़ा भी इधर-उधर गए तो वह नकली लगेगा। लोग बोलेंगे कि ये मेरी कहानी नहीं है तो उन किरदारों को एकदम नैचरल तरीके से दिखाना कि सुबह एक लेडी उठकर क्या करती है? आदमी घर आता है तो कैसा मूड होता है, उसमें वक्त लगता है। मैं खुद अपनी फिल्में लिखता हूं और मेरे लिए चैलेंज ये होता है कि हर किरदार, हर चीज इतनी नैचुरल हो कि आपको लगे कि हमारी बुआ, चाची ऐसी हैं या मेरी मां कभी-कभी ऐसे बर्ताव करती है। सीक्वल की बात कई बार होती है, मगर मेरे हिसाब से वह कहानी पूरी हो चुकी है। रीबूट करने की भी बात उठती है, मगर अब मेरे बेटे डायरेक्ट कर रहे हैं। मेरा बड़ा बेटा देवांश ओटीटी संभाल रहा है तो उनके मन में ऐसा करने की बात आए तो जरूर बन सकती है, लेकिन मैं अपनी खुद की पिक्चर को दोबारा बनाना नहीं चाहूंगा, क्योंकि मेरे लिए हर फिल्म के साथ एक जीवन खत्म हो जाता है। आपकी फिल्म प्रेम की शादी की भी काफी चर्चा है। सुना है कि आपको अपना नया प्रेम ढूंढने में भी मुश्किल आ रही है? नहीं, ऐसा नहीं है। हर कहानी को बनने में थोड़ा सा वक्त लगता है। आज के माहौल में, आज के बजट में। आज बजट पर बहुत काम करना पड़ता है, जो जरूरी है, मगर मैं बहुत खुश हूं कि अगले महीने मैं उस फिल्म को अनाउंस कर रहा हूं। बहुत प्यारा विषय है, तो उसका इंतजार है। वैसे, आपके प्रेम के रूप में ऑडियंस सलमान खान को ही देखना चाहती है। शायद आपने भी यह फिल्म उनको ही दिमाग में रखकर लिखी थी? नहीं, जो फिल्म मैं बनाने जा रहा हूं, उसमें सलमान भाई फिट नहीं हो पा रहे हैं। उनके साथ मैं दूसरी फिल्म बनाऊंगा, लेकिन मुझे वह बनाने में वक्त इसलिए लग रहा है कि क्योंकि अब उनकी उम्र के हिसाब से लिखना पड़ेगा। मतलब, वही मस्ती-मजाक हो, पर किरदार उनकी उम्र पर सूट करना चाहिए। इसलिए, उसे लिखने में थोड़ा वक्त लग रहा है। प्यार, परिवार और रिश्तों की कहानी आप बड़े पर्दे पर दिखाते रहे हैं। इस बार ओटीटी शो लाने की क्या वजह रही? असल में हम बहुत समय से ओटीटी पर कुछ बनाना चाह रहे थे। हम फिल्में बनाते हैं, टीवी शोज बनाते हैं, पर जब ओटीटी शो लाने की बात करते थे, तो लोग कहते थे कि यहां थ्रिलर चलता है। ऐसे में, जब चैनल हेड का फोन आया कि हमें ओटीटी के लिए ऐसा फैमिली शो चाहिए, जो विवाह (सूरज बड़जात्या की फिल्म) वाली ऑडियंस को यहां लेकर आए तो मुझे बेहद खुशी हुई क्योंकि मैं मानता हूं कि हर प्लैटफॉर्म के लिए हर किस्म की चीजें बननी चाहिए। अगर ओटीटी पर थ्रिलर है, ऐक्शन है, तेज रफ्तार वाली कहानियां हैं, तो ऐसी सरल-सहज कहानियां भी होनी चाहिए। लोग आज ये सरलता मिस कर रहे हैं। ऐसे में, हमें लगा कि यह कहानी ओटीटी के लिए बेस्ट रहेगी कि दो बच्चे अपने पैरंट्स का नाम करने बड़े शहर जाते हैं, पर वहां के कल्चर में फिट नहीं हो पाते, तो अपने संस्कारों और मॉर्डन समाज के बीच कैसे बैलेंस बनाते हैं।



वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर 'छावा' की छलांग

निर्माताओं के अनुसार, फिल्म ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 33.1 करोड़ रुपये की कमाई की है। कौशल की 'सरदार उधम' और 'सैम बहादुर' फिल्म भी जीवनी पर आधारित थीं। विक्की कौशल की इतिहास पर आधारित 'एक्शन' फिल्म 'छावा' ने पहले दिन दुनियाभर में बॉक्स ऑफिस पर 50 करोड़ रुपये की कमाई की। फिल्म निर्माताओं ने शनिवार को यह जानकारी दी। लक्ष्मण उतेकर द्वारा निर्देशित इस फिल्म का निर्माण दिनेश विजन ने अपने बैनर तले 'मैडॉक फिल्म्स' के तहत किया है। रश्मिका मंदाना और अक्षय खन्ना अभिनीत यह फिल्म शुक्रवार को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। 'मैडॉक फिल्म्स' ने शनिवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर बताया कि 'छावा' ने 50 करोड़ रुपए की कमाई की। स्टूडियो ने लिखा, ''यह छावा की दहाड़ है। एक सच्चे योद्धा राजा की तरह दहाड़! इतिहास पर आधारित किसी हिंदी फिल्म के लिए अब तक की सबसे बड़ी शुरुआत। अभी अपनी टिकट बुक करें। उसने एक 'पोस्टर' साझा करते हुए बताया कि फिल्म ने पहले दिन वैश्विक स्तर पर 50 करोड़ रुपये की कमाई की है। निर्माताओं के अनुसार, फिल्म ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 33.1 करोड़ रुपये की कमाई की है। कौशल की 'सरदार उधम' और 'सैम बहादुर' फिल्म भी जीवनी पर आधारित थीं। फिल्म में कौशल ने मराठा सम्राट छत्रपति संभाजी महाराज की भूमिका निभाई है, जो मराठा साम्राज्य के संस्थापक छत्रपति शिवाजी महाराज के पुत्र थे। मंदाना ने संभाजी महाराज की पत्नी महारानी येसुबाई की भूमिका निभाई है और खन्ना ने औरंगजेब की भूमिका निभाई है। डायना पेंटी, आशुतोष राणा और विनीत कुमार सिंह ने भी फिल्म में अहम किरदार निभाए हैं।वैलेंटाइन डे के दिन बॉक्स ऑफिस पर रिलीज हुई विक्की कौशल की %छावा% को फैंस का प्यार मिल रहा है। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर शानदार कमाई कर रही है। आइए आपको बताते हैं फिल्म के दूसरे दिन का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन। अभिनेता विक्की कौशल की सिंह गर्जना वाली फिल्म %छावा% को फैंस का प्यार लगातार मिल रहा है। निर्देशक, कलाकार और पूरी टीम की मेहनत वाकई बड़े पर्दे पर नजर आ रही है। फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर भी काफी अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। 14 फरवरी को वैलेंटाइन डे के मौके पर रिलीज हुई इस फिल्म ने भारत के साथ दुनियाभर में शानदार कमाई की है। भारत में की इतनी कमाई विक्की कौशल और रश्मिका मंदाना की जोड़ी को बॉक्स ऑफिस पर फैंस का प्यार मिल रहा है। फिल्म ने पहले दिन 31 करोड़ रुपये का शानदार कलेक्शन किया। वहीं, दूसरे दिन खबर लिखे जाने तक फिल्म 31.79 करोड़ का कलेक्शन कर चुकी है। इस तरह भारतीय बॉक्स ऑफिस पर फिल्म ने अब तक कुल 62.79 करोड़ रुपये कमा लिए हैं। पीरियड ड्रामा फिल्मों का कलेक्शन बॉलीवुड की पिछली पीरियड वॉर फिल्में भी बॉक्स ऑफिस पर शानदार कमाई कर चुकी हैं। इसमें जोधा अकबर, तान्हाजी, पानीपत, सम्राट पृथ्वीराज, पद्मावत, बाजीराव मस्तानी जैसी कई फिल्में शामिल हैं। इन फिल्मों से की गई पहले दिन की कमाई का रिकॉर्ड विक्की कौशल की %छावा% ने तोड़ दिया है। फिल्म में हैं ये शानदार कलाकार लक्ष्मण उतेकर के निर्देशन में बनी %छावा% मराठा साम्राज्य और संभाजी महाराज की जिंदगी पर आधारित फिल्म है।विक्की कौशल और रश्मिका मंदाना के अलावा फिल्म में अक्षय खन्ना, आशुतोष राणा, नील भूपलम, विनीत सिंह, डायना पेंटी और दिव्या दत्ता जैसे सितारे भी हैं। अक्षय खन्ना फिल्म में औरंगजेब के किरदार में दिखाई दिए हैं। मैडॉक फिल्म्स के बैनर तले बनी फिल्म %छावा% की लागत करीब 130 करोड़ रुपये है। शानदार रहा वर्ल्डवाइड कलेक्शन बिग बजट फिल्म %छावा% की लागत करीब 130 करोड़ रुपये है। फिल्म ने अपने बजट के हिसाब से बॉक्स ऑफिस पर शानदार कमाई की है। मेकर्स की तरफ से जारी आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक फिल्म ने पहले दिन वर्ल्डवाइड 50 करोड़ रुपये का कारोबार किया है। विक्की कौशल की अदाकारी फैंस को बेहद पसंद आ रही है। वहीं, रश्मिका और अक्षय खन्ना ने भी अपने किरदार बेहतरीन तरीके से निभाए हैं।

अभद्र टिप्पणी मामलाः सुप्रीम कोर्ट पहुंचे रणवीर इलाहाबादिया, जल्द सुनवाई की अपील सीजीआई ने की खारिज

इंडियाज गॉट लेटेंट शो में विवादित टिप्पणी करने वाले यूट्यूबर रणवीर इलाहाबादिया ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। यूट्यूबर ने तुरंत सुनवाई की मांग की लेकिन सीजीआई ने जल्द तारीख देने से इनकार कर दिया। रणवीर संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत रिट याचिका दायर की थी, जिसे शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट के चीफजस्टिस संजीव खन्ना के सामने पेश किया गया। सीजेआई खन्ना ने कहा कि सुनवाई की तारीख पहले ही तय हो चुकी है। उन्होंने इसे तुरंत सुनवाई के लिए स्वीकार करने से इनकार कर दिया। इलाहाबादिया ने अपने खिलाफ किसी (विभिन्न राज्यों में दर्ज केस) भी तरह के एक्शन से बचने के लिए ये कदम उठाया है। पॉडकास्टर ने सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दायर कर बलपूर्वक कार्रवाई से सुरक्षा की मांग की है। बता दें कि यह विवाद 8 फरवरी को स्टैंड-अप कॉमेडियन समय रैना के शो इंडियाज गॉट लेटेंट के एक एपिसोड से जुड़ा है, जो यूट्यूब पर अपलोड हुआ था। इस यूट्यूब चौनल के 7.3 मिलियन से अधिक सब्सक्राइबर हैं। इस एपिसोड में रणवीर ने एक कंटेस्टेंट से उनके माता-पिता को लेकर अभद्र सवाल पूछा था, जिसे लेकर काफी विवाद हुआ। इस बीच, मुंबई की खार पुलिस ने रणवीर इलाहाबादिया को दूसरा समन भेजकर उसे शुक्रवार को पूछताछ के लिए बुलाया है, क्योंकि वह गुरुवार को समय पर पेश नहीं हुए थे। अब तक पुलिस ने सात लोगों के बयान दर्ज किए हैं, जिनमें मशहूर यूट्यूबर आशीष चंचलानी, कंटेंट क्रिएटर अपूर्व मखीजा और द हैबिटेट स्टूडियो के मालिक बलराज सिंह घई के पिता भी शामिल हैं। रैना के शो पर इलाहाबादिया की टिप्पणी के संबंध में साइबर सेल और मुंबई पुलिस अलग-अलग जांच कर रहे हैं। इस मामले में असम पुलिस की एक टीम भी मुंबई में है और उन्होंने महाराष्ट्र साइबर सेल के अधिकारियों से मुलाकात की है। विवाद के बीच समय रैना ने दावा किया कि उन्होंने शो के सभी वीडियो यूट्यूब से हटा दिए हैं। उनका कहना है कि उनका उद्देश्य केवल लोगों का मनोरंजन करना और उन्हें हंसाना था। रणवीर, आशीष चंचलानी, अपूर्व मखीजा, और समय रैना के खिलाफ कई कानूनी शिकायतें दायर की गई हैं। इन शिकायतों में आरोप है कि उनका शो माता-पिता के बारे में अश्लील और आपत्तिजनक टिप्पणियां करता है, जो भारत के सामाजिक और नैतिक मूल्यों के खिलाफहै। शिकायत में यह भी कहा गया है कि इस तरह की कॉमेडी युवाओं को भ्रष्ट करती है और महिलाओं के खिलाफअनुचित व्यवहार को बढ़ावा देती है।

कांग्रेस ने अल्लाहबादिया, समय रैना के यूट्यूब चौनल को निलंबित करने की मांग की

महाराष्ट्र कांग्रेस ने गुरुवार को पॉडकास्टर रणवीर अल्लाहबादिया , कॉमेडियन समय रैना के यूट्यूब चौनल को स्थायी रूप से निलंबित करने की मांग की। महाराष्ट्र कांग्रेस के प्रवक्ता राकेश शेट्टी ने सूचना एवं प्रसारण मंत्री को लिखे पत्र और रेजिडेंट शिकायत अधिकारी के पास शिकायत दर्ज कराते हुए यूट्यूब से सभी आपत्तिजनक सामग्री को तत्काल हटाने और रणवीर अल्लाहबादिया तथा समय रैना के यूट्यूब चौनल को स्थायी रूप से निलंबित करने की मांग की। उन्होंने यूट्यूब की प्रवर्तन नीति के तहत सख्त कार्रवाई करने की भी मांग की। उन्होंने कहा कि दो करोड़ तीस लाख सब्सक्राइबर बेस के साथ उनकी सामग्री को नाबालिगों और युवा दर्शकों द्वारा व्यापक रूप से नकल किया जा रहा है जिससे गंभीर नैतिक चिंताएं पैदा हो रही हैं। उन्होंने कहा कि यह सामग्री अभद्रता, स्पष्ट भाषा और अनैतिक व्यवहार को बढ़ावा देती है जो हानिकारक और अनुचित सामग्री के खिलाफयूट्यूब की नीतियों का सीधा खंडन करती है। शेट्टी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा अल्लाहबादिया को सम्मानित करने की भी आलोचना की। अल्लाहबादिया के एक्स पर छह लाख से अधिक, इंस्टाग्राम पर 45 लाख और यूट्यूब पर एक करोड़ से अधिक सब्सक्राइबर हैं। उन्हें 2024 के लोकसभा चुनावों से पहले राष्ट्रीय क्रिएटर्स अवार्ड से सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि यह शो 14 नवंबर 2024 को खार पुलिस स्टेशन के अधिकार क्षेत्र में एक निजी स्टूडियो में आयोजित किया गया था और बाद में इसका प्रीमियर यूट्यूब पर किया गया। लेकिन शो के कुछ क्लिप रविवार को इंस्टाग्राम पर अपलोड किए गए। इसमें शो के एक एपिसोड के दौरान होस्ट और मेहमानों द्वारा माता-पिता और महिलाओं के बारे में की गई अपमानजनक टिप्पणियां वायरल हो गयी जिससे देश भर में विवाद खड़ा हो गया।

लेडीलव संग शादी रचा रहे राज बब्बर के बेटे, पिता तक को नहीं भेजा न्योता,सौतेले भाई बोले-मां को नहीं तो कम से कम डैड...

प्रतीक बब्बर दिवंगत एक्ट्रेस स्मिता पाटिल और राज बब्बर के बेटे हैं। एक्टर हाल ही में सुर्खियों में तब आए जब पता चला कि प्रतीक 14 फरवरी, 2025 को प्रिया बनर्जी के साथ शादी के बंधन में बंधने वाले हैं। जाहिर सी बात है परिवार में नई शादी के बारे में जानने के लिए फैंस एक्साइटेड थे लेकिन बब्बर परिवार में अलग ही लहर चल रही है। राज बब्बर के दूसरे बेटे आर्य बब्बर ने खुलासा किया कि उन्हें प्रतीक बब्बर की शादी में इनवाइट नहीं किया गया है। जी हां, प्रतीक के सौतेले भाई आर्य बब्बर ने हाल ही में बताया कि गेस्ट में परिवार को नहीं बुलाया गया है। आर्य ने कहा-हमें एक परिवार के तौर पर इनवाइट नहीं किया गया है। मुझे यकीन है कि हम अभी भी करीब हैं। मुझे समझ नहीं आ रहा है कि यह कैसे हुआ है। मुझे लगता है कि किसी ने उनके दिमाग पर बहुत अधिक नियंत्रण कर लिया है। वह परिवार में इस तरफसे किसी से जुड़ना नहीं चाहते हैं। उन्होंने किसी को भी नहीं बुलाने का फैसला किया है। उन्होंने आगे कहा-मेरी मां ही हैं जिन्होंने इस बिखरी हुई फैमिली को एक फंक्शनल फैमिली में बदला है। अगर आप मेरी मां को नहीं बुलाना चाहते हैं, तो कम से कम डैड को तो बुलाना चाहिए था। जिंदगी किसी फिल्म से कम नहीं है। घर में कोई न कोई तो है जो उन्हें कंट्रोल कर रहा है। मैं नहीं चाहता कि यह प्रतीक हो, और मुझे नहीं लगता कि वह ऐसा है। बता दें कि प्रतीक राज बब्बर और स्मिता पाटिल के बेटे हैं। वहीं आर्या और जूही बब्बर राज की पहली पत्नी नादिरा के बच्चे हैं।

रणवीर इलाहाबादिया की जुबान काटने वाले को 1 लाख इनाम..हिंदू महासभा की खुलेआम धमकी

पॉपुलर यूट्यूबर रणवीर इलाहाबादिया इन दिनों लगातार शो इंडियाज गॉट लैटेंट में की गई विवादित टिप्पणी के चलते विवादों में घिरे हुए हैं। शो में रणवीर ने पेरेंट्स के यौन संबंधों को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की,



जिसके बाद उनका बयान सोशल मीडिया और विभिन्न समुदायों में तीखी प्रतिक्रिया का कारण बन गया। उनकी टिप्पणी के खिलाफ कई शहरों में एफआईआर दर्ज की गई है और अब अखिल भारत हिंदू महासभा ने उन्हें खुले तौर पर धमकी दी है। अखिल भारत हिंदू महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शिशिर चतुर्वेदी ने रणवीर इलाहाबादिया को सरेआम धमकी देते हुए कहा कि जो भी रणवीर की जुबान काटेगा, उसे एक लाख रुपये का इनाम दिया जाएगा। शिशिर चतुर्वेदी ने कहा, रणवीर इलाहाबादिया ने सनातन धर्म के खिलाफ बेहद आपत्तिजनक टिप्पणी की है, जिससे व्यापक आक्रोश फैल गया है। अब उस व्यक्ति को एक लाख रुपये का इनाम मिलेगा, जो रणवीर की जुबान काटेगा। महासभा के इस बयान के बाद विवाद और भी बढ़ गया है, क्योंकि यह हिंसा भड़काने वाला बयान माना जा सकता है। इसके बाद कई नेताओं और संगठनों ने इस बयान की आलोचना की है, लेकिन विवाद लगातार गर्माता जा रहा है। बागेश्वर धाम के प्रमुख महंत धीरेंद्र शास्त्री ने भी इस मामले पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि रणवीर इलाहाबादिया और समय रैना की टिप्पणियां बेहद निंदनीय हैं। उन्होंने यह भी कहा, ऐसे लोगों को सबक सिखाना चाहिए। यह इतना गंदा है कि इसे दोहराना भी मुश्किल है। महंत शास्त्री ने कहा कि इस प्रकार की टिप्पणियों से धर्म की भावना आहत होती है, और इसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्लयू) ने भी इस मामले को गंभीरता से लिया है। आयोग ने रणवीर इलाहाबादिया, समय रैना और अन्य यूट्यूबर्स को 17 फरवरी को दिल्ली में पेश होने के लिए तलब किया है। एनसीडब्ल्यू ने इन यूट्यूबर्स से उनके बयान को लेकर स्पष्टीकरण मांगा है और इस विवाद की जांच करने का निर्देश दिया है।

एलएलसीटेन-10 के उद्घाटन समारोह में पहुंचे ब्रेट ली, कहा- युवाओं के लिए सुनहरा मौका



लखनऊ। गुरुवार को उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने लीग का उद्घाटन किया। इस दौरान ऑस्ट्रेलिया के पूर्व गेंदबाज ब्रेट ली और वेस्टइंडीज के महान बल्लेबाज क्रिस गेल मौजूद रहे। और लीजेंड्स लीग क्रिकेट द्वारा आयोजित की जा रही उत्तर प्रदेश की सबसे बड़ी टेनिस बॉल क्रिकेट लीग एलएलसीटेन-10 की गुरुवार को शुरुआत हो गई। गुरुवार को उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने लीग का उद्घाटन किया। इस दौरान ऑस्ट्रेलिया के पूर्व गेंदबाज ब्रेट ली और वेस्टइंडीज के महान बल्लेबाज क्रिस गेल मौजूद रहे। ब्रेट ली ने दिया आयोजकों को धन्यवाद उद्घाटन समारोह के दौरान ब्रेट ली इस लीग के आयोजकों को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा- नमस्कार, सतश्री अकाल। सभी को शुभकामनाएं। सभी का धन्यवाद जिन्होंने टेनिस बॉल क्रिकेट लीग का आयोजन किया। यह लीग युवाओं को आगे बढ़ने का मौका देगी। हम बहुत एजॉय करेंगे। खिलाड़ियों को लीग में दिए जाएंगे आकर्षक इनाम इस लीग में कुल 24 मैच खेले जाएंगे, जिसमें 12 टीमें भाग ले रही हैं। हर टीम ने 16 खिलाड़ियों का स्क्वॉड बनाया है। लीग का बड़ा आकर्षण इसमें दी जाने वाली विजेता राशि है जो 10 लाख रुपये है। साथ ही उप विजेता टीम को 5 लाख रुपये मिलेंगे। फाइनल में मैन ऑफद सीरीज खिलाड़ी को निसान मैग्नाइट कार मिलेगी। लीग के टॉप 9 खिलाड़ियों को एथर इलेक्ट्रिक बाइक इनाम में मिलेगी। लीग के प्रायोजकों द्वारा विशेष पुरस्कार लीग मैचों के रिजल्ट के बाद श्रेष्ठ खिलाड़ियों को प्रदान किए जाएंगे।

अल्बानिया रैंकिंग सीरिज मंजूरी के लिये पहलवानों ने खेलमंत्री के दखल की मांग की

सुनील कुमार, अंडर 23 एशियाई चौम्पियनशिप स्वर्ण पदक विजेता मीनाक्षी और कई अन्य भारतीय पहलवाल खेलमंत्री मनसुख मांडविया के निवास पर जमा हुए और अल्बानिया में आगामी रैंकिंग सीरिज में भाग लेने की अनुमति के लिये उनके दखल की मांग की। ये आठ दस पहलवान दोपहर दो बजे तक उनके घर के बाहर रहे और फिर लौट गए।

नयी दिल्ली । एशियाई चौम्पियन सुनील कुमार, अंडर 23 एशियाई चौम्पियनशिप स्वर्ण पदक विजेता मीनाक्षी और कई अन्य भारतीय पहलवाल खेलमंत्री मनसुख मांडविया के निवास पर जमा हुए और अल्बानिया में आगामी रैंकिंग सीरिज में भाग लेने की अनुमति के लिये उनके दखल की मांग की। मंत्रालय ने अल्बानिया के तिराना में 26 फरवरी से दो मार्च तक होने वाले दूसरे रैंकिंग सीरिज टूर्नामेंट में पहलवानों की भागीदारी के लिये मंजूरी रोक दी है। कुमार ने कहा ,'' हम टूर्नामेंट में भाग नहीं ले पा रहे और इसी वजह से खेलमंत्री के घर आये थे ताकि उनसे अनुरोध कर सकें कि हमें टूर्नामेंट में खेलने की अनुमति दें।'' उन्होंने कहा ,'' इससे मार्च में अम्मान में होने वाली एशियाई चौम्पियनशिप में हमें मदद मिलेगी।'' खेलमंत्री यात्रा कर रहे हैं और घर पर नहीं थे। ये आठ दस पहलवान दोपहर दो बजे तक उनके घर के बाहर रहे और फिर लौट गए। मीनाक्षी ने कहा ,'' पहले हम क्रोएशिया में विश्व रैंकिंग चौम्पियनशिप नहीं खेल सके और अब अल्बानिया नहीं जा पा रहे हैं। हम यहां अनुरोध करने आये थे क्योंकि हमें कारण पता नहीं है।'' उन्होंने कहा ,'' हम तीस पहलवान हैं लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। हम यहां आये तो पता चला कि खेलमंत्री नहीं हैं।'' मंत्रालय और निलंबित डब्ल्यूएफआई के बीच मतभेदों के चलते भारतीय पहलवान क्रोएशिया के जगरेब में पहली रैंकिंग सीरिज से बाहर रह चुके हैं। मंत्रालय ने दिसंबर 2023 को डब्ल्यूएफआई को निलंबित कर दिया था लेकिन अंतरराष्ट्रीय कुश्ती से उसे मान्यता मिली हुई है। उसने 30 जनवरी को भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) को प्रस्ताव भेजा था। एक सूत्र ने पीटीआई को बताया ,'' डब्ल्यूएफआई ने ऐन मौके पर प्रस्ताव भेजा और प्रस्तावित नाम भेजने में भी विलंब हुआ। इसलिये मंजूरी नहीं दी जा सकी। '' वहीं महासंघ के एक अधिकारी ने कहा ,'' हमने 30 जनवरी को प्रस्ताव भेजा और अगले दिन जवाब आ गया। साइ ने हमसे बैठक का ब्यौरा मांगा था जो हमने तुरंत भेज दिया। उसके बाद से कोई जवाब नहीं मिला। इससे पहले भी एक सप्ताह भेजे गए प्रस्ताव मंजूर हुए हैं तो इस बार यह ऐन मौके पर कैसे हो गया।'' इसके बाद अम्मान में 25 से 30 मार्च तक सीनियर एशियाई चौम्पियनशिप होगी , मंगोलिया में 29 मई से एक जून तक तीसरी रैंकिंग सीरिज, हंगरी में 17 से 20 जुलाई तक चौथी रैंकिंग सीरिज होगी। रैंकिंग सीरिज में भाग लेना भारतीय पहलवानों के लिये काफी अहम है क्योंकि इसमें अच्छा करने से उन्हें अंक मिलेंगे जिससे विश्व चौम्पियनशिप में वरीयता तय होगी। पिछले साल सरकार ने विश्व चौम्पियनशिप में भारतीय कुश्ती दल की भागीदारी को मंजूरी दे दी थी जब सभी 12 चयनित पहलवान खेलमंत्री के घर के बाहर जमा हुए थे।

भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सलीमा ने कहा, प्रो लीग हमारे लिए बहुत बड़ा मौका

सलीमा टेटे का मानना है कि एफआईएच प्रो लीग उनकी टीम के लिए अपनी कमजोरियों को दूर करने का शानदार मौका है और वह चाहती है कि उनके खिलाड़ी परिणाम की परवाह किए बिना अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर ध्यान केंद्रित करें।

भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सलीमा टेटे का मानना है कि एफआईएच प्रो लीग उनकी टीम के लिए अपनी कमजोरियों को दूर करने का शानदार मौका है और वह चाहती है कि उनके खिलाड़ी परिणाम की परवाह किए बिना अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर ध्यान केंद्रित करें। भारतीय टीम अपने अभियान की शुरुआत शनिवार को यहां इंग्लैंड के खिलाफ करेगी। इसके बाद वह रविवार को फिर से इंग्लैंड का सामना करेगी। भारतीय टीम 18 और 19 फरवरी को स्पेन से खेलेगी। इसके बाद भारतीय टीम 21 और 22 फरवरी को जर्मनी तथा 24 और 25 फरवरी को नीदरलैंड के खिलाफ खेलेगी। सलीमा ने पहले मैच की पूर्व संध्या पर कहा, ''हम अपने खेल पर ध्यान केंद्रित करेंगे। कुछ खिलाड़ी हैं जो ओलंपिक के बाद अपने पहले प्रो लीग मैच में खेलेंगे।'' उन्होंने कहा, 'जीत और हार खेल का हिस्सा है लेकिन सबसे महत्वपूर्ण अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना है। यह हमारे लिए बहुत बड़ा मौका है लेकिन हम परिणाम के बारे में नहीं सोच रहे हैं। हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की कोशिश करेंगे और हमारा ध्यान प्रत्येक मैच पर है। '' सलीमा ने कहा कि पिछले साल अप्रैल में टीम से जुड़ने वाले मुख्य कोच हरेंद्र सिंह ने टीम पर व्यापक प्रभाव छोड़ा है। उन्होंने कहा,''टीम संस्कृति और खिलाड़ियों के बीच आपसी संबंधों में मजबूती आई है।अगर टीम की संस्कृति अच्छी होती है तो उसका असर मैदान पर भी दिखता है। हमारे अपने कोच के साथ अच्छे संबंध हैं।'' सलीमा ने कहा,''भारतीय होने के कारण हरेंद्र सर के साथ काम करना आसान हो जाता है। प्रत्येक खिलाड़ी समझता है किवह क्या कहना चाहते हैं। संवाद कोई समस्या नहीं है। अगर हम किसी चीज से सहमत नहींहों तो हम हरेंद्र सर से कहते हैं और वह हमारी बात पूरे धैर्य के साथ सुनते हैं। हम उन तक अपनी बात पहुंचा सकते हैं और वह हमें अच्छी तरह से समझा सकते हैं।

2025 की बंपर प्राइज मनी का हुआ ऐलान, विजेता टीम को मिलेंगे इतने करोड़

चौंपियंस ट्रॉफी 2025 की प्राइज मनी का ऐलान कर दिया है। 8 टीमों के बीच होने वाले इस टूर्नामेंट की विजेता टीम को 2.24 मिलियन यूएस डॉलर यानी करीब 20 करोड़ रुपये इनाम के तौर पर मिलेंगे। वहीं उपविजेता टीम भी मालामाल होगी। इसके अलावा सेमीफाइनल में हारने वाली टीमों को भी मोटी रकम मिलने वाली है।

आईसीसी ने चौंपियंस ट्रॉफी 2025 की प्राइज मनी का ऐलान कर दिया है। 8 टीमों के बीच होने वाले इस टूर्नामेंट की विजेता टीम को 2.24 मिलियन यूएस डॉलर यानी करीब 20 करोड़ रुपये इनाम के तौर पर मिलेंगे। वहीं उपविजेता टीम भी मालामाल होगी। इसके अलावा सेमीफाइनल में हारने वाली टीमों को भी मोटी रकम मिलने वाली है। इसके साथ-साथ टूर्नामेंट का हर एक मैच जीतने पर भी टीमों को आईसीसी से इनाम मिलेगा। 2017 के मुकाबले इस बार ज्यादा रकम आईसीसी ने इनाम के तौर पर देने का फैसला किया है। आईसीसी ने जानकारी दी है कि 2017 के बाद पहली बार आईसीसी मेंस चौंपियंस ट्रॉफी की वापसी से आठ टीमों के इस टूर्नामेंट के विजेता को 2.24 मिलियन अमेरिकी डॉलर मिलेंगे। साथ ही 9 मार्च को वे ट्रॉफी भी उठाएंगे। उपविजेता को 1.12 मिलियन डॉलर यानी करीब 10 करोड़ रुपये मिलेंगे। जबकि सेमीफाइनल में हारने वाली दो टीमों को क्रमशरू 5 लाख 60 हजार यूएस डॉलर मिलेंगे। ये रकम भारतीय रुपयों में करीब 5 करोड़ रुपये होती है। कुल पुरस्कार राशि चौंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए 6.9 मिलियन यूएस डॉलर है, जो 2017 के सीजन के मुकाबले 53 प्रतिशत अधिक है। आईसीसी चौंपियंस ट्रॉफी में हर मैच मायने रखता है और प्रत्येक ग्रुप मैच की जीतने वाली टीम को 34 हजार डॉलर अलग से मिलेंगे। वहीं, पांचवें या छठे स्थान पर रहने वाली टीमों को साढ़े 3 लाख डॉलर मिलने वाले हैं। इसके अलावा सातवें और आठवें स्थान पर रहने वाली टीमों को 1 लाख 40 हजार डॉलर अतिरिक्त मिलेंगे। इतने ही नहीं, आईसीसी ने सबी आठ टीमों को आईसीसी मेंस चौंपियंस ट्रॉफी 2025 में प्रतिस्पर्धा करने के लिए 1 लाख 25 डॉलर अलग से प्रतिस्पर्धा में भाग लेने के लिए मिलने वाले हैं। इस तरह टीमों को अच्छी खासी रकम इस बार के टूर्नामेंट में मिलने वाली है। आईसीसी के चेयरमैन जय शाह ने इसकी घोषणा करते हुए कहा, ये बड़ी पुरस्कार राशि खेल में निवेश करने और हमारे आयोजनों की वैश्विक प्रतिष्ठा बनाए रखने के लिए आईसीसी की सतत प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है।

न्यूजीलैंड के बेन सियर्स चौंपियंस ट्रॉफी से हुए बाहर, अब ऐसी है कीवी टीम

न्यूजीलैंड को चौंपियंस ट्रॉफी 2025 से पहले करारा झटका लगा है। टीम के गेंदबाज बेन सियर्स चोट की वजह से टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। न्यूजीलैंड ने सियर्स की जगह जैकब डफी को टीम में शामिल किया है। वे पाकिस्तान में चल रही त्रिकोणीय सीरीज का हिस्सा हैं। सियर्स चोट की वजह से टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। उनकी मांसपेशियों में खिंचाव है। न्यूजीलैंड का चौंपियंस ट्रॉफी में पहला मैच पाकिस्तान से है। ये मुकाबला 19 फरवरी को खेला जाएगा। न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड ने शुक्रवार को प्रेस रिलीज जारी करके जानकारी शेयर की। बोर्ड ने बताया बेन सियर्स की मांसपेशियों में खिंचाव है। वे चोटिल हैं, सियर्स इसी वजह से आईसीसी चौंपियंस ट्रॉफी 2025 में नहीं खेल पाएंगे। सियर्स बाएं पैर में दिक्कत है। वे कराची में न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के साथ ट्रेनिंग कर रहे थे। सियर्स बुधवार को ट्रेनिंग के दौरान दिक्कत का सामना करते दिखे। उनकी रिकवरी में कम से कम 2 हफ्ते लगेंगे। न्यूजीलैंड ने सियर्स के बाहर होने के बाद जैकब डफी को टीम में शामिल किया है। वे न्यूजीलैंड के लिए अभी तक 10 वनडे मैच खेल चुके हैं। डफी ने इस दौरान 18 विकेट झटके हैं। उनका एक मैच में 41 रन देकर 3 विकेट लेना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा है। डफी 18 टी20 इंटरनेशनल मैच भी खेल चुके हैं। उन्होंने इस फॉर्मेट में 19 विकेट लिए हैं। न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम इस समय पाकिस्तान में है। यहां त्रिकोणीय सीरीज खेली जा रही है। न्यूजीलैंड ने सीरीज के पहले मैच में पाकिस्तान को 78 रनों से हराया था। उसने दूसरे मैच में दक्षिण अफ्रीका को 6 विकेट से रौंदा था। अब वह फाइनल में पाकिस्तान से भिड़ेगी। न्यूजीलैंड और पाकिस्तान के बीच कराची में शुक्रवार को फाइनल मैच खेला जाएगा।

कब और कहां फ्री में देखें महिला प्रीमियर लीग के लाइव मैच, जानें पूरी डिटेल्स

महिला प्रीमियर लीग 2025 का तीसरा सीजन 14 फरवरी को वडोदरा के कोटांबी स्टेडियम में डिफेंडिंग चौंपियन रॉयल चौलेंजर्स बेंगलुरु और गुजरात जायंट्स के बीच होने वाले मैच के साथ शुरू होगा। इस साल, टूर्नामेंट चार स्थानों परआयोजित किया जाएगा, जिसकी शुरुआत वड़ोदरा से होगी, इसके बाद मुकाबले बेंगलुरु, लखनऊ और मुंबई में जारी रहेंगे। लीग चरण 11 मार्च तक खेले जाएंगे। उसके बाद 13 मार्च को एलिमिनेटर मुकाबला होगा। इस टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला 15 मार्च को मुंबई के ब्रेबोर्न स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेने वाली पांच टीमों में से केवल दिल्ली कैपिटल्स ही टूर्नामेंट के किसी भी मैच की मेजबानी नहीं करेगी। इसका मतलब इस टीम के होम ग्राउंड पर एक भी मुकाबला नहीं खेला जाएगा। पिछले सीजन में बेंगलुरु के साथ दिल्ली को मेजबान का मौका दिया गया था। लेकिन समय पर अरुण जेटली स्टेडियम नहीं हो पाया था। इस वजह से इस बार दिल्ली को मेजबानी नहीं दी गई है।

रणवीर इलाहबादिया से विराट कोहली और युवराज सिंह ने किया किनारा, सोशल मीडिया पर किया अनफॉलो

यूट्यूबर रणवीर इलाहाबादिया इस समय काफी विवादों में हैं। कॉमेडियन समय रैन के शो में उनके बयान से हंगामा मचा हुआ है। पुलिस रिपोर्ट से लेकर संसद तक में ये मुद्दा पहुंच गया। रणवीर के इस विवाद में फंसते ही भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली और पूर्व बल्लेबाज युवराज सिंह ने उनसे किनारा कर लिया है। रणवीर विराट कोहली के बड़े फैन हैं। सोशल मीडिया पर स्क्रीनशॉट शेयर करके दावा किया जा रहा है कि विराट कोहली रणवीर इलाहबादिया को इंस्टाग्राम पर फॉलो करते थे। हालांकि, विवाद के बाद कोहली की फॉलोइंग लिस्ट में रणवीर का नाम नहीं है। ऐसा कहा जा रहा है कि विराट कोहली ने विवाद के बाद ही रणवीर को अनफॉलो किया है। वह नहीं चाहते हैं कि किसी भी तरह उनका नाम जोड़ा जाए। विराट कोहली कभी रणवीर के पोडकास्ट में नहीं आए लेकिन उन्होंने अपने शो पर कई बार खुद को विराट कोहली का फैन बताया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक वो ये कह चुके थे कि जिस दिन विराट कोहली उनके पॉडकास्ट में आएंगे, वो उनका आखिरी पॉडकास्ट होगा। यूट्यूबर रणवीर ने माता-पिता और परिवार को लेकर अश्लील टिप्पणी की थी। इसके बाद उन्हें और समय रैन और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर अपूर्व मखीजा शो के आयोजकों के खिलाफ शिकायत दर्ज की गई। हंगामें के बाद कॉमेडियन समय रैन ने चुप्पी तोड़ते हुए बुधवार को बताया कि उन्होंने अपने यूट्यूब चौनल से शो के सभी वीडियो हटा दिए हैं।

ये खिलाड़ी कर सकते हैं जसप्रीत बुमराह की कमी को पूरा, दिखा चुके हैं अपना दमदार प्रदर्शन

19 फरवरी से चौंपियंस ट्रॉफी 2025 का आगाज होने जा रहा है। इस टूर्नामेंट में 8 टीमें हिस्सा ले रही हैं जो खिताब को जीतने के लिए पूरी जोरों शोरों से तैयारी कर रही हैं। वहीं इस टूर्नामेंट का होस्ट पाकिस्तान है लेकिन हाइब्रिड मॉडल के तहत टीम इंडिया अपने सभी मैच दुबई में खेलेगी जबकि अन्य टीमों के मैच पाकिस्तान में ही आयोजित होंगे। लेकिन इससे पहले टीम इंडिया के फैंस को बड़ा झटका लगा है। दरअसल, जसप्रीत बुमराह चोट के कारण पूरी चौंपियंस ट्रॉफी से बाहर हो गए हैं। इसकी जानकारी खुद बीसीसीआई ने दी है। हालांकि, भारतीय क्रिकेट बोर्ड ऑफ कंट्रोल ने जसप्रीत बुमराह के रिप्लेसमेंट के तौर पर हर्षित राणा को चौंपियंस ट्रॉफी स्क्वॉड में शामिल किया है।

खेल मंत्रालय ने क्रिकेटरों को बेसबॉल खिलाड़ी बनाने की बात को बकवास करार दिया

खेल मंत्रालय ने उन अटकलों को खारिज कर दिया है कि एशियाई खेलों या ओलंपिक खेलों में पदक जीतने की संभावना बढ़ाने के लिए देश के प्रतिभाशाली युवा क्रिकेटरों को बेसबॉल खिलाड़ी बनाने पर विचार करेगा। मंत्रालय ने इस तरह की अटकलों को कपोल कल्पित करार देते हुए।

जसप्रीत बुमराह के चौंपियंस ट्रॉफी से बाहर होने पर गौतम गंभीर ने तोड़ी चुप्पी, जानें टीम इंडिया के हेड कोच ने क्या कहा?

टीम इंडिया को उस वक्त 440 वोल्ट का झटका लगा, जब धाकड़

तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह चौंपियंस ट्रॉफी 2025 से बाहर हो गए। वह पीठ के निचले हिस्से में चोट से जूझ रहे हैं। बुमराह ऑस्ट्रेलिया दौरे पर पांचवें और आखिरी टेस्ट के दौरान चोटिल हुए थे। संभावना जताई जा रही थी कि बुमराह 19 फरवरी से शुरू होने वाली चौंपियंस ट्रॉफी तक फिट हो सकते हैं। लेकिन बीसीसीआई ने हाल ही में अपडेटेड भारतीय स्क्वॉड से जसप्रीत बुमराह का नाम हटा दिया। उनके रिप्लेसमेंट के रूप में पेसर हर्षित राणा आए हैं। अब टीम इंडिया के हेड को गौतम गंभीर ने बुमराह के चौंपियंस ट्रॉफी से बाहर होने पर चुप्पी तोड़ी है। गंभीर ने अमहदाबाद में तीसरे वनडे के बाद कहा कि, जाहिर है कि वह बाहर हो गए हैं। लेकिन मैं आपको सारी डिटेल नहीं दे सकता क्योंकि ये मेडिकल टीम पर निर्भर करता है कि वह कितने समय तक बाहर रहेंगे। एनसीए में मेडिकल टीम ही निर्णय लेती है। कोच ने कहा कि, जाहिर है कि हम उन्हें टीम में चाहते थे। हम जानते हैं कि वह क्या कर सकते हैं।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, श्रीमती विजय लक्ष्मी शर्मा द्वारा त्रिपाठी प्रिंटिंग प्रेस 12/29, पुराना किला, कैण्ट रोड, लखनऊ 226 1 (उ.प्र.) से मुद्रित कराकर 1372/12 न्यू गुडौरा बेहसा श्हीदपथ लखनऊ 226 8 (उ.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक-अनूप सिंह
आरएनआई न० UPHIN/2023/87118 मोबाइल नं. 7 9 5289865,983917772 Email- tvnews1979@gmail.com सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ ही मान्य होगा।